
सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
09.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़ कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 324



12 बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का परीक्षण सफल

## न्यूज डायरी

### आज भगवान बिरसा पर पुष्पचक्र अर्पित करेंगे सीएम



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 9 जून को भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के मौके पर दिन के 4:40 बजे बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पण करेंगे। उसके बाद शाम 5:15 बजे कोकर स्थित समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पण करेंगे।

### झारखंड की बेटी दीपिका बनी प्लेयर ऑफ द मैच

**रांची।** जापान में खेले जा रहे महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम चाइनीज ताइपे को 11-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गयी। टीम में सिमडेगा की दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी शामिल हैं। जबरदस्त प्रदर्शन को ले कर दीपिका सोरेंग प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### धनबाद की फिरोजा का मदीना में निधन

**रांची।** धनबाद की हज्जन फिरोजा खातून (62) का गुरुवार तड़के 4 बजे मदीना स्थित अलहयात हॉस्पिटल में निधन हो गया। फतेपुर भद्रिचाक, छोटानागरी, धनबाद की रहनेवाली फिरोजा की तबीयत 4 जून से बिगड़ गयी थी। वह अपने पति मो मंसूर आलम के साथ हजयात्रा पर आयीं थी। यह जानकारी शाहनवाज कुरैशी, खादिमुल हुज्जाज (मदीना, सऊदी अरब) ने दी।

### गोड्डा में भीषण गर्मी पारा 45 डिग्री के पार

**गोड्डा।** गर्म हवाओं के थपेड़े से झारखंड की धरती तप रही है। बीते दिनों हुई बारिश के बाद मौसम बदल गया था और राज्य के सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री से लुढ़ककर 30 से 35 डिग्री तक पहुंच गया था लेकिन पिछले चार-पांच दिनों से एक बार फिर गर्मी उफान पर है। जिले का पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर 12:00 बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है।

### ऑस्ट्रेलिया ने खड़ा किया 469 रन का विशाल स्कोर

**लंदन।** वामहस्त बल्लेबाज ट्रैविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (121) के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की पहली पारी में गुरुवार को भारत के खिलाफ 469 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलते हुए भारत का टाप आर्डर लड़खड़ा गया। 25 ओवर में ही भारत के चार विकेट सौ रन पर गिर चुके हैं। कप्तान रोहित और विराट कोहली कोहली समेत शुरुआती 4 विकेट गिर गये हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## एक हफ्ते लेट ही सही, आखिर आ गया मानसून, झारखंड-बिहार में जल्द होगी बारिश

# केरल में मानूसन के दस्तक से झमाझम बारिश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एक हफ्ते की लेट-लतीफी के बाद आखिरकार गुरुवार को केरल में मानसून ने दस्तक दे ही दी। मानसून के दस्तक के साथ ही वहां झमाझम बारिश शुरू हो गयी। केरल में मानूसन के दस्तक देने का ऐलान भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने गुरुवार को किया है। हालांकि, आइएमडी के मौसम पूवार्नुमान में यह कहा जा रहा था कि अरब सागर में बिपरजॉय नामक चक्रवात का गंभीर चक्रवातीय तूफान में तब्दील होने का असर मानसून पर भी पड़ेगा और मानसून आने के बाद शुरुआत में मामूली बारिश होगी। आइएमडी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आठ जून को केरल पहुंच गया है। इसके साथ ही, अब बिहार-झारखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भी जल्द ही झमाझम बारिश होने के आसार हैं। आइएमडी की मानें तो 10 जून तक मानसून महाराष्ट्र पहुंच जायेगा। इसके बाद 15 जून को यह गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार तक पहुंच जायेगा। 20 जून को मानसून गुजरात के आंतरिक इलाकों, एमपी के मध्य हिस्सों और उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगा। 25 जून तक दक्षिण पश्चिम मॉनसून हिमाचल, उत्तराखंड और कश्मीर पहुंच जायेगा। वहीं 30 जून को यह राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में प्रवेश कर जायेगा।



**बंगाल की खाड़ी की ओर बढ़ रहा मानसून :** आइएमडी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मानसून दक्षिण अरब सागर के शेष हिस्सों और मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों तथा समूचे लक्षद्वीप क्षेत्र, केरल के अधिकतर क्षेत्र, दक्षिण तमिलनाडु के अधिकतर हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष हिस्सों, मन्नार की खाड़ी और दक्षिण पश्चिम, मध्य एवं उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों की ओर बढ़ रहा है। आम तौर पर एक जून को दक्षिण-पश्चिम मॉनसून केरल में पहुंच जाता है । (शेष पेज 11 पर)

### 15 से 18 तक झारखंड पहुंचने के आसार

**रांची।** भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो स्थिति सामान्य होने पर सात से दस दिनों के अंदर मॉनसून केरल से होते झारखंड में प्रवेश करता है। इस बार मानसून के एक सप्ताह देर से आने के कारण इस बार 15 जून से 18 जून के बीच झारखंड में मॉनसून की एंट्री होगी। मौसम विज्ञान केंद्र ने झारखंड में 12 जून से हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना भी व्यक्त की है। 10 जून तक राज्य के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, कुछ इलाकों में दोपहर बाद बादल छाये रहेंगे, लेकिन इससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। वहीं, 12 जून से 14 जून तक राज्य के उत्तरी पूर्वी और मध्य भागों में बारिश की जानकारी दी गयी है।

# अमित अग्रवाल व दिलीप घोष को कोर्ट ने भेजा जेल

## इडी के रिमांड आग्रह पर कोर्ट आज सुनायेगा फैसला

### सैन्य जमीन घोटाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आर्मी लैंड घोटाले में गुरुवार को इडी कोर्ट ने कारोबारी अमित अग्रवाल और जगत बंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दोनों की गुरुवार को कोर्ट में पेशी हुई थी। इडी ने कोर्ट से दोनों की पांच दिन की रिमांड मांगी थी। इस मामले में कोर्ट ईडी के वकीलों की दलील सुनने के बाद रिमांड पॉइंट्स पर शुक्रवार को फैसला सुनाया जायेगा। यह मामला बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से जुड़ा है। सेना जमीन घोटाले मामले में जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक दिलीप घोष को फर्जी कागजात के जरिये 4.55 एकड़ जमीन लेने के मामले में इडी ने बुधवार को गिरफ्तार किया था। दोनों की गिरफ्तारी इस मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर की गयी है।



इस मामले को लेकर ईडी ने दिलीप घोष को ईडी की कोर्ट में पेश किया है। इडी की सामान्य जांच में यह पाया गया है कि 20 करोड़ के सरकारी मूल्य की जमीन को महज 7 करोड़ में खरीदा गया और इसकी रजिस्ट्री में जिक्र किया गया है। वहीं, इस जमीन के बदले फर्जी मालिक प्रदीप बागची को 25 लाख रुपये दिये गये। रजिस्ट्री में अलग-अलग बैंक खातों से बाकी 6.75 करोड़ के लेनदेन का दावा भी इडी ने किया है, जिसकी निकासी गलत तरीके से हुई है। इस मामले की जांच चल रही है और इसी मामले को लेकर के ईडी ने दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था दिलीप घोष को ईडी कोर्ट में पेश किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### इमरान को माफ नहीं करेंगे : जनरल मुनीर

**कराची।** पाकिस्तान में राजनीतिक संकट अब एक नया मोड़ लेता जा रहा है। इमरान को अब सेना प्रमुख असीम मुनीर ने खुली चेतावनी दे दी है। सेना ने एक बयान जारी करके कहा है कि पूर्व पीएम को न तो माफ किया जाएगा और न ही हम 9 मई की हिंसा को भूलेंगे। पाकिस्तानी सेना के शीर्ष कमांडरों के साथ बैठक के बाद सेना प्रमुख ने साफ कर दिया कि किसी को नहीं छोड़ेंगे। बीच इमरान के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज हो गया है। ऐसे में अब ऐसी अटकलें तेज हो गयी कि क्या इमरान का जुल्फिकार अली भुट्टो की तरह से फांसी देने की तैयारी हो रही है या उन्हें नवाज शरीफ की तरह से देश को छोड़कर जाना होगा।

## नरेश भोक्ता हत्याकांड में झारखंड-बिहार में कई ठिकानों पर छापा

# एनआइए को मिले कई सबूत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने झारखंड और बिहार में नक्सलियों के सात ठिकानों पर हुई छापेमारी में मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कई आपत्तिजनक दस्तावेज को बरामद किया है।

गौरतलब हो कि यह छापेमारी भाकपा माओवादी द्वारा साल 2018 में नरेश सिंह भोक्ता की हत्या मामले में की गयी थी। इस मामले में एनआईए ने कांड संख्या आरसी-25/2022 दर्ज की है और मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान एनआईए ने बिहार के गया और औरंगाबाद में और झारखंड के पलामू जिले में आरोपियों और संदिग्ध व्यक्तियों के घरों की तलाशी भी ली।

### अपहरण कर की गयी थी हत्या

2 नवंबर 2018 की रात को शीर्ष नेतृत्व और भाकपा माओवादी के नक्सल कैडरों ने जन अदालत बुलाया था। उसी में नरेश सिंह भोक्ता का अपहरण कर लिया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गयी। भोक्ता का शव बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के बधाई बिगहा गांव के पास से बरामद किया गया था। 24 जून 2022 को एनआईए ने इस मामले को बिहार पुलिस से अपने हाथ में ले लिया था। जांच के दौरान एनआईए ने हत्या की साजिश में शीर्ष माओवादी कमांडरों की संलिप्तता का पता लगाया था। साथ ही हत्या में इस्तेमाल किये गये हथियार और वाहन भी बरामद किये थे। हत्याकांड के मामले में अबतक नौ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# लिव इन पार्टनर के टुकड़े कर कुकर में उबाले, मिक्सी में पीसा

### बर्बर वारदात ने सबको झकझोरा

एजेंसी

**मुंबई।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड से भी भयानक एक वारदात मुंबई में सामने आयी है। यहां मीरा रोड की एक 36 वर्षीय महिला की उसके लिव-इन-पार्टनर मनोज साने (56) ने हत्या कर दी। हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिये। उन टुकड़ों को वह कुकर में उबालकर डिस्पोज कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हैरान की बात यह है कि उसने टुकड़ों को ठिकाने लगाने के लिए अजीब तरीका अपनाया। वह टुकड़ों को कुकर में उबालता उसके बाद उन्हें ठिकाने लगाता। सूत्रों की मानें तो उबालने के बाद वह टुकड़ों को पीसकर टॉइलट में फ्लश करता था ताकि हत्या का किसी को पता नहीं चले। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि वह कुत्तों को ये टुकड़े खिलाता था। घर से बदबू आने की पड़ोसियों की शिकायत के बाद हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस को अभी महिला के सिर्फ पैर मिले हैं। लिव इन पार्टनर की हत्या करके टुकड़े करने का मुंबई में दो सप्ताह में यह दूसरा मामला है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी मनोज साने (56) को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह भागने की कोशिश कर रहा था तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां उसे 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### नियोजन नीति : 10 व 11 को झारखंड बंद


**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने राज्य के वर्तमान 60-40 हकमार नियोजन नीति की वापसी को लेकर महा जन आंदोलन शुरू कर दिया है। इसके तहत 9 जून को संपूर्ण झारखंड में विशाल मशाल जुलूस निकाला जायेगा। वहीं, 10 और 11 जून को झारखंड बंद का अह्वान किया है। यूनियन के प्रमुख देवेन्द्र नाथ महतो ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 60-40 हकमार नियोजन नीति को 10 मई से 11 जून तक 31 दिवसीय महा जन आंदोलन का ऐलान किया गया है। इसका पहले चरण में 42 सत्ता पक्ष के विधायक समेत कुल 72 विधायकों तथा 13 सांसद से लिखित समर्थन लिया गया। दूसरे चरण में सम्पूर्ण झारखंड के हाट बाजार में मांदर नगाड़ा बजाकर सखुआ पत्ता घुमाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।




# आरबीआइ ने दी राहत, रेपो रेट 6.5 पर रहेगी बरकरार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आम लोगों को बड़ी राहत देते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबआइ गवर्नर शशिकांत दास ने तीन दिनों तक चली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद यह घोषणा की। समिति के छह सदस्यों में से पांच के बहुमत से यह फैसला लिया गया कि रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया जाये। वैश्विक आर्थिक हालातों को और महंगाई को ध्यान में रखते हुए रिजर्व बैंक ने यह फैसला लिया है। इसी के साथ रेपो रेट 6.5 फीसदी पर बना हुआ है। अभी इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। एमपीसी की यह बैठक वित्त वर्ष 2024 के लिए यह आरबीआइ की दूसरी बैठक है। इससे पहले अप्रैल महीने में एमपीसी की बैठक में भी आरबीआइ ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया था। रेपो रेट वह दर है जिस पर आरबीआई कामर्शियल बैंको को लोन देती है, फिर उसी हिसाब से कामर्शियल बैंक आम लोगों के लोन और डिपॉजिट पर इंटरेस्ट रेट तय करती हैं। (शेष पेज 11 पर)



### भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत

आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ने 2022-23 में 7.2% की वृद्धि दर्ज की, जो पहले के 7% के अनुमान से अधिक मजबूत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र मजबूत है। शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत रेपो दर को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा गया है। यानी इसमें किसी तरह को कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह लगातार दूसरी बार है, जब रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दास ने कहा कि वैश्विक स्तर पर महंगाई उच्च बनी हुई है और भारत में महंगाई काबू में बनी हुई है।

### केंद्र सरकार से मणिपुर सीएम को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन की मांग

# मणिपुर में केंद्र के संरक्षण में कुकी जनजातियों को बनाया जा रहा निशाना : सुप्रियो भट्टाचार्य

**गृहमंत्री के मणिपुर दौरे के बाद 85 गांव को फूंका गया**

**आदिवासी को राष्ट्रपति बना देने से आदिवासी प्रेम और आदिवासी हितैषी नहीं बन सकती है भाजपा**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि गृह मंत्रालय और मैती समुदाय के सीएम के संरक्षण में मणिपुर मे कुकी जनजातियों को निशाना बना रही है। गृह मंत्री 29 मई को मणिपुर गए और 31 को वहां से लौटे। उनके लौटते ही कुकी जनजातियों के 85 गांव फूंक दिए गए। इसके लिए कौन जिम्मेवार है। यह बातें जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भटटाचार्य ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि वहां के सीएम और असम रायफल्स के कमांडर मैती समुदाय से आते हैं। उनके इशारे पर ही वहां पर जनजातियों पर अत्याचार किया जा रहा है। केवल आदिवासी को राष्ट्रपति बना देने से भाजपा आदिवासी हितैशी एवं आदिवासी प्रेमी नहीं हो सकती है। सच कुछ और ही है। भाजपा और आरएसएस मानसिकता वाले ये लोग अब भी आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यकों को देखना नहीं चाहते हैं, भेदभाव करते हैं।

### भाजपा शासित राज्यों में सरेआम हो रही है हत्या

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में हत्या एक बड़ा काम बन चुका है। यूपी एवं प्रयाग राज में पुलिस संरक्षण में जा रहे एक कैदी की सरेआम हत्या कर दी गयी। हमारे पूर्ववर्ती सरकार में भी हजारीबाग और जमशेदपुर में ऐसी घटनाएं घट चुकी हैं। मध्य प्रदेश एवं दिल्ली में हत्या जैसी घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। अब मणिपुर में इस तरह की हिंसा हो रही है। ये लोग कैसे कह सकते हैं कि भाजपा शासित राज्यों में राम राज आ गया है।

### हृदय विदारक घटना के लिए जिम्मेदार कौन

उन्होंने कहा कि गत दिवस मणिपुर में एसपी के नेतृत्व में एक घायल को लेकर एंबुलेंस जा रही थी। जहां पर भीड़ ने एंबुलेंस को घेरा लिया और आग के हवाले कर दिया। जिसमें घायल की मां जिंदा जल गयी। यह घटना यह दशार्ता है कि वहां पर गुस्सा किस कदर बढ़ चुका है। तनाव किस कदर बढ़ चुका है। यह हृदय विदारक घटना के लिए जिम्मेवार कौन है। यह वहां के सीएम और गृह मंत्रालय को बताना चाहिए।

# ज्वलंत मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को दिशा निर्देश दे कोऑर्डिनेशन कमेटी : दीपक प्रकाश

**नियोजन नीति, भ्रष्टाचार, जमीन लूट, निकाय चुनाव, ट्रिपल टेस्ट, लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, महिला आयोग के गठन पर हो चर्चा**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य समन्वय समिति मात्र औपचारिकता बन कर न रह जाये। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य समन्वय समिति की बैठक में नियोजन नीति, भ्रष्टाचार, जमीन लूट, निकाय चुनाव, ट्रिपल टेस्ट, लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, महिला आयोग के गठन पर भी चर्चा हो। उन्होंने 10 जून को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की अध्यक्षता में होने जा रही राज्य को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक के लिए जनहित में महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। उन्होंने कहा कि यह को-ऑर्डिनेशन कमेटी राज्य सरकार की ओर से गठित अति महत्वपूर्ण है। इसमे गठबंधन दलों के नेता शामिल हैं। उन्हें सरकार में महत्वपूर्ण दर्जा प्राप्त है, सुख सुविधाएं आवंटित हैं। उन्होंने उम्मीद जतायी कि कमेटी राज्य के खजाने पर बोझ नहीं बनेगी। बल्कि अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए ज्वलंत मुद्दों पर राज्य सरकार को स्पष्ट राय देगी। उन्होंने कहा कि राज्य में नियोजन नीति, आकंठ भ्रष्टाचार, खान खनिज की लूट, जमीन की घोटाला, शराब घोटाला, लंबित निकाय चुनाव, ट्रिपल टेस्ट, बांग्लादेशी घुसपैठ, धर्मांतरण, लव जिहाद, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, बहन बेटियों के साथ बढ़ते दुष्कर्म की घटनायें, बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव जैसे ज्वलंत मुद्दे हैं। इसपर राज्य को-ऑर्डिनेशन कमेटी को गंभीरता से चर्चा कर राज्य सरकार को स्पष्ट सलाह देनी चाहिये। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों से नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं देने से लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, महिला आयोग जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं का पद रिक्त हैं। इससे जनकार्य प्रभावित हो रहा है। राज्य सरकार की अकर्मण्यता के कारण वित्त आयोग के पद खाली पड़े हैं। इसके कारण राज्य को 2736 करोड़ रुपये का केंद्रीय अनुदान अधर में लटका है। उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा है कि को-ऑर्डिनेशन कमेटी ऐसे सभी ज्वलंत मुद्दों को अपने एजेंडे में शामिल करते हुये चर्चा करेगी।

### आदेश का उल्लंघन करने पर विभाग करेगा कड़ी कार्रवाई

# राज्य के अस्पतालों में सेवाओं और चार्ज का लगाना होगा डिसप्ले चार्ट

**निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम की अब मनमानी नहीं**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में अब प्राइवेट हॉस्पिटल-क्लिनिक और नर्सिंग होम वालों की मनमानी नहीं चलेगी। सरकार ने उनपर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। अब प्राइवेट हॉस्पिटल-क्लिनिक और नर्सिंग होम वाले किसी भी मरीज से अलग-अलग सर्विस के लिए मनमाना चार्ज नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर पिछले हफ्ते ही आदेश जारी कर दिया है। राज्य के सभी हॉस्पिटल-क्लिनिक और नर्सिंग होम को अब, अपने यहां डिसप्ले लगाना होगा। डिसप्ले में हॉस्पिटल में दी जाने वाली सेवाओं और उसका चार्ज भी लिखना होगा। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा। गड़बड़ी पाए जाने पर हॉस्पिटल का लाइसेंस भी कैंसिल किया जा सकता है। वहीं, एक्ट के तहत उनपर कार्रवाई भी की जाएगी।

**क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट में भी है प्रावधान** : राज्य में किसी भी प्राइवेट या सरकारी हॉस्पिटल के संचालन के लिए क्लिनिकल इस्टैबलिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन का प्रावधान है। इसमें हर एक साल के बाद लाइसेंस को रिन्युअल कराना है। वहीं हॉस्पिटल में दी जाने वाली सुविधाओं और उसका रेट भी लगाने का निर्देश है। रेट चार्ट ऐसी जगह पर लगायें, जहां से रजिस्ट्रेशन नंबर और रेट की जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई दे। बावजूद प्राइवेट हॉस्पिटल इस आदेश को मानने को तैयार नहीं हैं। कई हॉस्पिटलों में रेट चार्ट भी नहीं लगाया गया है।

# झारखंड के सात हजार स्कूलों की ऑडिट करायेगी सरकार

**स्कूली शिक्षा सचिव ने भेजा राज्य के सभी डीएसइ को लेटर**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग राज्य के 7 हजार स्कूलों का सामाजिक अंकेक्षण कराएगी। इसको लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र जारी किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि सामाजिक अंकेक्षण के पूर्व जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

शिक्षा सचिव ने पत्र में कहा है कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 7 हजार विद्यालयों में पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना और समग्र शिक्षा अभियान का सामाजिक अंकेक्षण संयुक्त रूप से कराया जाना प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण विगत माह में संपन्न हो चुका है। इस आलोक में सोशल ऑडिट यूनिट के जिलास्तरीय नोडल व्यक्ति से संपर्क कर उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करेंगे। सोशल ऑडिट यूनिट प्रभाग के संबंधित पदाधिकारी को प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निर्देशित करेंगे। आदेश में जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी का नाम एवं दूरभाष संख्या भी उपलब्ध कराया गया है। साथ ही, संबंधित जिला के विद्यालयों की सूची भी दी गई है।

# अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी से अब कई सफेदपोश चेहरे होंगे बेनकाब : बाबूलाल

**मरांडी ने ट्वीट कर कहा कि बिचौलिया अमित अग्रवाल इडी की कार्रवाई में दूसरी बार गिरफ्तार हुआ**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने दावा किया है कि अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी से कई और सफेदपोश चेहरे और बेइमान अधिकारी बेनकाब होंगे। बाबूलाल ने ट्वीट कर कहा कि बिचौलिया अमित अग्रवाल ईडी की कार्रवाई में दूसरी बार गिरफ्तार हुआ है। कई नौकरशाह उसे झारखंड की सत्ता का गॉड फादर मानकर उसके आदेश पर गलत काम करते थे। अगर ईडी गहराई से जांच करे तो न जाने कितने नौकरशाहों के नाम सामने आयेंगे। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी ने अन ऑफिशियल बातचीत में उन्हें बताया है कि अमित को लूटने और सत्ता को चलाने के साथ ही केस-मुकदमा करवाने का ऐसा नशा चढ़ा हुआ था कि वह विरोध में उठने वाली आवाज को दबाने के लिये छोटे-बड़े में कोई फर्क नहीं करता था। अमित अग्रवाल रांची आने पर कहां रहता था, किन लोगों से मिलता था। अमित और प्रेम प्रकाश की अंगुलियों के इशारे पर नाचने एवं गलत करने वाले छवि रंजन अकेले नहीं थे। आगे जांच बढ़ेगी तो कई और बड़े चेहरे उजागर होंगे। अमित के स्वागत-सत्कार में पुलिस के दारोगा स्तर के अफसरों की अघोषित ड्यूटी एवं पुलिस की फौज किसके कहने पर कौन लगाता था, यह सब सामने आयेगा।

### आजसू ने मुख्यमंत्री सचिवालय को सौंपा मांग पत्र

# पहले की तरह कॉलेजों में चलती रहे 12वीं की पढ़ाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू छात्र संघ का कहना है कि झारखंड में जब तक पूरी तरह से 12वीं की पढ़ाई के लिए पूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं हो जाता, तब तक 12वीं की पढ़ाई पूर्व की भांति चलती रहनी चाहिए। आजसू छात्र संघ का डेलिगेशन रांची विश्वविद्यालय इकाई के उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सचिवालय में मांग पत्र सौंपा है। इसमें पूर्व की भांति कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई कराने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में दीपक दुबे, रोहित चौधरी, विशाल कुमार यादव, मनजीत कुमार और अमित तिर्की शामिल थे।

**कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई हटाना गलत फैसला** : इस दौरान अभिषेक ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए व्यवस्था किए बिना राज्य के विभिन्न कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई हटा दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का यह निर्णय गलत है। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या हजारों में है। विश्वविद्यालय के इस निर्णय का असर झारखंड के 12वीं के बच्चों पर पड़ेगा। गरीब विद्यार्थियों को निजी संस्थान में नामांकन लेना पढ़ेगा, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

# झारखंड में प्रचंड गर्मी, स्कूलों में बिलबिला रहे बच्चे, छुट्टी की अवधि बढ़ाने की हो रही मांग

**सीएम को पत्र भेजकर पासवा ने की मांग, 11 जून को बुलायी बैठक**

**पूर्व की तरह सरकारी स्कूलों में होती रहेगी पढ़ाई : शिक्षा सचिव**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में प्रचंड गर्मी को देखते हुए जहां निजी स्कूलों में छुट्टियां चल रही है वहीं, दूसरी ओर सरकारी स्कूलों को खोल दिया गया है। बच्चों की पढ़ाई शुरू कर दी गयी है। प्रचंड गर्मी में बच्चे बिलबिला रहे हैं। पासवा के अधिकारियों के साथ-साथ शिक्षक संगठन और सामाजिक संगठन स्कूलों में गर्मी छुट्टी की अवदि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं परंतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रवि कुमार का कहना है कि स्कूलों में पढ़ाई शुरू कर दी गयी है। आगे भी जारी रहेगी।

**पासवा अध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र** : प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र भेज कर झारखंड में बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों में गर्मी छुप्ती की अवधि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि राज्य में 10 जून को सरकारी और निजी विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी समाप्त हो रही है लेकिन राज्य भर में अभी प्रचंड गर्मी चल रही है। मौसम विभाग ने भी मॉनसून आने तक राज्य में गर्मी से राहत नहीं मिलने का अनुमान जताया है। तापमान में वृद्धि और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। राज्य के कई जिलों में अभी तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। ऐसे में स्कूल खोलने के पहले सरकार को हर स्थिति का मूल्यांकन और समीक्षा करनी चाहिए।

मॉनसून आने के बाद ही खुले विद्यालय : उन्होंने कहा कि स्कूल जानेवाले छोटे- छोटे बच्चों की सुरक्षा जरूरी है। दस दिनों के बाद भी अगर स्कूल खुलेंगे, तो बहुत कुछ नहीं हो जाएगा। इसलिए जब तक मॉनसून नहीं आता है और मौसम विभाग गर्मी को लेकर गाइडलाइन जारी नहीं करता है, तब तक स्कूलों को बंद ही रखा जाना चाहिए।

पासवा अध्यक्ष ने निजी विद्यालयों के लिए गाइडलाइन जारी करते हुए कहा है कि गर्मी छुट्टी के बाद 12 जून से स्कूल खोलने से पहले गर्मी की स्थिति का मूल्यांकन करने के बाद ही निर्णय लें। इसे लेकर 11 जून को पासवा की बैठक बुलायी गयी है।

# सोना के समान हैं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और नेता : सीपी सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा है कि सोना के समान है भाजपा के कार्यकर्ता-नेता। श्री सिंह गुरुवार को टिफिन बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का अनुभव और वर्तमान कार्यकर्ताओं का जोश एक मजबूत संगठन बनाता है। महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी जी ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में सिर्फ विकास ही विकास किया। भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया के सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनायी। कार्यक्रम का संचालन वरूण साहु एवं धन्यवाद ज्ञापन राजू सिंह ने किया।

इस अवसर पर अजय मारू, प्रेम मित्तल, निर्भय सिंह, राकेश भास्कर, सत्यनारायण सिंह, मनोज मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, बसन्त दास, रामप्रकाश जालान, प्रेम सिंह, दिनेश पटेल, सोनू सिंह, रागिनी सिन्हा, अनिता वर्मा, सूर्यप्रभात, सुजीत शर्मा, निलेश सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

# झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एवं झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय कार्य समिति की संयुक्त बैठक केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को मोरहाबादी राजकीय अतिथिशाला में हुई। बैठक में यूनियन के संगठनात्मक बिंदुओं, मजदूर एवं विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं के साथ यूनियन के सदस्यता अभियान तथा संगठन की मजबूती पर विचार किया गया। बैठक में झारखंड की विभिन्न कंपनियों जैसे सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, डीवीसी, बोकारो स्टील, टाटा स्टील, इलेक्ट्रोस्टील, एसईसी, टाटा मोटर्स तथा निजी प्रतिष्ठानों के साथ-साथ बंगाल राज्य के ईसीएल क्षेत्रों में संगठन विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मजदूर एवं विस्थापितों के ज्वलंत समस्याओं तथा हेमंत सरकार द्वारा निजी कंपनियों में विस्थापितों एवं स्थानीय को 75 प्रतिशत नियोजन की घोषणा के क्रियान्वयन को लेकर सभी कंपनी में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में नेताओं ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार द्वारा 44 श्रम कानून में से 29 श्रम कानूनों को कंपनियों के मालिकों एवं पूंजीपतियों के हित में चार कोड में बदले जाने जैसे कानून को राज्य की रघुवर सरकार ने झारखंड में वर्ष 2015, 2018 एवं 2019 में विधेयक को पास किया था। उसको हेमंत सरकार द्वारा संशोधन करते हुए लागू नहीं होने का प्रस्ताव लिया जो स्वागत योग्य है। केंद्र सरकार के प्रतिष्ठानों में कार्यरत आउट-सोर्स कंपनी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 25000 एवं समान काम-समान वेतन लागू करवाने का प्रस्ताव लिया गया, जो स्वागतयोग्य कदम था।

नेताओं ने कहा कि भाजपा की रघुवर सरकार द्वारा विस्थापितों के जमीन आसानी से छीनने के लिए लैंड बैंक बनाया गया था। इसके नाम पर भू-मफियाओं एवं नौकरशाहों के साथ गठजोड़ कर झारखंड में निवेश करनेवाली कंपनियां जमीन को लूटने का काम कर रही है। वहीं दूसरी तरफ विस्थापित अपने जमीन मकान के एवज में नौकरी मुआवजा के लिए भटक रहे है। बैठक में नेताओं ने झारखंड में स्थित विभिन्न कंपनियों द्वारा ली गई विस्थापितों के जमीन के बदले मुआवजा एवं नौकरी नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त करते हुए वर्तमान हेमंत सरकार से लैंड बैंक जैसे नियम को अविलंब रद्द करने की अपील की गयी।

केंद्रीय समिति बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष केंद्रीय मथुरा प्रसाद महतो, विजय हांदसा, महासचिव फागु बेसरा, संगठन सचिव विनोद पांडे, शैलेंद्र कुमार मैथी, जय नारायण महतो, विजय रजवार, निशा हेमरोम, सपन बनर्जी, बोधन मांझी, लखी सोरेन, नकुल महतो, हराधन रजवार, अपूर्व सरकार, यूधेश्वर सिंह, रंथू उराव, सोनाराम मांझी, उमाशंकर चौहान, अर्चना गुप्ता, मुरारी ओझा, आरएन सिंह आदि मौजूद थे।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज आयेंगे रांची



**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शुक्रवार को रांची आयेंगे। श्री मुंडा दिल्ली से दोपहर 12 बजे रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। फिर बिरसा चौक में बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद 12.45 बजे कोकर समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

# भाजपा के प्रदेश प्रभारी आज बोकारो-हजारीबाग में

**टिफिन बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं संग करेंगे चुनावी विमर्श**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी 9 और 10 जून को बोकारो-हजारीबाग जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री वाजपेयी शुक्रवार को टिफिन बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा भी करेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना लातेहार और चतरा जिला का टिफिन बैठक नव मतदाता संवाद और जनसभा को संबोधित करेंगे।

मालूम हो कि प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी लगातार तीन दिनों से झारखंड में पार्टी के जनसंपर्क अभियान में भाग ले रहे हैं। डॉ वाजपेयी 9 जून को बोकारो जायेंगे। स्वागत कार्यक्रम के बाद वे 11 बजे पूर्वाह्न चंदनक्यारी विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में भाग लेंगे। 3 बजे बोकारो में उनकी प्रेसवार्ता होगी। जबकि 4 बजे अपराह्न बोकारो के अम्बे गार्डन होटल में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक में भाग लेंगे।

वहीं 10 जून को डॉ वाजपेई हजारीबाग में 1.30 बजे अपराह्न विधायक मनीष जायसवाल के आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 3 बजे अपराह्न हजारीबाग में लोकसभा क्षेत्र स्तरीय जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी प्रकार राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना 9 जून को लातेहार एवं 10 जून को चतरा जिला के प्रवास पर रहेंगे। 10 जून को श्री रैना 11 बजे पूर्वाह्न चतरा में लोकसभा स्तरीय जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मिशन-2024 को लेकर टिफिन बैठक में वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय बना रहा भाजपा नेतृत्व

# नौ साल की उपलब्धियां गिनाने घर-घर पहुंच रही भाजपा

**उदय चौहान**

**रांची।** मिशन 2024 के लिए भाजपा कार्यकर्ता तेजी से पसीना बहाने में जुटे हैं। पूरे जून महीने महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी व राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। नमो सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने के लिए संगठन के सबसे नीचले पायदान को सक्रिय किया जा रहा है। कमोबेश हर दिन पार्टी के नेता-कार्यकर्ता जमीन में नजर आने लगे हैं। जहां भी वे आपस में बैठ रहे हैं, टिफिन लेकर आने का प्रयास जरूर करते हैं। यहां तक कि होटलों में भी अगर बैठना हो तो अपनी टिफिन व्यवस्था लेकर ही सब जुट रहे हैं। इसी क्रम में श्री वाजपेयी गुरुवार को हजारीबाग और रामगढ़ दौरे पर थे। शुक्रवार को वह बोकारो में रहेंगे। इस क्रम में यहां भी पार्टी कार्यकर्ता होटलों में भी टिफिन लेकर ही साथ जुटेंगे। पार्टी इसे अपने सामाजिक समरसता, सौहार्द्र बढ़ाने का एक तरीका बता रहे हैं।

भाजपा ने फिलहाल राज्य की 14 लोकसभा सीटों के लिए पहले चरण में विशेष प्लान बनाया है। अलग अलग क्लस्टर में लोकसभा सीटों को तय करते उसके लिए प्रमुख नेताओं को मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक ले जाने का जिम्मा मिला है। इस क्रम में सिंहभूम (एसटी) और राजमहल (एसटी) सीटों के लिए केंद्रीय रेल राज्य मंत्री दानवे रायसाहब दादाराव को जिम्मा दिया है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव को भी इस सीट के लिए लगाया गया है। इसी तरह गिरिडीह, दुमका, कोडरमा और गोड्डा के लिए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे तथा मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल को टास्क मिला है।

चतरा, हजारीबाग, लोहरदगा और धनबाद के लिए सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ नरेंद्र सिंह रैना को मोर्चे पर लगाया गया है। जमशेदपुर, खूंटी, रांची और पलामू (एससी) के लिए अल्पसंख्यक मंत्री जॉन बारला तथा सांसद संगीता यादव को जवाबदेही मिली है। इसके अलावा इन क्लस्टरों के लिए प्रदेश भाजपा की ओर से भी पांच नेताओं मिस्त्री सोरेन, राकेश प्रसाद, मनोज सिंह, जवाहर पासवान और गणेश मिश्रा को इंचार्ज बनाया गया है।

दरअसल, मिशन 2024 को लेकर भाजपा कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती है। इसी क्रम में नौ साल की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है और राज्य की महागठबंधन सरकार की नाकामी को उजागर किया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

### आनंद मार्ग ने 10 यूनिट रक्तदान कराया

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग ने बालासोर ट्रेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के अमर आत्मा की शांति के लिए ब्लड बैंक की जरूरत को देखते हुए ए+एवं एबी+ ग्रुप का 2 घंटे का ब्लड डोनेशन कैंप मे 10 यूनिट रक्तदान एवं निशुल्क पेड़ पौधा वितरण किया।

### झालसा की काउंसिलिंग से प्रेम विवाह टूटने से बचा

**जमशेदपुर।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर द्वारा आयोजित मन का मिलन पखवाड़ा के तहत मिडियेटर कृष्णा जी प्रसाद ने डालसा कार्यालय में गुरूवार को दो बिछड़े हुए परिवार को मिडियेशन द्वारा मिलवाने का काम किया। ये दोनो नव दंपति पिछले दो साल पूर्व प्रेम विवाह किए थे और बाद में दोनों के परिवार के सहमति से भी हिन्दू रीति रिवाज से शादी की मान्यता दी गई थी। लेकिन शादी के चार माह बाद से ही दोनों के बीच आपस में उत्पन्न कुछ विवाद के चलते दोनों एक साथ न रहकर अलग अलग रह रहे थे।

### स्कूलों की छुट्टियां एक सप्ताह बढ़ा दे जिला प्रशासन : चैंबर

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जमशेदपुर में पड़ रही भीषण गर्मी की ओर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम का ध्यानाकृष्ट कराते हुये आग्रह किया है कि बच्चों के स्कूलों की छुट्टियों को एक सप्ताह और आगे तक बढ़ा दिया जाय। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने दी।

### एसएसपी ने ग्रामीण पुलिस अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

**जमशेदपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन कार्यालय सभागार में किया गया। बैठक में ग्रामीण एसपी मुकेश लुनावत भी मौजूद थे। समीक्षा के क्रम में उपस्थित पदाधिकारियों को लंबित वारंट/कुर्की एवं लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### अवरोध दूर करने को डीसी ने बनायी कमेटी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अंचल अंतर्गत गोविन्दपुर थाना के मौजा - खैरबनी में ठोस अपशिष्ट ट्रीटमेन्ट प्लांट के निर्माण हेतु जिला प्रशासन द्वारा भूमि चिन्हित की गई है। निर्माण का कार्य प्रारंभ करने के दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इस योजना का विरोध किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने हेतु उपायुक्त विजया जाधव द्वारा टीम गठित किया गया है।

### सरकारी भूमि के अतिक्रमण एवं विक्रय की जांच होगी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अंचल के गदड़ा और हुरलुंग पंचायत अंतर्गत सरकारी भूमि का अतिक्रमण एवं अवैधानिक तरीके से विक्रय का मामला प्रकाश में आ रहा है। इस गतिविधि के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसी गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित करने एवं रोक लगाने हेतु उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम द्वारा जांच हेतु निम्न रूपेण समिति का गठन किया गया है।

### आनंद मार्ग धर्म महासम्मेलन में सम्मानित किये गये सुनील आनंद

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग के विश्वस्तरीय धर्म महासम्मेलन आनंद मार्ग के हेड क्वार्टर ,पुरुलिया जिले के आनंद नगर में आयोजित किया गया। इस धर्म महा सम्मेलन में विभिन्न तरह के आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस विश्व मंच पर श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत के हाथों के सुनील आनंद को मिला जनसेवा पुरस्कार। यह पुरस्कार पिछले 6 महीने के अर्धवार्षिक रिपोर्ट के आधार पर संस्था के विश्व स्तर पर जनसेवा के कार्यकलाप पर चयन कर दिया जाता है। पिछले 6 महीने के रक्तदान शिविर, मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं नव्य मानवतावादी सिद्धांत पर आधारित पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

# ओलंपियाड में टाटा के तीन छात्रों को मिला इंटरनेशनल रैंक

## उपलब्धि हासिल करने वालों में एलएफएस के दो और लोयोला का एक छात्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलिंपियाड 2022 -23 में जमशेदपुर के तीन छात्रों ने साइंस ओलंपियाड परीक्षा में इंटरनेशनल रैंक हासिल किए। लिटिल फ्लावर स्कूल के दो छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल किये जिसमे कक्षा दो के छात्र शिवांश तिवारी को इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड और कक्षा चार के छात्र सौमित्र घोष को इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में रैंक 2 हासिल करने पर सिल्वर मैडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा लोयोला स्कूल (जेआर ब्लॉक) कक्षा तीन के छात्र सत्यकी चटर्जी ने इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड में रैंक 3 हासिल की जिसमे ब्रोंज मैडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। एसओएफ ओलिंपियाड परीक्षा 2022 -23 में 70 देशो के सत्तर हजार स्कूलों से करीब 60 लाख छात्र शामिल हुए जिसमे जमशेदपुर से 55000से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसमें जेएच तारापुर स्कूल, डी.बी.एम.एस. अंग्रेजी विद्यालय, विवेक विद्यालय लोयोला स्कूल (जूनियर ब्लॉक) आदि शामिल थे।

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने राजधानी दिल्ली में में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले इंटरनेशनल ओलंपियाड के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (ऑडिटोरियम) में आयोजित किया। इस मौके पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया जस्टिस दीपक मिश्रा मौजूद थे। इस अवाड्र्स कार्यक्रम



विजयी जमशेदपुर के छात्र-छात्राएं।

में 198 इंटरनेशनल रैंक होल्डर छात्रों को अवाड्र्स से नवाजा गया,। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल रैंक एक पाने वाले 66 छात्रों को 50-50 हजार रुपये की राशि गोल्ड मेडल , दूसरा स्थान हासिल करने वाले 66 छात्रों को सिल्वर मेडल और 25 - 25 हजार की राशि औरतीसरा स्थान हासिल करने वाले 66 छात्रों को ब्रोंज मेडल और 10-10 हजार की राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसओएफ के संस्थापक एवं एज्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री महाबीर सिंह ने कहा कि 70 अलग-अलग देशों के 1400 शहरों के 70000 से अधिक स्कूलों ने 22-23 से सात ओलंपियाड परीक्षाओं में लाखो छात्रों ने भाग लिया । उन्होंने बताया की इस वर्ष करीब 6300 स्कूलों के 81,000 से अधिक विद्यार्थियों को शीर्ष राज्य स्तरीय रैंकिंग हासिल किये, इसके अतिरिक्त, लगभग एक लाख विद्यार्थियों को उनके व्यक्तिगत स्कूलों में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने के लिए उत्कृष्टता के स्वर्ण पदक दिए गए हैं।

3000 प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्ति माननीय न्यायमूर्ति रेखा पल्ली दिल्ली के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, कर्नल कमांडेंट प्रो. डॉ. राजेंद्रकुमार अनायथ, कुलपति, दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल सोनीपत और द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता, और आर. रवि, सीईओ और संस्थापक एपियंस सॉफ्टवेयर प्रा. लिमिटेड, बेंगलुरु मौजूद थे।

एक नजर में

## चंद्रप्रभा वाहन पर विराजमान होकर सोनारी राम मंदिर पहुंचे भगवान बालाजी



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** आंध्र भक्त श्री राम मंदिर जमशेदपुर में चल रहे 54 में ब्रह्मोत्सवम के दसवें दिन आज सुबह पंडित कोंडामचारुलु पंडित शेषाद्रि पंडित केशवाचारुलुके द्वारा नित्यकटला पूजा किया गया। इसके ऊपरांत भगवान बालाजी को पालकी में मंदिर परिसर में घुमाया गया । इसके बाद दूध दही मधु घी फलों के रस केसर युक्त जल से भगवान बालाजी का अभिषेकम किया गया। इसके बाद शाम 7 बजे चन्द्र प्रभा के वाहन पर विराजमान होकर भगवान बालाजी भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकल बिस्टुपुर होते हुए श्री सोनारी राम मंदिर पहुंचे जहां जोरदार आतिशबाजी एवं गोविंदा गोविंदा के नारों के साथ भक्तों ने भव्य स्वागत किया और भगवान बालाजी को पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की गई।

भक्त सोनारी में भगवान बालाजी का दर्शन प्राप्त कर अभिभूत हुए सोनारी से वापस कदमा होते हुए चंद्र प्रभा वाहन को राम मंदिर लाया गया जहाँ अभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया एवं सैकड़ों भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया।

## एमजीएम अस्पताल की रिपोर्ट देख विचलित हुईं डीसी




वर्षों से खराब है सिटी स्कैन मशीन और एक्स-रे मशीन

कई माह से 40 स्पिलट एसी खराब, चाबी गुम होने से खड़ा है एम्बुलेंस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले की उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव द्वारा एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर से प्राप्त हो रहे जन शिकायतों के मद्देनजर आम जनता की कठिनाईयों के निराकरण के निमित्त सुदृढ़ चिकित्सीय सेवा बहाल करने तथा अस्पताल की कमियों / खामियों को दूर करने के उद्देश्य से उसके निगरानी एवं पर्यवेक्षण हेतु पालीवार जिला स्तरीय जाँच टीम का गठन किया गया है। जांच टीम में 7 अधिकारियों एवं 28 कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो प्रतिदिन दोपहर 01 से 03 बजे तथा रात में 09 से 11 बजे निरीक्षण कर उपायुक्त को रिपोर्ट करती है। जांच टीम द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के अनुसार अस्पताल में निम्नलिखित खामिया पायी गयीं। सीटी स्कैन मशीन वर्षों से खराब है। एक्स-रे मशीन का कैमरा और प्रिंटर कई माह से खराब है। अस्पताल में लगभग 40 स्पिलट एसी कई महीनों से खराब है। 31.05.2023 को अपराह्न 01:00 से 3:00 बजे निरीक्षण के दौरान 05 (पाँच) बाह्य श्रोत कर्मी अनुपस्थित पाये गये। बाह्य श्रोत कर्मियों को नव चयनित एजेन्सी द्वारा आइडी कार्ड निर्गत नहीं किया गया है।

## बच्चों में सीखने-समझने की असीमित क्षमता, उन्हें रुचिकर तरीके से पढ़ायें : जाधव

### निपुण भारत मिशन अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार में बोलीं डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोयोला स्कूल, बिष्टुपुर के सभागार में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एफएलएन अंतर्गत एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निर्मला बरेलिया, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती नेहा संजना खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री निशु कुमारी, रांची से आईं कंसल्टेंट कामिनी कुमारी तथा कार्यशाला में भाग ले रहे करीब 300 प्रतिभागी उपस्थित हुए जिनमें बीआरपी, सीआरपी, बीपीओ, एफएलएन मास्टर ट्रेनर, चिन्हित 20 स्कूल के शिक्षक तथा प्राचार्य तथा जिला स्तरीय एफएलएन कमिटी के सदस्य शामिल थे। कार्यशाला में एफएलएन का जिले में बेहतर तरीके से क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एजुकेशन वर्किंग ग्रुप के


दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का उद्घाटन करतीं डीसी विजया जाधव। साथ में निर्मला बरेलिया व सुश्री निशु कुमारी।

माध्यम से मूलभूत साक्षरता को बढ़ावा देना तथा डिजिटल और ऑनलाइन मीडिया के माध्यम से होने वाले औपचारिक शैक्षणिक कार्यक्रम (ब्लेंडेड लर्निंग) द्वारा प्रारंभिक शिक्षा के दौरान बच्चों के मनोभाव को समझना एवं उसको विकसित करने हेतु सार्थक प्रयास किया जाना रहा। एफएलएन के तहत 3 वर्ष से लेकर 9 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों को उनके मातृभाषा में सीखने, समझने और लिखने की क्षमता को विकसित करना है। इलके लिए झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा मुंडारी, कुड़ुख, संताली, खड़िया एवं हो भाषा में शिक्षक संदर्शिका तैयार कराई गई है।

**शिक्षा से बेहतर कोई गिफ्ट समाज को नहीं दे सकते :** उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि इस मिशन के तहत 3-9 वर्ष के बच्चो के बीच ऐसा वातावरण तैयार करना है जिससे उन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान में पर्याप्त रूप से सशक्त किया जा सके। उन्होने कहा कि बदलते दौर में शिक्षकों को भी पढ़ाने की विधा को बदलना होगा, बच्चा क्या सुन रहा, कितना समझ रहा फिर उसे कैसे लिख रहा है इसपर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## टाटा-थावे ट्रेन का एकमा स्टॉपेज बहाल करे रेलवे, मेमू ट्रेन को टाटा से 8:10 बजे छोड़ें


सांसद को मांग पत्र सौंपते ज्ञानसागर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** कान्वाई नेता ज्ञान सागर प्रसाद और उनके मित्रों ने टाटा थावे ट्रेन का ठहराव एक मां स्टेशन पर फिर से शुरू करने की मांग की है। सांसद विद्युत वरण महतो कोई संदर्भ में मांगपत्र सौंपते हुए ज्ञान सागर प्रसाद ने कहा कि टाटा थावे ट्रेन का ठहराव कोरोना वायरस से पूर्व एकमा स्टेशन पर होता था जो महामारी के बाद से बंद है। इस ट्रेन को फिर से एकमा स्टेशन पर ठहराव दिया जाना चाहिए ताकि यात्रियों को सुविधा हो सके। इसके अलावा ज्ञान सागर प्रसाद में सांसद को बताया कि चाकुलिया से टाटानगर आने वाली मेमू ट्रेन जिसके जरिए हजारों लोग गालूडी घाटशिला धालभूमगढ़ चाकुलिया आदि से जमशेदपुर आना-जाना करते हैं उसकी टाटानगर से रवानगी सुबह 8: 50 की बजाए सुबह 8:10 से जमशेदपुर से हो तो इससे सरकारी कर्मचारियों शिक्षकों बैंक कर्मचारियों को आवागमन में सहूलियत होगी और वे समय पर अपने ऑफिस पहुंच सकेंगे। इसी तरह टाटा से गोरखपुर भाया पटना दीघा होकर एक सुपरफास्ट ट्रेन चलाया जाना चाहिए।

## गुरदीप पप्पू को मातृ शोक, संस्कार आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक सरदार गुरदीप सिंह पप्पू को मातृशोक हुआ है, गुरुवार की शाम तकरीबन चार बजे 73 वर्षीय बीबी बचन कौर का निधन सीतारामडेरा पीएस 1, शिव मंदिर समीप स्थित आवास में हो गया। सरदार गुरदीप सिंह पप्पू ने बताया कि कल शुक्रवार सुबह साढ़े दस बजे उनके पार्थिव देह को सीतारामडेरा गुरुद्वारा होते हुए स्वर्ण रेखा बर्निंग घाट ले जाया जाएगा, जहां उसे अग्नि को समर्पित कर दिया जाएगा। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक


बीबी बचन कौर की फाइल फोटो।

कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह सलाहकार गुरचरण सिंह बिल्ला, उपाध्यक्ष चंचल सिंह, प्रधान कुलविंदर सिंह, गुरु नानक सेवा दल के प्रधान हरविंदर सिंह मंटू, चंचल भाटिया, खालसा क्लब के पूर्व प्रधान एवं उद्यमी हरजीत सिंह विरदी, हरपिंदर सिंह रॉकी, प्रधान दलबीर सिंह आदि उनके आवास पहुंचे और गुरदीप सिंह पप्पू के पिताजी रागी सरदार गुरुदयाल सिंह तथा परिवार के सदस्यों से मिले और उन्हें ढाढस बंधाया। गुरदीप सिंह पप्पू ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ हैं और उनका इलाज चल रहा था, अचानक तबीयत बिगड़ी और डॉक्टर को बुलाया गया और डॉक्टर ने उन्हें जांच कर मृत घोषित कर दिया। बीबी बचन कौर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं, उनके चार बेटे एवं चार बेटियां हैं और बेटियां शहर से बाहर ब्याही हैं और उनके आने का इंतजार हो रहा है। बीबी बचन कौर के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार हरेंद्र सिंह, तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के प्रधान इंद्रजीत सिंह, भाजपा नेता एवं अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरुदेव सिंह राजा, टाटा मोटर्स यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, बीजेपी नगर अध्यक्ष गुंजन यादव, भाजमो अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, ने शोक जताया और बीबी भजन कौर की आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

### वाटर ऑन व्हील्स लगातार 50 दिनों से कर रहा जल सेवा

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी, टाटानगर, द्वारा संचालित वाटर ऑन व्हील्स को आज 50 दिन पूरे हो गए हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने प्रतिदिन लगभग 2,500-3,000 व्यक्तियों को शुद्ध शीतल जल निःशुल्क उपलब्ध कराया, जिससे सभी को चिलचिलाती गर्मी के महीनों में बहुत जरूरी राहत मिली । अमृत धारा कार्यक्रम के तहत शुरू की गई वाटर ऑन व्हील परियोजना का उद्घाटन माननीय एसएसपी श्री प्रभात कुमार ने 21 अप्रैल, 2023 को सुबह 11:00 बजे एसएसपी कार्यालय में किया।

## हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा सतर्क रहें युवा : विनोद राय



नवमतदाता सम्मेलन में एकता दिखाते सांसद संजय सेठ संग विनोद राय व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चांडिल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा सरायकेला खरसावां गुरुवार को चौका के झाबरी में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची लोकसभा के भाजपा सांसद सांसद संजय सेठ व भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित हुए व नव मतदाताओं को संबोधित किए। सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलतम 9 वर्ष के बारे में बतलाया व अभिभाषण में नवयुवा मतदाताओं को प्रेरित किया। नव मतदाता सम्मेलन के प्रदेश संयोजक सह ईचागढ़ विधानसभा के भाजपा नेता बिनोद राय ने कहा कि युवाओं को जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा झामुमो और कांग्रेस सरकार ने सांठगांठ करके युवाओं को नौकरी व बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर ठगा है। हेमंत सोरेन सरकार को चार वर्ष होने वाले हैं युवाओं के लिए अब तक कुछ नहीं किया।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुकड़ाडीह में पांच वर्षों से काम कर रहा पैड बैंक

### माहवारी के दौरान हार्मोन से शारीरिक व मानसिक बदलावों के बारे में बच्चे हुए अवगत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा राज्य भर के विद्यालयों में माहवारी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुकड़ाडीह में किशोरियों और बच्चों के साथ माहवारी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय में नियमित तौर पर सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के द्वारा कार्यक्रम कर बच्चों को जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के पैडमेन तरुण कुमार ने किशोरियों को बताया की 10 से 12 वर्ष के करीब किशोरियों में प्यूबर्टी के साथ ही माहवारी की शुरूआत होती है, इसके बाद बच्चियों के शरीर में तेजी से


सैनिटरी पैड को दिखातीं छात्राएं।

शारीरिक व मानसिक विकास देखने को मिलता है। बेहतर स्वास्थ्य हेतु किशोरियों व महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के उचित साधन का उपयोग अहम है। अन्यथा कई तरह की स्वास्थ्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मौके पर विद्यालय की सभी बच्चियों को मासिक धर्म प्रबंधन हेतु पर्यावरण अनुकूल प्रोजेक्ट बाला रियूजेबल पैड किट का उपहार दिया गया। प्रोजेक्ट बाला किट में तीन रियूजेबल पैड है, जिसका इस्तेमाल बच्चियां लगभग दो साल तक बार बार धोकर कर सकती है। रियूजेबल पैड मिलने से बच्चियों में काफी खुशी देखी गई।

बच्चियों ने बताया की आर्थिक अभाव में हर महीने पैड खरीदने में काफी परेशानी होती थी, रियूजेबल पैड मिलने से अब उन्हें काफी आसानी होगी। विद्यालय में पिछले पांच वर्षो से सैनिटरी पैड बैंक एवं इंसिनिरेटर की व्यवस्था है। जिसके इस्तेमाल से बच्चियों में माहवारी स्वास्थ्य के प्रति काफी जागरूकता आई है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पैडबैंक में बच्चियों के उपयोग हेतु 100 पैकेट सैनिटरी पैड का दान जागृति फाउंडेशन, पुणे की सवानंदी रथ के द्वारा किया गया। बढ़ते उम्र में किशोरियों के साथ साथ किशोरों को भी शारीरिक बदलावों के प्रति अवगत करवाना अहम है। किशोरों के साथ खास कार्यशाला आयोजित कर निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने बच्चों को बताया की समाज में बालिकाओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे काफी महत्व रखते है, इन मुद्दों के प्रति बालकों को भी अवगत होना आवश्यक है। प्यूबर्टी के बाद बालक और बालिकाओं दोनो के शरीर में हार्मोनल बदलाव के कारण तेजी से परिवर्तन आते है, हम सभी को बालिकाओं का सम्मान व सहयोग करना चाहिए, माहवारी जैसे मुद्दे पर जागरूक होकर लड़के भी समाज की सोच में बदलाव लाने में अहम भूमिका निभा सकते है। कार्यक्रम के अंत में *महिलाओं के लिए कैसे बने सुरक्षित समाज* विषयक विद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बच्चों को आमंत्रित किया गया, बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। माहवारी स्वच्छता व जेंडर समानता कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, मंजूषा करकेट्टा, रेशमा, बेबी समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाए का अहम योगदान रहा।

## नदी के पानी को अपने बालों से यूं उछाल खुश होती बच्ची


स्वर्णरेखा नदी के साकची पंप हाउस के पास गर्मी से निजात पाने को नदी में स्नान करते बच्चे-बच्चियां।

## स्पीड न्यूज

### वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने की कुलपति से मुलाकात




**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में नीलांबर पितांबर विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुलपति से मुलाकात की और चांसलर पोर्टल एक बार पुनः खुलवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कुलपति को बताया कि कुछ छात्र छात्राएं जानकारी के अभाव में स्नातकोत्तर में नामांकन नहीं करा सकें हैं, इसलिए हमारा यह आग्रह है कि चांसलर पोर्टल को एक बार पुनः खोला जाए। ताकि नामांकन से वंचित विद्यार्थियों को एक और मौका मिल सके और वे अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें। जिस पर कुलपति ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम इस विषय पर आगे की कार्यवाही करेंगे और हमारी कोशिश रहेगी कि इसका सकारात्मक परिणाम निकल सके। इस मौके पर सतीश, अंकित, राहुल, वकील, गौतम, धनंजय आदि उपस्थित थे।

### मध्यस्थता केंद्र में पांच मामले निपटे



**मेदिनीनगर।** मन के मिलन पखवाड़ा के तहत गुरुवार को मध्यस्थता के द्वारा विभिन्न न्यायालयों में लंबित पांच मुकदमे मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराया गया । उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी । उन्होंने बताया प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बाल सम्प्रेषण गृह, सी डब्ल्यू सी ,सखी वन स्टॉप सेंटर, व सदर प्रखंड के जोड़ पंचायत में पीएलभी के माध्यम से जागरूकता शिविर आयोजित कर मध्यस्थता के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में काफी जागरूकता आया है। पक्षकार मामले को मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराने के लिए आगे आ रहे हैं। गुरुवार को पांचमामले का निपटारा मध्यस्थों के द्वारा कराया गया। अपर जिला व सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार की अदालत में दो अग्रिम जमानत याचिका 638/2023 व 759/2023 मुकेश यादव व दूसरा चुनमुन यादव का था जो दहेज प्रताड़ना को लेकर पिंकी देवी ने ससुराल वाले पति ,देवर पर केस की थी। उक्त केस में मध्यस्थ एस के दुबे ने मध्यस्थता कर सुलह करा दिया है।

### 1952 में एक साथ चुनाव हुए थे तो अब क्यों नहीं : अविनाश वर्मा




**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर वन नेशन वन इलेक्शन के तहत देश में उठ रही मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। श्री वर्मा ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कई ऐतिहासिक फैसले देश हित में लिए हैं उसी के तहत वन नेशन वन इलेक्शन की उनकी सोच पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए आगामी कुछ वर्षों में देश के सामने आप प्रस्तुत करें ताकि आपका कार्यकाल यादगार हो जाए। कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन की सोच पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई के कार्यकाल से ही चर्चा में है जिसके तहत लॉ कमीशन ने भी वर्ष 1999, 2015 और 2018 के तीनों रिपोर्ट में इसे सही कहा था। विदित हो कि आजादी के बाद 1952 में हुए प्रथम लोकसभा चुनाव के साथ देश के सभी राज्यों में चुनाव एक साथ ही संपन्न हुए थे। अविनाश वर्मा ने कहा की 1952 के चुनावी तर्ज पर अब आगामी 2024 के आम चुनाव के साथ देश के सभी राज्यों के चुनाव समय की मांग है।

### भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान मोदी सरकार की गिनायी उपलब्धियां


जनसंपर्क में शामिल भाजपाई

**बिश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा के बिश्रामपुर नगर मंडल इकाई द्वारा गुरुवार को नप के वार्ड पांच में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को मोदी सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। यहां बताते चलें कि केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा पूरे देश में महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। जिसके तहत भाजपा नेता - कार्यकर्ता गांव - गांव घर - घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अभियान में शामिल वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा ने कहा कि पिछले नौ सालों में मोदी सरकार ने दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। देश के लिए कई ऐतिहासिक फैसला लिया। मोदी के नेतृत्व में आज हिंदुस्तान विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर है। मौके पर नगर मंडल महामंत्री मनीष कुमार, नरसिंह चौबे, विकास चौबे, संजय ठाकुर, रामप्रवेश मौर्या सहित कई लोग मौजूद थे।

### साप्ताहिक प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया




**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना पंचायत सचिवालय कक्ष में ग्राम पंचायत सगुना मुखिया मंजू देवी की अध्यक्षता में साप्ताहिक प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। हर विभाग के कर्मियों के समक्ष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभाग के कर्मी उपस्थित थे। बैठक में बाल विकास परियोजना से संबंधित आंगनबाड़ी सेविका जनग्राम पंचायत सगुना पंचायत सचिवालय कक्ष में ग्राम पंचायत सगुना मुखिया मंजू देवी जी के अध्यक्षता में साप्ताहिक प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। बाल विकास परियोजना से संबंधित आंगनवाड़ी सेविका, डीलर, शिक्षक, स्वास्थ जल सहिया ,स्वास्थ सहिया सहित अन्य विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

# किसानों की खुशहाली से देश बनेगा समृद्ध : सीपी राधाकृष्णन

## राज्यपाल ने लहलहे पंचायत के ग्रामीणों के साथ किया संवाद, ग्रामीणों ने सुनायीं अपनी समस्याएं

जीवन कुमार

**मेदिनीनगर।** देश के स्वतंत्रता सेनानियों के साहस व बलिदान का परिणाम है कि आज हम सभी को स्वतंत्रत देश के नागरिक कहलाने का गौरव है। देश के विकास में हम सभी सहयोग करें। किसानों की खुशहाली से देश समृद्ध बनेगा। 100 साल पहले आजादी के संग्राम में लड़े स्वतंत्रता सेनानियों अंग्रेज शासन के विरुद्ध लड़ाई छेड़ी थी लड़ाई के प्रथम चरण में स्वतंत्रता सेनानियों को भी विश्वास नहीं था कि हम सबों को स्वतंत्र मिल पाएगी लेकिन उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण हमारा देश विश्व का छठा आर्थिक शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है जो काबिले तारीफ है। उक्त बातें झारखंड के राज्यपाल सी०पी० राधाकृष्णन ने कही। राज्यपाल राधाकृष्णन दो दिवसीय दौरे पर गुरूवार को पलामू पहुंचे। भ्रमण के क्रम में राज्यपाल ने लहलहे पंचायत जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। उज्ज्वला योजना से गैस उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पीएम आवास योजना से आमलोगों को पक्के मकान बन रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा संभव हो पाया है। बाबा साहब अंबेडकर योजनान्तर्गत सभी लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि एक समय था कि भूख से लोगों की मृत्यु हो रही थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने कोरोना जैसे संक्रमण काल में खाद्यान्न उपलब्ध कराकर देशवासियों को सुरक्षित रखा, जबकि दूसरे देशों ने अपने लोगों को संभाल नहीं सके। उन्होंने आमलोगों से भी अपील किया कि वे देश के विकास के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह का गठन कर महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाया गया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। ग्रामीणों के सवाल पर राज्यपाल ने कहा कि पावर ग्रिड कारपोरेशन द्वारा जो, जमीन इस क्षेत्र में अधिग्रहण की गई है, उसका मुआवजा दिलाने को लेकर उपायुक्त को रिपोर्ट देने की बातें कहीं। राज्यपाल ने कहा कि पावर ग्रिड की स्थापना होने से मुफ्त बिजली देना संभव नहीं होता। पलामू प्रमंडल में पेयजल एवं सिंचाई सुविधा संबंधी ग्रामीणों की मांग पर राज्यपाल ने कहा कि यह कम बारिश वाला क्षेत्र है। यहां बारिश के पानी को बर्बाद होने से बचाना होगा। इसके पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन लहलहे पंचायत सचिवालय पहुंचे। जिला प्रशासन के द्वारा सीपी राधाकृष्णन गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।





**राज्यपाल ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का दिया लाभ**

राज्यपाल श्री सी०पी० राधाकृष्णन ने लहलहे पंचायत के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया। उन्होंने लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, स्वामी विवेकानंद नि:शक्त स्वावलंबन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कुप की स्वीकृति पत्र प्रदान किया। साथ ही दिव्यांगजनों के बीच ब्लाइंड स्टीक, ट्राईसाईकिल का वितरण किया। लक्ष्मी लाडली योजना अंतर्गत लाभुकों को राष्ट्रीय बचत पत्र दिया गया। साथ ही मनरेगा योजना के तहत लाभुकों को जॉब कार्ड प्रदान किये गये।



**उपस्थित लोग**

लहलहे के पंचायत भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में आईजी पलामू जोन राजकुमार लकड़ा,नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार सांडिल्य, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत सहित जिला एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, मनु तिवारी आदि जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।




**पंचायत प्रतिनिधियों ने कई मामलों से कराया अवगत**

लहलहे पंचायत के ग्रामीणों ने विवेका त्रिपाठी, रामेश्वर यादव धर्मदेव तिवारी रविंद्र नाथ तिवारी राकेश पाल पूर्व मुखिया शिवनंदन सिंह ने जनहित से जुड़े कई मामलों से राजपाल को अवगत कराया जिसमें मुख्य रूप से पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वारा अधिकृत भूमि के भैया तुमको अभी तक मुआवजा नहीं मिलने, फोर लाइन सड़क निर्माण अधिग्रहित भूमि के रैयतों ने मुआवजे की राशि कम होने का मामला को रखा, सिंचाई हेतु मलय डैम से उपरवर्ती नदियों को जोड़ने, अंजनी बालिका विद्यालय कमरा निर्माण कराने समेत कई समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर राजपाल सीपी राधाकृष्णन सभी समस्याओं का समाधान सरकारी माध्यमों से हल कराने का आश्वासन दिया। संवाद के दौरान सभी राजपाल के द्वारा दिए गए जवाब का हिंदी अनुवाद पलामू डीसी ए दोडे तथा डीडीसी रवि आनंद ने किया। इस दौरान पंचायत क्षेत्र के कई ग्रामीणों के बीच अजय कुमार पांडे, दीपक कुमार तिवारी को पेंशन योजना, फुलेश्वर मांझी को ब्लाइंड स्टिक, सुहानी कुमारी को लक्ष्मी लाडली योजना, सुनीता देवी को बिरसा मुंडा हरित ग्राम योजना के अलावा अन्य कई लोगों को के स्वीकृत पत्र भी दिया। कार्यक्रम के अंत में पंचायत की मुखिया पूनम पूनम यादव के नेतृत्व में राजपाल सीपी राधाकृष्णन को बिरसा मुंडा का मेमोरेंडम देकर सम्मानित किया।

# जेसीबी जलाने के मामले में दो अपराधी गिरफ्तार

## अपराधियों ने पुलिस के समक्ष 20 लाख की रंगदारी की मांग को स्वीकारा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** थाना पुलिस ने जेसीबी जलाने वाली घटना का उद्भेदन करते हुए इस कांड में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज किया है। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के सामने 20 लाख की रंगदारी की मांग को स्वीकार किया है। बताया जाता है कि इस कांड में कुल छह अपराधियों के द्वारा बीत दो जून को सतबरवा थाना क्षेत्र के ठेमा गांव में जेसीबी मशीन को आग लगाकर जला दिया गया था। पुलिस ने 6 आरोपियों में से दो अपराधियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। पकड़े गए अपराधियों में मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के गणके गांव के संजय सिंह तथा सतबरवा के फुलवरिया गांव के ज्ञानदीप सिंह का नाम शामिल है। थानाप्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि प्रसाद ट्रेडर्स के ठेकेदार से 20 लाख की रंगदारी मांगी गई थी। 31 मई को जेसीबी के चालक से अपराधियों ने मोबाइल लूट ली थी। जेसीबी लातेहार मनिका निवासी अशोक प्रसाद का है। जिससे प्रसाद ट्रेडर्स के संचालक कमलेश प्रसाद ने जेसीबी मशीन को भाड़े पर चलाने के लिए लिया था। शातिर अपराधियों ने लूटे गए जेसीबी चालक के मोबाइल से कमलेश को फोन करके 20 लाख की रंगदारी मांगी थी। गिरफ्तार दोनों अपराधियों को पुलिस ने बुधवार की रात्रि में गिरफ्तार किया है। इस कांड के मास्टरमाइंड समेत चार अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। जल्द ही सभी अपराधी पकड़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि दो जून के मध्य रात्रि में तीन बाइक पर सवार छह अपराधी ठेमा गांव के पास लगे जेसीबी मशीन पर केरोसिन तेल छिड़ककर आग लगा दी थी। अपराधियों के पास से दो एंड्राइड मोबाइल फोन तथा तीन बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। गठित छापेमारी दल में थानाप्रभारी अमित कुमार सोनी, ए एस आई कुणाल किशोर मौर्या, राहुल गुप्ता के साथ हवलदार महादेव टूटी,प्रफुल्ल कुजुर आरक्षी दुर्गादत्त तिवारी, विकास कुमार शामिल थे।

# नियमित योगाभ्यास से होती है शारीरिक उन्नति : प्राचार्य

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में तृतीय दिवस समर कैम्प हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। विदित हो कि यह कैम्प 06 जून से आरम्भ होकर आगामी 10 जून तक नियमित रुप से चल रही है। कैम्प में शामिल बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। लम्बी अध्ययन अन्तराल के बाद अतिरिक्त गतिविधि से जुड़कर बच्चों के चेहरे पर रौनक झलक रही थी। बच्चों द्वारा पुलकित होकर सभी गतिविधियों में सम्मिलित होना उनके उत्साह को दर्शा रहा था। तृतीय दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने कहा कि कैम्प में रीडिंग, राइटिंग, पेटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, बैडमिंटन, पाक कला आदि अन्य विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें बच्चों की सहभागिता विस्मृत करने वाली है। 08 जून को योगा, तैराकी, बैंड, बैडमिंटन, पेटिंग, जुम्बा डांस, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट, पाककला, फोटोबूथ, क्रिकेट, आर्चरी, खो-खो, फन विथ टैटू एवं स्टोरी टाइम इत्यादि अन्य विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसके बाद बच्चे इतनी सी हँसी, इतनी सी खुशी गीत पर नन्हें कदमों से थिरके। संगीत शिक्षिका द्वारा गीत सिखाया गया। कैम्प में खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने क्रिकेट, बैंड एवं खो-खो खेल में सहभागी एवं दर्शकदीर्धा बनकर लुफ्त उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के कैम्प प्रतिभागी छात्र एवं शिक्षक वृन्द उपस्थित थे।

### परशुराम सेना के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपता राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का प्रतिनिधिमंडल ।

**मेदिनीनगर।** सार्वजनिक स्थान पर हथियार का तालिबानी स्टाईल में किए गए प्रदर्शन के विरोध में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने जिले के उपायुक्त ए दोड्डे व पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पांच सदस्यों का प्रतिनिधिमण्डल जिला के वरीय पदाधिकारियों का इस प्रदर्शन पर ध्यान आकृष्ट कराया है। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 29 मई को पांकी प्रखण्ड के ग्राम भरी में बाबा भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा का अनावरण किया गया, जो काफी अच्छी बात है लेकिन प्रतिमा अनावरण के मौके पर खुलेआम हथियार का प्रदर्शन करते हुए भड़काऊ नारा लगाया गया जो काफी निंदनीय है। प्रतिनिधि मंडल में प्रमंडलीय संरक्षक राकेश पांडेय, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, अनिल दूबे, मनीष तिवारी व जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी शामिल थे।

### जेल में बंद कैदी वकील से कानूनी सलाह ले सकते हैं : डिप्टी चीफ



**मेदिनीनगर।** जेल में बंद कैदी को अधिकार है कि वह अपने बचाव के लिए कानूनी सलाह लेने के लिए अपने वकील से मुलकात कर सकता है। उक्त बातें लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के डिप्टी चीफ सन्तोष कुमार पांडेय ने कही। वे गुरुवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में मन के मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन कैदियों को वकीलों से मुलाकात करने से नहीं रोक सकता है। जेल में बंद कोई कैदी बीमार पड़ता है तो उसे बेहतर इलाज पाने का अधिकार है। डालसा के माध्यम से रिमांड अधिवक्ता विधिक सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। मौके पर एल ए डी सी के असिस्टेंट उत्तम कुमार ने कहा कि कोई भी बन्दी अब अधिवक्ता के अभाव में न्याय से बंचित नही रहेंगे। इसके लिए वैसे लोगो को चिन्हित किया जा रहा है जो किसी कारण बस अधिवक्ता नही रख सके हैं। एल ए डी सी के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय ने कहा कि एल ए डी सी के कारा में बंद 40 से अधिक केस में काम किया जा रहा है। जमानत,गवाही बहस हो रहा है। वही कई लोगो को न्यायालय द्वारा निर्दोष पाकर रिहा भी किया गया है। उन्होंने कहा कि न्याय से कोई बंचित नही रहेगा। नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना डालसा का मुख्य उदेश्य है।

### सांसद प्रतिनिधि ने गरीबरथ एक्सप्रेस ठहराव को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज मंडल सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह ने रांची से रामगढ़,लातेहार,पलामू जिलासे होकर देश की राजधानी दिल्ली तक चलनेवाली 12877/12878 गरीबरथ एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव कराने की मांग को लेकर पलामू सांसद विष्णुदयाल राम को एक मांगपत्र सौपा है। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष विजयानन्द पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह उपस्थित थे। सिंह ने कहा कि पूर्व मध्य रेल के डेहरी ऑन सोन–गढ़वा रोड रेलखंड का मोहम्मदगंज राज्य का अतिमहत्वपूर्ण स्टेशन है।

### भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष की मृत्यु पर शोक व्यक्त

**पड़वा पलामू।** भाजपा के पड़वा मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजय पांडेय के सड़क दुघर्टना में हुई मौत पर छतरपुर विधायक पुष्पा देवी समेत कई भाजपाईयों ने शोक व्यक्त किया है। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि संजय पांडेय भाजपा के पुराने व समर्पित कार्यकर्ता थे। उनके मौत से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व सांसद मनोज कुमार, मंडल अध्यक्ष यमुना सिंह, विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता,अभय मिश्रा, राकेश पाण्डेय, निरंजन प्रसाद, जयपाल सिंह, पंसस सत्येन्द्र मेहता, रामाकांत मेहता सहित कई के नाम शामिल हैं।

# नदी के चुआड़ी से पानी पीने को मजबूर हैं पोखरी के ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता


चुआड़ी से पानी भरतीं महिलाएं व अन्य।

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड अंतर्गत सिलदिली पंचायत के एक ऐसा गांव जहां के लोग भीषण गर्मी में आज भी नदी में चुआड़ी बनाकर पानी पिने को मजबूर है। हम बात कर रहे है पोखरी ग्राम की। जहां पर ग्रामीण पानी के लिए त्रस्त हैं। ग्रामीणों की माने तो इस गांव के लगभग सभी चापाकल एवं कुँआ सुख चूका है। गांव में एकमात्र कुँआं है जहां पर थोड़ा बहुत पानी पीने को मिलता है जिसपर बड़ी-बड़ी लाइने लगी रहती है। बाकी लोग पानी के लिए नदी के चुआड़ी के पानी पर हीं निर्भर है। एक तरफ जहां सरकार हर घर को नल जल योजना से पानी देने की बात करती है वही दूसरी तरफ ग्रामीणों को चापाकल का पानी भी पिने को नसीब नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। पानी के लिए क्षेत्र में हाहाकार मचने के बावजूद भी कोई भी जनप्रतिनिधि या सम्बंधित पदाधिकारी सुध लेने को तैयार नहीं है। पोखरी गांव के तरह पांडू प्रखंड क्षेत्र में ऐसे कई गांव हैं जहां लोग पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। पांडू प्रखंड क्षेत्र के ऐसे जगहों पर तत्काल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत है। मौके पर, जल सहिया प्रभा देवी, विद्यावती देवी, संध्या देवी, कुसमी देवी, मुन्नी देवी, ललिता देवी, विंदा कुंवर, सोनी देवी, राजकुमारी देवी, आरती देवी, अनिता कुंवर, कईलि देवी, राम पति देवी, रजमानीया देवी, किरण देवी, कुशमी देवी, मदन पासवान, कृष्णा पासवान, राम बलि पासवान, राम चंद्र पासवान, बिरजू चौधरी, सरोज पासवान, रामनाथ चौधरी, रंजित पासवान, सरोज पासवान ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल का भाव है। ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# मुखिया ने किया सुआ-कौड़िया घाटों पर बालू उठाव का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत सुआ व कौड़िया दोनों घाटों पर पंचायत के मुखिया द्वारा 100 रूपये प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से बालू का उठाव किया जा रहा है। इससे पहले मुखिया, प्रमुख, पंचायत समिति द्वारा ट्रैक्टर को झंडा दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में सदर प्रमुख बसंती देवी, उप प्रमुख शीतल सिंह, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, सुआ मुखिया दुर्गावती देवी, पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह, पंसस छोटन राम ने ट्रैक्टर रवाना होने से पहले फीता काटकर और झंडा दिखाकर शुभारंभ कराया। आपको बता दें कि झारखंड सरकार द्वारा पंचायतों को अधिकार दिया गया थ। प्रधानमंत्री आवास सरकारी कई तरह के योजनाओं में ट्रैक्टर से बालू उपलब्ध कराना है। इस मौके पर कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा पंचायतों को बालू का अधिकार दिया जाना सराहनीय पहल है। कहा कि अब बालू के अभाव में सरकारी निर्माण कार्य नहीं रूकेगा। इससे सरकारी काम म्रें प्रगति होगा। सुआ मुखिया दुलारी देवी ने बताया कि सरकार का जनहित में निर्णय सराहनीय है। इससे गरीबों को लाभ होगा। मौके पर पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह ने बताया कि अथक प्रयास से जिला परिषद बासु देवी द्वारा कड़ी मेहनत के बाद यह पंचायतों को बालू उठाव के लिए मौका मिला है। इससे ग्रामीणों को होठों पर मुस्कान देखा जा रहा है। अब लोगों के पीएम आवास निर्माण में बालू का अभाव बाधा नहीं बनेगा।

स्पीड न्यूज

## ट्रक के धक्के से कार पर सवार तीन घायल

**बुढ़मू।** कार में ट्रक के धक्के से ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा निवासी मकसूद अहमद सुमंत उरांव और शनि उरांव घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ये तीनों अपनी कार से अपने घर इरबा लौट रहे थे इसी दौरान एक अज्ञात ट्रक ने उनकी कार को धक्का मार दिया। जिसमें तीनों घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आईए जहां तीनों का इलाज किया गया।

## कस्तूरबा विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता



**सोनाहातू।** स्कूली शिक्षा तथा साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू के 11 वीं कक्षा के छात्राओं के बीच महामारी स्वच्छता पर रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान संकाय के छात्राओं ने आकर्षक रंगोली और पेंटिंग बनायी। रंगोली और पेंटिंग बनाने वाले छात्राओं को स्कूल प्रबंधन के द्वारा प्रोत्साहित किया गया। वार्डन शशि बाड़ा बताया कि विभाग के आदेशानुसार छात्राओं के बीच रंगोली ओर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं ने आकर्षक चित्र बनायी।

## एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में निखिल उरांव का चयन



**खलारी।** गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ी निखिल उरांव का चयन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा टैलेंट एसेसमेंट कैम्प के लिए किया गया। कैम्प का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 20 जून से 05 जुलाई तक पाटलीपुत्र पटना मे किया जाएगा। निखिल उरांव का चयन दिनांक 10 से 12 फरवरी 2023 तक पटना मे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जुनियर एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता मे बेहतरीन प्रदर्शन करने पर किया गया है। कैम्प मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को ऊंच स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता मे शामिल होने का अवसर मिलेगा और मिलेगा।

## सोनाहातू में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**सोनाहातू/राहे।** महाजनसंपर्क अभियान के तहत सोनाहातू प्रखंड के जामुदाग राधारानी मंदिर में गुरुवार को प्रभारी चौधरी महतो की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी एवं संचालन महामंत्री परीक्षित मंडल ने किया। कार्यक्रम में मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल पर चर्चा की गई। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को जन–जन तक पहुंचने को कहा।

# पिठोरिया में गैस एजेंसी के स्टॉफ से 46 हजार की लूट

### बाइक सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को दिया अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिठोरिया/ठाकुरगांव।** पिठोरिया थाना अंतर्गत रांची पतरातू मुख्य सड़क केला बागान के समीप दो बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने गैस एजेंसी के स्टाफ से हथियार के बल पर 46 हजार 4 सौ रुपये लूट कर फरार हो गए। घटना बुधवार शाम लगभग 6.15 बजे की है। जानकारी के अनुसार आलम इंडेन ग्रामीण वितरक पिठौरिया गैस एजेंसी के स्टाफ अमित नायक और सज्जाद मंसूरी रोजाना की तरह बुधवार सुबह 10 बजे आलम इंडेन ग्रामीण वितरक पिथोरिया से गैस लेकर पिकअप वैन में होम डिलीवरी के लिए निकले। केला बागानए समटोलीए बरवाटोलीए बाड़ूए चामाए पतगाईए बुकरू चौक वास्तु विहारए ग्रीन सिटीए एकता स्टेट हुसीरए आइटीबीपी से डिलीवरी कर वापस लौट रहे थे। आने के दौरान लगभग शाम 6.15 बजे केला बागान के समीप दो बाइक में सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी को रुकवाया। बोला कि हम लोग को गैस लेना है। इस पर गाड़ी पर सवार स्टॉप अमित नायक ने कहा किए गैस नहीं है कल सुबह 9 बजे मिलेगा। उन लोगों ने अमित नायक से फोन नंबर मांगा। फोन नंबर देने के दौरान अपराधियों ने अचानक हथियार निकाल कर अमित नायक पर सटाकर करीब 40 सिलेंडर का पैसा 46 हजार 4 सौ रुपयेए और अमित के पास से 580 रुपये लूट कर तीनों अपराधियों दो बाइक में सवार होकर रांची की ओर फरार हो गए। बाद में इसकी सूचना पिथोरिया पुलिस को दी गई। पिठोरिया थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रेम प्रसंग में युवती ने दी जान, प्रेमी गिरफ्तार

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना की पुलिस ने गुरुवार की सुबह थाना क्षेत्र के लाधुप गांव के समीप पलाश के एक पेड़ से फांसी के फंदे से लटकता हुआ एक युवती का शव बरामद किया।युवती की पहचान अनगड़ा थाना क्षेत्र के लमकाबेड़ा निवासी रामेशवर भोगता की पुत्री ज्योति कुमारी;23वर्षद्ध के रूप में की गई है।उसके बांये हाथ में पेन से आई लव यू पंचानंद लिखा हुआ था।सूचना मिलते ही स्वजन सिकिदिरी थाना पहुंचे और शव की पहचान की।पुलिस शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर मृतका के पिता ने युवती के प्रेमी अनगड़ा थाना क्षेत्र के चंद्राटोली निवासी पंचानंद मुंडा पर ज्योती को प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेमी पंचानन मुंडा को गिरफ्तार कर लिया है।

## पिस्का आरओबी निर्माण के लिए हटाया गया अतिक्रमण

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी में रांची गुमला राजमार्ग–23 में स्थित पिस्का रेलवे लाइन पर बन रहे ओवरब्रिज को लेकर सड़क के दोनों ओर की घरो को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्णय लिया और गुरुवार को प्रशासन जबरदस्ती घरो में बुलडोजर चलकर तोड़ने का कार्य किया। विदित हो कि स्थानीय प्रशासन ने संबंधित लोगों को 4 दिनों में तोड़ने का अल्टीमेटम दिया थाण्अब जब लोग अपने से नहीं तोड़े तो अतिक्रमण को हटाने के लिए नगड़ी प्रशासन ने कमर कस ली है। नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पिस्का ओवरब्रिज के समीप अतिक्रमित घरों को बुलडोजर से हटाया गया।

## रातू में आज 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन

**रातू।** राजकिला स्थित बगीचा में 12 जून से पांच दिनी श्रीराम कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होगी। शुक्रवार को केंद्रीय कीर्त्तन मंडलीए बीजूपाड़ा की ओर से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्त्तन आयोजित किया जायेगा। शुरूआत सुबह 10 बजे की जायेगी। इसमें पुरुष और महिलाओं की एक दर्जन से अधिक मंडली भाग लेगी। समापन शनिवार को होगा। इसे लेकर भक्तों में विशेष उत्साह है।


**Office of the Civil Surgeon–Cum–Chief Medical Officer,Khunti.**

**Recruitment Notice**

**Advt No:-08/2023 Date of Interview:- 15.06.2023**

The District Health Department, Khunti, invites Suitable Candidates for the following position of Specialist Medical Officer, Medical Officer and other Paramedical staffs for strengthening health Resources in Sadar Hospital, Khunti under Niti Aayog, AB- Mukhya Mantri Jan Arogya Yojna, and DMFT.

| Sl No | Post Name | No of Post |
|---|---|---|
| 1 | Surgeon | 1 |
| 2 | Anesthetist | 1 |
| 3 | Pathologist | 1 |
| 4 | Pediatrician | 1 |
| 5 | Hematologist | 1 |
| 6 | Medical Officer | 1 |
| 7 | Audiologist | 1 |
| 8 | Counselor | 1 |
| 9 | Lab Technician | 4 |

Interested candidates are requested to report with Testimonials at 11:30 AM on 15.06.2023 at District Collectorate Hall, Khunti - 835210 for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.

Essential Qualification, Job Description, term & Condition and Relevant Documents can be downloaded from https://khunti.nic.in

PR 299539 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D

Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Khunti


## निर्माणाधीन सड़क पर बोल्डर डालकर छोड़ देने से परेशानी

**बुढ़मू।** मक्का राय रोड से मक्का पंचायत भवन तक बन रही सड़क में संवेदक द्वारा चिप्स डालकर पिछले 8 माह से छोड़ दिया गया है इससे नाराज मक्का के ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद प्रमुख सत्यनारायण मुंडा की अध्यक्षता में मक्का में बैठक आयोजित की गयी। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के द्वारा करीब आठ माह पहले निमार्णाधीन सड़क पर चिप्स डालकर छोड़ दिया गया है जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## ग्रामीणों के सहयोग से जलने से बचा जंगल

खबर मन्त्र संवाददाता



जंगल में लगी आग को बुझाते स्थानीय ग्रामीण।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के रोंगो टुंगरी बारीडीह जंगल को जलने से ग्रामीणों द्वारा बचा लिया गया। गुरूवार को जंगल में आग लगने की जानकारी मिलते ही वनरक्षी षिवनारायण महतो आसपास के ग्रामीणों के साथ के जंगल पहुंचा। जंगल में गिरे सुखे पते जलते हुए आग तेजी से आगे बढती जा रही थी। ऐसे में ग्रामीणों ने मिलकर आग के रास्ते में गिरे पता हटा दिया। जिससे आग नही बढ सकी और जंगल जलने से बचा गया। वनरक्षी ने स्थानीय ग्रामीण द्वारा ही आग लगाने की आषंका जताते हुए बताया पिछले पांच दिन से बार-बार जंगल में आग लग रही है। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझा दिया जा रहा है। आग से पेड़ जलने से बच गए लेकिन कई पौधे जल गए। आग लगाने वालों को पकड़ने के लिए जंगल में नजर रखी जाएगी। आग को बुझाने में वनरक्षा समिति के अध्यक्ष पारसनाथ महतो व समाज सेवी अनिल महतो के साथ स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।


**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**

**Email – dddopalamu@gmail.com Mobile No- 9934529928**

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न कार्यक्रमों में चयनित लाभुकों के लिए आवश्यक सूचना–**

निदेशानुसार वितीय वर्ष 2020–21, 2021–22 मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना जिला पलामू के वैसे सभी चयनित लाभुकों जिनके द्वारा योजना का लाभ यथा दुधारू गाय एवं अन्य का लाभ अभी तक नहीं लिया गया है, को सूचित किया जाता है कि सभी लाभुक अपने DBT के माध्यम से प्राप्त अनुदान की राशि वाले बैंक खाता में लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंतर्गत जमा कर कार्यालय को सूचित करते हुए यथाशीघ्र योजना का लाभ प्राप्त करें अन्यथा अनुदान की राशि सरकार द्वारा वापस ली जा सकती है।

वितीय वर्ष 2022–23, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को भी सूचित किया जाता है कि लाभुक के वैसे बैंक खाता जिसमें अनुदान की राशि विभाग द्वारा DBT की गई है उसी बैंक खाता में लाभुक अनुदान की राशि जमा कर कार्यालय को सूचित करते हुए योजना का लाभ यथाशीघ्र प्राप्त करें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.299512 Palamu(23-24):D


## बुढ़मू : सिदरोल में टाना भक्तों का सम्मेलन

### टानाभगतों को मिले योजनाओं का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा मुखिया अनुपा उरांईन और प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी से मिलकर जो भी योजनाएं हैं। उनका लाभ टाना भगतों को लाभ दिया जाए। इसकी पुरी जानकारी हमें दें और हम उक्त योजनाओं पर विचार करेंगे। और सदन में मामले को उठायेंगे। मौके पर सदन साहूए रंथेश्वर गिरीए बालेश्वर यादव महावीर लोहरा, सोनू मुंडा श्याम पहान रंजीत टाना भगतए मांगा टाना भगत सहित सैकड़ों लोग सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान दिया।

**बुढ़मू।** प्रखंड क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत आवासीय विद्यालय सिदरोल में एक दिवसीय टाना भक्तों का सम्मेलन का हुआ आयोजन। आयोजन का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू एवं संचालन चिंतामणि देवी ने किया। समेल्लन के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री झारखंड के बंधू तिर्कीए मांडर के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और विशिष्ट अतिथि में केडी गुरूजीए कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुरेश बैठा शामिल हुए। इनका पारम्परिक भेर व घंटा बजाकर और माला पहनाकर भब्य स्वागत किया गया। इस दौरान टाना भगत के स्वतंत्रता सेनानी के स्मारक में माला पहनाकर उनके आत्मा की शांति का प्रार्थना किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बंधू तिर्की ने अपने संबोधन में टाना भगतों के लिए 28 जून 2023 को मोराबादी में महाजुटान का आंदोलन का आहवान किया।

## नीलांबर-पीतांबर सनसाइन स्कूल को मिले तीन पंखे

**खलारी।** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर रखते हुए सीआईएसएफ कमांडेंट संदीप कुमार एस ने जामडीह स्थित नीलाम्बर पिताम्बर सनसाईन इंग्लिश मीडियम स्कूल में दान किये तीन पंखे। इस संबध में सीआईएसफ कांमाडेट ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के दौरान विद्यालय में आया तो देखा कि बेसिक इन्फ्राट्रक्चर की कमी पाई।


**झारखण्ड सरकार**

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।**

भर्त्ती–कैम्प दिनांक–09.06.2023

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर राँची के तत्वाधान में Venture Steel PVt.Ltd kanke Ranchi के परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराहन 4:00 बजे तक भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो निम्नवत हैः–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks/Place |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Auburn Design Pvt.Ltd . Pancha ,Bundu Ranchi | Machine Operator | 200 | Inter | 25 Years | 9425/- | 2 Yrs | Allowance 500/- Ranchi |
| | | Single Nedl | 50 | Inter | 25 Years | 9425/- | 2 Yrs | Allowance 500/- Ranchi |
| | | Cutting | 03 | Inter | 25 Years | 15,500/- | 3Yrs | Allowance 500/- Ranchi |
| | | Helper | 30 | Inter | 25 Years | 8992/- | – | Allowance 500/- Ranchi |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा rojgar.jharkhand.gov.in/ www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु 11:30 पूर्वाह्न तक अपनी उपसिथत दर्ज करा लेंगे ससमय उपस्थित नही होने पर परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित हैं, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

रिक्ति की विस्तृत विवरणी http://niyojanprashikshan.nic.in या ranchi.nic.in पर देखी जा सकती है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

PR 299552 Labour Employment and Traning(23-24)#D


## समर्पणदीप बीएड कॉलेज में जन भागीदारी एक्टिविटी

### डिजिटल एजुकेशन पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के निर्देश और जी-20 के उपलक्ष्य में समर्पणदीप बीएड कॉलेज में जन भागीदारी एक्टिविटी मनाया गया। इस दौरान साइबर सुरक्षा पर क्विज प्रतियोगिता हुयी। इसके अलावा शिक्षा में डिजिटल पहल पर कार्यशाला आयोजित किया गया। क्विज के लिये प्रशिक्षुओं का तीन ग्रुप बनाये गये थे।

इसमें बी ग्रुप के छात्र-छात्रा विजेता बने। कार्यशाला में प्राचार्य प्रो रजनीश पांडेय बतौर रिसोर्स पर्सन थे। उन्होंने डिजिटल एजुकेशन पर प्रकाश डाला। सत्र 2021-23 द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु नीरज कुमार व रोहित उरांव ने पीपीटी के जरिये विशेष प्रस्तुति दिये। संचालन कन्हैया लाल केशरी ने किया।

**इन्होंने निभायी भूमिका**

चैयरमैन अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, प्रबंधन समिति के सदस्य जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विभागाध्यक्ष दशरथ महतो, सहायक प्राध्यापक आनंद कुमार भगत, शशि कुमारी तिर्की, वासिफ शाह, अच्युतानंद मिश्र, पुष्पा सिंह, संजीत कुमार महतो, हरजीत कौर, ऋतु जया केरकेट्टा, शालिनी सिन्हा, श्रेयसी बनर्जी, दिनेश कुमार व कन्हाई महतो आदि।

## तमाड़ में डालसा ने चलाया कानूनी जागरूकता अभियान

### मन का मिलन पखवाड़ा में दी कानूनी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** झालसा के आदेशानुसार डालसा के निर्देश पर मन का मिलन पखवाड़े का आयोजन किया। झालसा के आदेशानुसार मन का मिलन पखवाड़ा जो 29 मई से लेकर 14 जून तक चलेगा। इसी क्रम में गुरुवार को तमाड़ प्रखंड के हिंद्रीडीह गांव में झालसा की टीम पहुंची। टीम मे अधिवक्ता गण लोगो के बीच निशुल्क कानूनी सहायता कैसे और कहा से प्राप्त करे साथ में सरकारी योजना का लाभ कैसे लोगो को मिलेगा विशेष कर मनरेगा अधिनियम 2005 जो कानून के साथ अधिकार है समान काम का समान मजदूरी इस अधिनियम में महिला और पुरुष को समानता का अधिकार भी है साथ में डायन प्रथा जो कानून अपराध है इस पर जुमार्ना और सजा दोनो का प्रावधान है। बाल विवाह जो बच्चियों को सही उम्र में शादी करने पर कन्या दान योजना का लाभ भी मिलता है और भी कई प्रकार का सरकारी योजना है जिसकी जानकारी के अभाव में हम लाभ नहीं ले पाते है। जिन बच्चे का माता या पिता दोनो में से किसी एक का मृत्यु होने पर दो बच्चो को इस्पॉन्सरशिप का लाभ मिलता है। इसी योजना का लाभ दिलाने हेतु हिंद्रीदीह गांव से 10 आवेदन प्राप्त हुआ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा संख्या.:– RWD/SD/LATEHAR/07/2023-24**

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 15.06.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 16.06.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष,(पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 16.06.2023 को 03:30 बजे अपराहन,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग(ग्रामीण कार्य विभाग) के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक को ही प्ररिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
8 परिमाण विपत्र का मूल्य जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9 परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10.कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज ग्राम/पंचायत चीरू में हाटा टोंगरी शमुनीया बांध से सहदेव यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।(500 फीट) | 1918400 | 5,000 | 38500 | 3 महिना |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज ग्राम हेसातु नन्देव सिंह के घर से राम किसुन सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (600 फीट) | 2206200 | 5,000 | 44500 | 3 महिना |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज ग्राम/पंचायत तासु, हुन्डरा में बालन्द साव के घर से हनुमान मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (500 फीट) | 671500 | 1250 | 13500 | 2 महिना |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका ग्राम/पंचायत मटलौंग, माईल में करकट पुल से PMGSY पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (185 मीटर) | 863300 | 1250 | 17500 | 2 महिना |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,लातेहार

PR 299553 Rural Development(23-24).D


# वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी, इन्हें दें सम्मान

### वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर गुरूवार को सरस्वती षिषु मंदिर ओरमांझी में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो की अध्यक्षता में खिजरी विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कर खिजरी विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकताओं का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने वरिष्ट कार्यकताओं को सम्मानित किया और कहा भाजपा पुंजीपतियों की नही कार्यकताओं की पार्टी है। बुजुर्ग कार्यकताओं को असली पूंजी बताया और कहा आज जो परिणाम मिले हैं इन्ही की देन है। उन्होने कार्यकताओं से अपने वरिष्ट कार्यकताओं को सम्मान देने का अहवान किया और कहा कभी भी सम्मान को पैसे से तौला नही जा सकता। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की जानकरी दी और कहा वर्तमान केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, सोषित, बच्चे सभी की सरकार है। नरेंद्र मोदी की कार्यकाल में आतंकवाद, पत्थरबाज व भ्रस्टाचार पर प्रहार हुआ है। सरकार देष के 135 करोड़ जनता की चिंता करती है। 9.60 करोड़ लोगों को उज्जवला गैस, 11.70 करोड़ को शौचालय, 8.50 करोड़ को आयुष्यमान भारत योजना का लाभ दिया गया। जिसमें जाति धर्म नही देखा गया। यह सरकार सबका साथ, सबका विकास व सबका विष्वास के साथ कार्य कर रही है। मोदी सरकार के नौ वर्ष में जो कार्य हुए वह आजादी के बाद नही हुए थें। आज मोदी सरकार के जीरो करप्शन पर नौ वर्ष पूर्ण करना देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। देश आजादी से 2014 तक 18,000 हजार गांव में बिजली पानी की समस्या थी। मोदी सरकार ने हर घर में बिजली पानी की व्यवस्था सौभाग्य योजना से पूर्ण किया। पहले करदाता को 37 प्रकार के टैक्स लगते थे मोदी सरकार ने जीएसटी के माध्यम से एक प्रकार का टैक्स किया गया। मुद्रा लोन 40 करोड़ युवाओं में पूरे देश में 23 लाख करोड़ मुद्रा लोन का वितरण किया गया।




कार्यक्रम में बोलते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

**मौके पर थे मौजूद**

पूर्व विधायक राम कुमार पहान, जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, अमरनाथ चौधरी, अलखनाथ महतो, शशि मेहता, रोहित साहू, सिकंदर महतो, बालक पहान, कृष्ण कुमार, लक्ष्मण साहू, सत्यनारायण तिवारी, दुगार्शंकर साहू, विक्रांत तिवारी, अजुन बेदिया, बालकिषोर मुंडा, प्रमोद सिंह, सुनील महतो, रामनाथ महतो, अमित राज, लक्ष्मण महतो, आफताब आलम, आनंद मेहता, राजेश्वर महतो, राम किशोर महतो सहित सैकड़ों कार्यकत्र्ा उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०–02,गढ़वा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/06/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टीफिकेसन न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड काण्डी अन्तर्गत ग्राम–राजा–घटहुआँ मेहता टोला पंचायत भवन के पास पण्डी नदी पर पुल निर्माण कार्य। | 2,70,17,400.00 | 5,40,500.00 | 10000.00 | 18 माह | RDD/SD/GARHWA /06/2023-24_Gr.01 |
| 2 | गढ़वा जिला के चिनियाँ प्रखण्ड में खुरी पंचायत अन्तर्गत ग्राम–नगसीली एवं खुरी के बीच कांके नदी पर पुल निर्माण। | 3,26,97,400.00 | 6,54,000.00 | 10000.00 | 18 माह | RDD/SD/GARHWA /06/2023-24_Gr.-02 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –10.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–10.06.2023 से दिनांक–21.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–10.06.2023 से 24.06.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 299546 Rural Development(23-24).D

# खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची. शुक्रवार .09 जून 2023


## जीवंत लोकतंत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से ठीक पहले व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी की वह टिप्पणी गौर करने लायक है, जिसमें भारत को एक जीवंत लोकतंत्र बताया गया था। इतना ही नहीं, राष्ट्रपति भवन के इस अधिकारी जॉन किर्बी ने यहां तक कहा कि जिसको भारतीय लोकतंत्र की साख पर विश्वास न हो वह दिल्ली घूमकर कथन की प्रमाणिकता जान ले। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि कारोबार को अपनी तमाम नीतियों के केंद्र में रखने वाले अमेरिका के हर बयान के गहरे निहितार्थ होते हैं। लोकतंत्र-लोकतंत्र के खेल के जरिये दुनिया की तमाम सरकारों को बनाने और बिगाड़ने के उपक्रम में वह दशकों तक एक पक्ष रहा है। अमेरिका के बारे में अकसर कहा भी जाता है कि अमेरिका की सारी नीतियां अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका पर ही खत्म हो जाती हैं। बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ जब अमेरिकी विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यकों की दशा को लेकर सवाल खड़े किये गये थे। अमेरिका की कई अन्य संस्थाएं भी गाहे-बगाहे ऐसे सवाल खड़ी करती रही हैं। अमेरिका चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले माहौल बनाया जाये ताकि बड़े रक्षा सौदों को अंतिम रूप देने में कोई पुरानी कसक बाधक न बने। आजादी का अमृतकाल मनाते देश में आजादी के बाद भले ही एक दल या कई दलों की सरकारें बनी हों, वामपंथ या दक्षिणपंथ के रुझान की सरकारें बनी हों, हर बार सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्वक ही हुआ है। आज भी स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा बनाया गया संविधान हमारा मार्गदर्शक है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी जीवंतता से पूरी दुनिया के लोकतांत्रिक देशों का मार्गदर्शन कर रहा है। निश्चित तौर पर राजनीतिक का एक तबका थोड़ा विचलन का शिकार है लेकिन लोकतंत्र आज भी जीवंत है।

## शोध और संस्थान

हमारे पास विश्वस्तरीय शोध को शिक्षण से जोड़ने के कुछ उदाहरण मौजूद हैं। बेंगलूरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान खासतौर पर अलग है। परंतु मुंबई स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नॉलजी जिसे उसके पुराने नाम यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल टेक्नॉलजी अर्थात यूडीसीटी से अधिक जाना जाता है, वह सबसे उल्लेखनीय उदाहरण है। यूडीसीटी की स्थापना सन 1933 में की गई थी। संस्थान को अपने शोध पर गर्व है लेकिन इसके साथ ही जरा इस बात पर भी विचार कीजिए कि उसने अपने पुराने विद्यार्थियों की मदद से क्या योगदान किया। पुराने विद्यार्थियों की सूची पर एक नजर डालते हैं: मुकेश अंबानी (रिलायंस), अंजी रेड्डी (डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज), मधुकर पारेख (पिडिलाइट इंडस्ट्रीज), के के घार्दा (घार्दा केमिकल्स), अश्विन दानी (एशियन पेंट्स), नीलेश गुप्ता (ल्युपिन), रमेश माशेलकर (एनसीएल के निदेशक और सीएसआईआर के डीजी), एन सेकसरिया (अंबुजा सीमेंट्स) और एमएम शर्मा (जिन्होंने बाद में खुद यूडीसीटी का नेतृत्व किया और उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा स्थापित की)। सन 1800 के आरंभ में जब विल्हेम वॉन हंबॉल्ड ने दुनिया के पहले शोध विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ बर्लिन के स्थापना सिद्धांत दिए तब से शोध विश्वविद्यालयों का लक्ष्य ज्ञान की तलाश करना रहा है। हमें यह बात इसमें शामिल करनी होगी कि ज्ञान खासतौर पर मानवता के काम तब आता है जब वह विश्वविद्यालय से बाहर छात्रों के मस्तिष्क में विराजमान होता है। यही कारण है कि उच्च शिक्षा में शोध किया जाना चाहिए। स्वायत्त प्रयोगशालाओं में शोध समाज को उसके प्राथमिक लाभ से वंचित करता है। निश्चित तौर पर विश्व के विकास में शोध का ही महत्व है जिससे बड़ें बड़ें बदलाव हुए। भारत के लिये ऐसे शोध बहुत महत्व रखते हैं।


# कैसे रुकें रेल हादसे और पुलों के टूटने के मामले



**पहले** ओडिशा में हुई दर्दनाक रेल दुर्घटना और उसके बाद बिहार में एक पुल का टूटना। इन दोनों घटनाओं के कारण सारा देश उदास भी है और गुस्से में भी है। उदासी मासूमों के मारे जाने पर है और गुस्सा इसलिए है कि ये हादसे थम ही नहीं रहे। पिछली 2 जून को ओडिशा में 3 ट्रेनें आपस में भिड़ गईं। इनमें लगभग तीन सौ मासूम यात्री मारे गए और ना जाने कितने हजार घायल हो गए। यह दुर्घटना भारत में अब तक की सबसे घातक रेल दुर्घटनाओं में से एक है। ऐसा माना जाता था कि पहली ट्रेन पटरी से उतर गई थी और इसके कुछ डिब्बे पलट गए और विपरीत ट्रैक में गिर गए थे, जहां वे दूसरी ट्रेन से टकरा गए थे। हादसे में एक मालगाड़ी भी चपेट में आ गई। देखिए, यह तो कोई भी मानेगा कि दुनिया भर में हर क्षण कहीं न कहीं कोई न कोई हादसा हो ही रहा है। तेज रफ्तार की जिंदगी में यह अनहोनी भले हो मगर हो रही है, तो हो रही है। असल में 'जीरो एक्सीडेंट' एक आदर्श है एक गोल है। लेकिन, इसे हासिल करना तो असंभव है। जरूरत इस बात की है कि हादसों को न्यूनतम किया जाए। इसके अलावा कितनी जल्दी से जल्दी हादसे के शिकार लोगों तक उचित मदद पहुंचाई जाए।

रेल दुर्घटनाओं में प्रायः देखा गया है कि घटनास्थल पर सरकारी मदद, डॉक्टर नर्स, एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन, हेलीकाप्टर, नेताओं से पहले वहां पर तमाशबीन खड़े हो जाते हैं। ये बचाव कार्यों को बाधित भी करते हैं। हां, इन्हीं में से समझदार लोग आनन-फानन में कुछ घायलों की मदद को भी आते हैं। दिल से मदद करते भी हैं। अपना जी-जान लगा देते हैं। जबकि तमाशबीन सिर्फ वहां पर मदद करने वालों के काम में व्यवधान डाल रहे होते हैं और अपने मोबाइल से वीडियो बना रहे होते हैं ।

इस बीच, एक बात यह भी जान लें कि जीरो एक्सीडेंट की स्थिति तक पहुंचना मुश्किल तो है पर नामुमकिन नहीं है। रेल हादसे कहां नहीं होते। दुनिया के हरेक देश में रेल हादसे होते हैं। पर इन्हें रोका जाना चाहिए। इस लिहाज से कोशिशें भी होती हैं। पर सफलता तो नहीं मिलती। चीन में जुलाई 2011 में हुई रेल दुर्घटना की बात करेंगे। दरअसल, चीन के शहर वेनजुओ में दो हाई-स्पीड ट्रेनों के आमने-सामने से टकराने पर 40 यात्रियों की मौत हो गई थी। इस रेल दुर्घटना में 172 लोग जख्मी भी हुए थे। हादसे के तुरंत बाद चीन के रेल मंत्री को पद से हटा दिया गया। नए रेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य संभाला। इसके बाद दुर्घटना की जांच की गई।



-आर.के. सिन्हा

> अब बिहार में भागलपुर जिले में हुए हादसे का रुख कर लेते हैं। सबको पता है कि गंगा नदी के ऊपर बन रहा एक बड़ा पुल गिर गया। इसका एक स्लैब भी एक साल पहले ही टूट कर गिर गया था। उसी समय सख्त कारवाई होनी चाहिये थी, जो किसी कारण से नहीं की गई क खगड़िया के अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच गंगा नदी पर इस पुल का निर्माण हो रहा है। लेकिन पुल निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

रेल हादसे की जांच में पाया गया कि दुर्घटना रेलवे सिग्नल सिस्टम में खामी की वजह से हुआ। आगे की जांच में पाया गया कि सिग्नल सिस्टम का कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए रेल मंत्री और अधिकारियों ने भ्रष्टाचार किया था। इसके लिए ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा से समझौता तक किया गया। इसी कारण यह हादसा हुआ और यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

बहरहाल, ओडिशा रेल हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए सीबीआई जांच शुरू हो गई है। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भी उम्र कैद या मौत की सजा मिलनी चाहिए। जांच पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। इस लिहाज से किसी भी तरह की किसी को रियायत नहीं मिलनी चाहिए।

अब बिहार में भागलपुर जिले में हुए हादसे का रुख कर लेते हैं। सबको पता है कि गंगा नदी के ऊपर बन रहा एक बड़ा पुल गिर गया। इसका एक स्लैब भी एक साल पहले ही टूट कर गिर गया था। उसी समय सख्त कारवाई होनी चाहिये थी, जो किसी कारण से नहीं की गईं क खगड़िया के अगुवानी-सुल्तानगंज के बीच गंगा नदी पर इस पुल का निर्माण हो रहा है। लेकिन पुल निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इसी का नतीजा है कि यह पुल गंगा नदी में गिर गया। पुल के तीन पिलर भी नदी में समा गए। अब इस केस की भी जांच होगी। यह दूसरी बार है जब पुल गिरा है। बस इतनी सी गनीमत रही कि जिस वक्त हादसा हुआ, उस वक्त काम बंद हो चुका था। इस वजह से पुल पर कोई मजदूर नहीं था। जैसे ही पुल ताश के पत्तों की तरह गंगा में गिरा, नदी में कई फीट ऊंची लहरें उठीं। इधर भी उसी नियम के तहत दोषियों पर कार्रवाई हो जैसी रेल हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर होगी। देखिए अब देश को करप्शन के मसले पर किसी भी तरह का समझौता नहीं करना चाहिए। करप्शन और काहिली देश को दीमक की तरह से खाए जा रही है। जो भी करप्शन करता पकड़ा जाए या अपने काम में काहिली करे उसे तो सीधे टांग देना चाहिए। आखिर कब तक देश भ्रष्ट और निकम्मे लोगों को लेकर मानवीय रवैया अपनाता रहेगा। यह नहीं चल सकता। इसका अंत तो होना ही चाहिए। करप्शन के सवाल पर देश को जीरो टोलरेंस की नीति पर चलना ही होगा। दूसरा विकल्प हमारे पास नहीं हैं। पिछले साल गुजरात के मोरबी जिले में पुल टूटा था। हादसे के वक्त पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे। 233 मीटर लंबा यह पुल करीब सौ वर्ष पुराना था। हादसे में बहुत से लोगों की जान चली गई थी। जिनमें अधिकांश महिलाएं एवं बच्चे थे। यह जान लें कि जब तक देश करप्शन के मामलों पर सख्ती नहीं दिखाएगा तब तक इस तरह के जानलेवा हादसे होते ही रहेंगे।

अगर बात इन मामलों से हटकर करें तो करप्शन के कारण हमारे सरकारी बैंकों का हजारों करोड़ रुपये का लोन फंस गया। केन्द्र में मोदी सरकार के सत्तासीन होने के बाद बैंकिंग क्षेत्रों में लंबे समय से व्याप्त अराजकता और अव्यवस्था को रोकने की जब सार्थक पहल हुई तो एक के बाद घोटालों का पदार्फाश भी तेजी से होने लगा। बैंकिंग सिस्टम तो साख पर ही चलता हैह्व साख ही नहीं रहेगी तो फिर बचेगा गया ?


दरअसल बैंकों में उल्टे-सीधे लोन दिलवाने का काला धंधा चलता रहा है। लोन दिलवाने के नाम पर कुछ बैंक कर्मी भी फंसे । चूंकि, पहले कोई इस तरह की जवाबदेही नहीं होती थी, इसीलिए चौतरफा लूट जारी थी। यह स्वीकार करना होगा कि रेल हादसों से लेकर पुल टूटने के मूल में करप्शन ही बड़ा कारण होता है। इसलिए इस पर ही चोट करनी होगी।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

### खास बात

## योग पुरुष पतंजलि

**स्वामी मुक्तरथ**



पतंजलि प्राचीन भारत के एक मुनि और नागों के राजा शेषनाग के अवतार थे जिन्हे संस्कृत के अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थों का रचयिता माना जाता है। इनमें से योगसूत्र उनकी महानतम रचना है जो योगदर्शन का मूलग्रन्थ है। भारतीय साहित्य में पतंजलि द्वारा रचित 3 मुख्य ग्रन्थ मिलते हैं। योगसूत्र, अष्टाध्यायी पर भाष्य और आयुर्वेद पर ग्रन्थ। कुछ विद्वानों का मत है कि ये तीनों ग्रन्थ एक ही व्यक्ति ने लिखे, अन्य की धारणा है कि ये विभिन्न व्यक्तियों की कृतियाँ हैं। पतंजलि ने पाणिनि के अष्टाध्यायी पर अपनी टीका लिखी जिसे महाभाष्य का नाम दिया (महा +भाष्य (समीक्षा, टिप्पणी, विवेचना, आलोचना))। इनका काल कोई 200 ई पू माना जाता है।

पतंजलि शुंग वंश के शासनकाल में थे। डॉ. भंडारकर ने पतंजलि का समय 158 ई. पू. द बोथलिक ने पतंजलि का समय 200 ईसा पूर्व एवं कीथ ने उनका समय 140 से 150 ईसा पूर्व माना है। उन्होंने पुष्यमित्र शुंग का अश्वमेघ यज्ञ भी सम्पन्न कराया था। इनका जन्म गोनार्ध (गोंडा,उ०प्र०) में हुआ था, बाद में वे काशी में बस गए। ये व्याकरणाचार्य पाणिनी के शिष्य थे। काशीवासी आज भी श्रावण कृष्ण 5, नागपंचमी को छोटे गुरु का, बड़े गुरु का नाग लो भाई नाग लो कहकर नाग के चित्र बाँटते हैं क्योंकि पतंजलि को शेषनाग का अवतार माना जाता है। पतंजलि महान चिकित्सक थे और इन्हें ही 'चरक संहिता' का प्रणेता माना जाता है। 'योगसूत्र' पतंजलि का महान अवदान है। पतंजलि रसायन विद्या के विशिष्ट आचार्य थे अभ्रक विंदास, अनेक धातुयोग और लौहशास्त्र इनकी देन है। पतंजलि संभवत पुष्यमित्र शुंग (195-142 ई.पू.) के शासनकाल में थे। राजा भोज ने इन्हें तन के साथ मन का भी चिकित्सक कहा है।योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।(अर्थात चित्त-शुद्धि के लिए योग (योगसूत्र), वाणी-शुद्धि के लिए व्याकरण (महाभाष्य) और शरीर-शुद्धि के लिए वैद्यकशास्त्र (चरकसंहिता) देनेवाले मुनिश्रेष्ठ पतंजलि को प्रणाम।) **(सत्यानंद योग मिशन)**

## मन की माया

### धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**मन** की माया बड़ी विचित्र है। इसके बड़े ही अलग नियम हैं। इसके खेल निराले हैं। यह इंसान को तरह तरह से भ्रमित करता है। उनमें से इसका एक नियम यह है कि जो भी चिज इसे मिल जाए उसे यह भूलने लगता है। लेकिन यह उसे जरूर याद करता है जो इससे दूर होती है और हर पल उसी के लिए रोता रहता है। मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता। यह सदैव या तो अतीत में जाता है या भविष्य की योजना बनाता है ताकि सत्ता की चाबी इसके हाथ रहे। मन इंसान को इतना व्यस्त रखता है कि वो स्वांस के बारे में चिंतन ही नहीं करने देता इसलिए हृदय में विराजमान परमानंद से दूरी रहती है। आज यदि एक इंसान के पास उसकी मेहनत और नेक कमाई का इतना पर्याप्त है कि वह अपना व परिवार के सदस्यों की जरूरत के लिए काफी है लेकिन तब भी यह मन उस इंसान को शांत नहीं रहने देता और भविष्य में ले जाकर कहना शुरू कर देता है कि और चाहिए। इस प्रकार इंसान सारा जीवन भागदौड़ करके मन के सपने पूरा करने का प्रयत्न करता है और जब सब कुछ ऐशो आराम के संसाधनों के साथ महल बंगला तैयार होता है तब वह ठीक ढंग से उसमें रहने भी नहीं पाता कि यह स्वांस उसका साथ छोड़ देता है। इसलिए सच्चे गुरु से जितना दूरी रहे उतना ही अच्छा है क्योंकि मन दूरी में सदैव दिलचस्पी लेता है। अगर आपने अभ्यास से अपने मन को नहीं साधा हो और ऐसी गुरु कृपा हो जाए कि सच्चे गुरु के बहुत नजदीक रहने का सौभाग्य मिल जाए।

**विकास** और सुशासन के मूल में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास है। दलित-पीड़ित-शोषित-वंचित, नौजवान और महिलाएं सबका विकास हो। कोई न पीछे रहे, न ही किसी से भेदभाव हो।

– नरेन्द्र मादी

### आपके ट्वीट

आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि देश के हर बेघर के सिर पर पक्की छत हो। सुखद है कि पूर्व की तुलना में,विगत 8 वर्षों में 7 गुना ज्यादा तीव्र गति से आवासों का निर्माण हो रहा है।

– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री





**चाईबासा** के पूर्व विधायक आदरणीय श्री पुतकर हेम्ब्रम जी के निधन की खबर सुनकर मन आहत है। परमात्मा दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। –हेमंत सोरेन

# देश में मैला ढोने वालों की दुर्दशा पर कौन ध्यान देगा

**प्रियंका सौरभ**

### समस्या

देश में 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं।

और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए महात्मा गांधी समेत तमाम महापुरुषों ने समय-समय पर प्रयास किए इसके बावजूद यह व्यवस्था न सिर्फ निजी बल्कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी अपनी जड़ें जमाए रही। अब जबकि पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान के जरिए साफ-सफाई पर जोर-शोर से चर्चा हो रही है तो यह जरूरी है कि इस अमानवीय पेशे के उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। तब महात्मा गांधी ने 1917 में पूरा जोर देकर कहा था कि साबरमती आश्रम में रहने वाले लोग अपने शौचालय को खुद ही साफ करेंगे। इसके बाद महाराष्ट्र हरिजन सेवक संघ ने 1948 में मैला ढोने की प्रथा का विरोध किया था और उसने इसको खत्म करने की मांग की थी। तब जाकर ब्रेव-कमेटी ने 1949 में सफाई कर्मचारियों के काम करने की स्थितियों में सुधार के लिए सुझाव दिए थे। आजादी के बाद मैला ढोने की हालातों की जांच के लिए बनी एक अन्य समिति ने 1957 में सिर पर मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने का सुझाव दिया था। इतने सालों बाद भी हम देश भर में आए रोज सफाई के लिए सेप्टिक टैंक और नालियों में मानव प्रवेश के कारण हुई मौत की खबरें सुनते है। ऐसी दुखद घटनाओं को समाप्त करने के उद्देश्य से आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने गैर-सरकारी संगठनों से इसके उपयुक्त समाधान की तलाश के लिए एक प्रौद्योगिकी चुनौती शुरू की है। जिस से देश में सीवरों और सेप्टिक टैंकों की सफाई में मानव हस्तक्षेप की जगह नवीनतम तकनीकों को बढ़ावा दिया जा सके। सेप्टिक टैंकों और नालियों की सफाई करने वालों के अलावा मैला प्रथा (मैनुअल स्कैवेंजिंग) भी इस काम में लगे लोगों के लिए अभिशाप बन गई है. मैनुअल स्कैवेंजिंग का तात्पर्य किसी भी तरीके से मैन्युअल रूप से सफाई करने, शुष्क शौचालयों और सीवरों से मानव उत्सर्जन ले जाने, निपटाने या संभालने के अभ्यास से है। 28 साल पहले एक कानून के माध्यम से इस पर प्रतिबंध लगाने एवं तकनीकी प्रगति के बावजूद, मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करने वाली , मैनुअल स्कैवेंजिंग भारत में बनी हुई है। 2015 में जारी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 18 मिलियन मैनुअल मैला ढोने वाले घर थे। अधिकांश सेप्टिक टैंक मैन्युअल रूप से भारतीय शहरों में खाली किए जाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 80प्रतिशत सीवेज क्लीनर विभिन्न संक्रामक रोगों के कारण 60 की उम्र से पहले मर जाते हैं। ये दुर्घटनाएं शहरी इलाकों में अधिक हैं और क्योंकि देश के 8000 शहरी क्षेत्र हैं और 6 लाख गांव के बड़े हिस्से में सीवेज प्लांट नहीं हैं। मैनुअल स्कैवेंजिंग मुख्य रूप से जाति व्यवस्था से दृढ़ता से जुड़ा हुआ है। इस सबसे बड़े अमानवीय पेशे को खत्म करने के लिए समाज द्वारा समर्थन का अभाव भी इसके बने रहने के पीछे एक कारण है। वैसे भी शिक्षा और मानवता का अभाव आज भारत के कई हिस्सों में गायब है। इनके बारे में एक सटीक सर्वे भी नहीं हो पा रहा है।

### कॉर्टून वर्ल्ड

**युद्ध का परिणाम**




### लेटर टू एडिटर

#### डॉकघर में हो रजिस्ट्री

**पलामू** जिला अधिवक्ता संघ ने डाक अधीक्षक पलामू से पलिखकर कचहरी डाकघर से रजिस्ट्री कार्य बंद रहने के कारण हो रहे परेशानियों से अवगत कराया है। पोस्ट ऑफिस से डाक रजिस्ट्री बंद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। न्यायालय से संबंधित भी रजिस्ट्री कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर सरकार ध्यान दें।

**–संतोष पाण्डेय, मेदिनीनगर**

#### विस्तार मिले

**हिन्दी** एकमात्र ऐसी भाषा है जो संपूर्ण देश को एक सूत्र में जोड़ने का काम कर सकती है। हिंदी को अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है।आज देश में हिंदी को लेकर एक नकरात्मक आग्रह बना हुआ है।

**–शमशेर शर्मा,जमशेदपुर**

# आखिर चिकित्सा क्षेत्र की उपेक्षा क्यों?

**सुधांशु कुमार**

### सामयिक

**नौकरियां** और व्यवसाय गंवाने वाले सभी तबके के लोग इस मुश्किल को झेल रहे हैं। लेकिन उत्तरी दिल्ली नगर निगम के तहत आने वाले बाड़ा हिंदूराव अस्पताल में वेतन पर निर्भर डॉक्टरों और अस्पताल के अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की समस्या भी इसलिए लगातार गंभीर होती गई है, क्योंकि उन्हें पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। बाजार की हालत, बेलगाम महंगाई, बढ़ते खर्च के बीच अगर तीन महीनों से किसी को वेतन नहीं मिल रहा हो तो उसकी स्थिति समझी जा सकती है।

शायद यही वजह है कि मजबूरन अस्पताल के सभी रेजीडेंट डॉक्टर पिछले करीब तेईस दिनों से हड़ताल पर हैं। विडंबना यह है कि अस्पताल प्रशासन की नजर में शायद डॉक्टरों की मांग की अहमियत बहुत ज्यादा नहीं है और वह इस पर टालमटोल का रवैया अख्तियार किए हुए है। इस अनदेखी के बीच अब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आइएमए ने भी खुल कर डॉक्टरों की हड़ताल की समर्थन किया है। इस मसले पर आइएमए ने यहां तक कहा दिया कि जिस तरह से शासन हो रहा है, उसमें कुछ गड़बड़ है और यह शासन का नया निचला स्तर है, स्वास्थ्यकर्मी और खासतौर पर डॉक्टर राष्ट्रीय संपदा हैं और वेतन रोक कर उनका अपमान करना और कुछ नहीं, बल्कि राज्य प्रायोजित हिंसा है!

अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस मसले पर डॉक्टरों की नाराजगी का आलम क्या है! यह स्थिति तब है जब सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन समय पर दिया जाए। सवाल है कि इसके बावजूद अस्पताल प्रशासन का रुख ऐसा क्यों बना हुआ है! लगातार अभाव और जोखिम के बीच काम कर रहे डॉक्टरों पर इसका क्या असर पड़ेगा?

जब शुरूआती दिनों में कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए समूचे देश में पूर्णबंदी लागू हुई थी तब देश की सरकार के आह्वान पर समूचे देश में डॉक्टरों के प्रति लोगों ने अलग-अलग तरीकों से सम्मान जाहिर किया था। इसके बाद सरकार ने डॉक्टरों की सुरक्षा के मद्देनजर एक विशेष व्यवस्था भी की। लेकिन ऐसी पहलकदमियों के बजाय जमीनी हकीकत अगर उतनी ही सुखद नहीं है तो इसे किस तरह देखा जाएगा! इसमें कोई शक नहीं है कि देश अभी जिस संवेदनशील दौर से गुजर रहा है, इसमें कोरोना के संक्रमण से उपजी परिस्थिति ही सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करना पूरी तरह डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों के भरोसे पर निर्भर है, इसलिए उनका दायित्व भी बड़ा है। लेकिन अगर उनकी अनिवार्य आर्थिक जरूरतों की उपेक्षा की जाए तो उनके मनोबल को कब तक बनाए रखा जा सकता है!

देश में पहले ही आबादी और जरूरत के मुताबिक डॉक्टरों की भारी कमी है। डॉक्टरों के बीच से एक बड़ा तबका निजी क्षेत्र में चला जाता है। ऐसे में न्यूनतम सुविधाओं, संसाधनों और कोरोना जैसी महामारी के जोखिम के बीच अगर डॉक्टर अपनी सेवा देने को तैयार हैं तो अस्पताल प्रशासन को भी डॉक्टरों की मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। हर जिले में सरकारी हॉस्पीटल सह चिकित्सा कॉलेज की नीति बनाकर काम करना चाहिए। इसमें निजी भागीदारी भी सुनिश्चित हो तो सही अन्यथा इस कल्याणकारी कार्य को करना ही होगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797



*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### आजसू ने श्राद्धकर्म में दिया खाद्य सामग्री



**रजरप्पा।** कुंदरुकलां पंचायत स्थित नायक टोला निवासी स्व. कार्तिक नायक बेटा सूदन नायक के श्राद्ध कर्म कार्य में आजसू के नेताओं ने बुधवार को खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। कुंदरु कलां मुखिया सह आजसू पार्टी जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा, रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो डीएम ने परिवार के सदस्यों से मिलकर सामग्रियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा गरीबों को मदद करते आ रही है और आगे भीं सहयोग करेंगी। मौके पर उप मुखिया मोहराय महतो, जगदेव महतो, ककेशर नायक, गोपाल नायक, सूदन नायक, छूटून नायक, टेकलाल महतो, सोनू नायक, अजय कुमार, संदीप प्रसाद, कमलेश महतो आदि उपस्थित थे।

### खड़ी कार को हाईवा ने मारी टक्कर



**भुरकुंडा ( रामगढ़)।** भुरकुंडा मेन रोड स्थित गुरुद्वारा के समीप गुरुवार की सुबह हाईवा ने खाड़ी कार को सामने से टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार जेएच 24 जी 6747 नंबर की कार सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान कोयला लदी हाइवा जेएच 09 एसएफ 9931 पतरातू की ओर जाने के क्रम में सड़क किनारे खड़ी कार को सामने से टक्कर मार दी। जिस पर कार मलिक शुभ राजभर हाइवा चालक को पकड़ कर गाड़ी की चाभी लेते हुए कहा कि अपने मलिक को बुलाकर लाओ। हालांकि दुर्घटना से किसी को जान माल की नुक्सान नहीं हुआ है। शुभ राजभर सीसीएल अस्पताल में गार्ड के पद पर कार्यरत है।

### पीवीयूएन का समर कैंप संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन लिमिटेड का 15 दिवसीय समर कैंप का गुरूवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ। मुख्य अतिथि रवींद्र कुमार, सीईओ (पीवीयूएन) ने समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर निश्चित रूप से पतरातू के बच्चों के सशक्तिकरण को गति देगा। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए टीम की प्रशंसा की और स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। शिविर के दौरान छात्रों को योग, आत्मरक्षा, ललित कला और जीवन के अन्य कौशल से अवगत कराया गया। समर कैंप 2023 एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण मिशन के अनुरूप था, जो एक प्रमुख सीएसआर पहल है। जिसका उद्देश्य युवा लड़कियों को उनके सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए सशक्त बनाना है। शिविर के लिए आसपास के गांवों के 80 छात्र आगे आए। मौके पर अलकनंदा पांडा उपाध्यक्ष (स्वर्णरेखा महिला समिति) ने युवा प्रतिभाशाली समूह को उनके प्रयासों और इसे सफल बनाने के लिए सराहना की और धन्यवाद दिया। समापन समारोह के मुख्य कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पिछले 15 दिनों की सीख पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें कराटे, योग, नृत्य और थिएटर प्रदर्शन शामिल थे। समर कैंप में शामिल प्रतिभागी अनु ने कहा कि मुझे समर कैंप के दौरान घर जैसा महसूस हुआ और मैंने बहुत सी चीजें सीखीं। इस कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता और पीवीयूएन कंपनी परिवार ने भाग लिया। सभी ने बच्चों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कुजू में महिलाओं का आंदोलन जारी



**कुजू।** क्षेत्र के बुढ़ाखाप स्थित स्पंज आयरन फैक्ट्री के विस्तारीकरण के लिए 22.92 एकड़ वन भूमि का अधिग्रहण होना है। जिसको लेकर गुरूवार को भी ग्रामीण महिलाएं पेड़ों से चिपकी नजर आयी। महिलाएं अपने घरेलू काम को छोड़कर पेड़ से चिपकी रहती है। महिलाओं का कहना है कि हमारा झारखंड पहाड़, पर्वत, जंगल, झाड़ियों वाला प्रदेश है। इसकी पहचान भी इन्हीं के वजह से है। इसके बावजूद एक षड्यंत्र के तहत इन पेड़ पौधों को काटने की योजना बनाई गई है। महिलाओं को डर सताता है कि कही चोरी छिपे पेड़ों को काट न दिया जाये. महिलाओं ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान के नारे दिए जाते हैं। फिर भी आज अधिकारी इनकी हत्या करना चाह रहे है। जब तक पेडों का संरक्षण का भरोसा हमलोगों को नहीं दिया जाता तब तक हम सभी महिलाएं यहां पेड़ से ही चिपके रहेंगे।

### रैयतो ने परियोजना का काम रोका

कुजू। सात सूत्री मांग को लेकर गुरूवार को तोपा परियोजना का संपूर्ण कार्य को तोपा परियोजना में सेल संचालन समिति ग्रामीण रैयतो एवं विभिन्न राजनीतिक दल के द्वारा ठप कर दिया गया। ठप कराने वाले लोगों को कहना था कि पूर्व दिनों प्रबंधक को आवेदन देते कहा था कि 7 सूत्री मांग को जल्द पूरा किया जाये। लेकिन प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार से पहल नहीं किया गया। जिससे हम सभी लोग मजबूरन कोलियरी का कार्य ठप कराने पहुंचे। लोगों ने प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोलियरी के ऑफिस, डिस्पैच, ट्रांसपोर्टिंग पूरा तरह से बंद कर दिए। करीब 5 घंटे के बाद परियोजना कार्यालय में वार्ता किया गया। वार्ता में प्रबंधक की ओर से परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार, पर्सनल मैनेजर अविनाश श्रीवास्तव, सेल संचालन निलेश कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के अलावे आंदोलन करने वालों में आजसू जिला उपाध्यक्ष रामभजनलाल महतो, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, राजेश्वर गंझू, अलियास, असगर अंसारी शामिल हुए।

### झारखंड प्रभारी डॉ वाजपेयी केंद्र सरकार के 9 साल की गिनायी उपलब्धियां, कहा

# भाजपा सरकार ने नयी विधानसभा व हाईकोर्ट बनाया : डॉ लक्ष्मीकांत

खबर मन्त्र संवाददाता

- मुद्रा लोन की शुरूआत 2015 में दुमका जिले से हुयी थी
- हेमंतसरकार ने कितने युवाओं को नौकरी दी



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाने के लिए रामगढ़ के भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में गुरुवार को होटल शिवम इन में प्रेस वार्ता की। राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं वर्तमान में राज्यसभा सांसद सह झारखंड भाजपा के संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा विकास कार्य और गरीबी उन्मूलन से जुड़ी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

श्री वाजपेयी ने कहा कि आयुष्मान योजना की शुरूआत अंबेडकर जयंती वर्ष 2015 में झारखंड से की गई। परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर देवघर एयरपोर्ट का लोकार्पण हो अथवा संथाल परगना के 5 जिलों को पहली बार गैस पाइपलाइन देने का काम, यह सब भाजपा की सरकार के ही दौरान हुआ है।

उन्होंने कहा के पिछले 9 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल और आत्मविश्वास भरे नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के जरिए काफी सम्मान अर्जित किया है। भाजपा सरकार ने पिछले 9 वर्षों में सामान्य जनमानस के लिए विशेष कर आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग चाहे वह किसी जाति धर्म पंथ और पूजा पद्धति के हों, उनकी चिंता करते हुए तमाम विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। यही नहीं उन्होंने झारखंड के प्रति भाजपा नीत केंद्र सरकार का झारखंड के प्रति सकारात्मक सोच की जिक्र करते हुए बताया कि मुद्रा लोन योजना की शुरूआत वर्ष 2015 में झारखंड के दुमका जिले से हुई थी। नया विधानसभा और हाईकोर्ट भाजपा सरकार की देन है। हजारीबाग दुमका और पलामू में मेडिकल कॉलेज, रामगढ़ हजारीबाग में चार पेयजल आपूर्ति योजना, रामगढ़ में देश का तीसरा और पूर्वी भारत का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने का काम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने ही किया है। जनजातीय तबके के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल के माध्यम से 40 परिवारों के बच्चों को बेहतर पढ़ाई का अवसर मुहैया कराने का गौरव भी भाजपा सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार युवाओं को प्रति वर्ष 5 लाख नौकरियां देने के वायदे कर सत्ता में आई पर उनसे पूछना चाहता हूं की उन्होंने अभी तक कितनी नौकरियां दी हैं ?

उन्होंने बताया कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने नेता प्रतिपक्ष की घोषणा में सिर्फ इसलिए रोड़े अटकाए है ताकि इनके आभाव में लोकायुक्त,सूचनायुक्त,एवं महिला आयोग की घोषणा न हो पर और उनका भ्रष्टाचार परवान पर चढ़ता रहे। राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना ने कहा कि महिलाओं को सम्मान,युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से मिल रहा मुफ्त प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना से सैचुरेशन मोड में वृद्धों को मिल रही पेंशन योजना, आयुष्मान योजना से लाखो परिवार को पांच लाख तक मुक्त स्वास्थ्य बीमा,क्षेत्र के विकास हेतु सलाना मिल रही ढाई सौ से तीन सौ करोड़ की राशि, किशान,विद्यार्थी,रेलवे लाइन,मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सड़को का जाल,पर्यटन स्थल, ट्राइबल स्टडीज,पतरातू थर्मल पावर प्लांट,अक्षय पात्रा, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान,जल,गैस पाइप लाइन, कोरोना से सुरक्षा हेतु साधन, सांसद मद, मुफ्त राशन आदि धरातल पर विकास की योजनाएं उतरी है।

प्रेस वार्ता में विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल,रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत, मनोज कुमार सिंह, अविनेश सिंह,पूर्व लोकसभा सांसद यदुनाथ पांडे,पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रकाश मिश्रा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा भाजपा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह अभियान टोली के जिला संयोजक राजू चतुर्वेदी एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी उपस्थित थे।

# ओबीसी को 27 % आरक्षण के लिए तेज होगा आंदोलन : महेश्वर साहू

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्सव मैरेज हॉल भुरकुंडा में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन संपन्न हो गया। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। सम्मेलन में दो प्रस्ताव पारित हुआ। पहले प्रस्ताव में कहा गया कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों-व्यवसायियों के 10 रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमले, शोषण-दमन, हत्या, लूट पर रोक लगाने के खिलाफ आंदोलन को और तेज किया जायेगा। जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों से 200 कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान वैश्य समाज के 10 प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया। इसमें इसमें डॉ. कामेश्वर प्रसाद, पूर्व निदेशक रिम्स राम गोपाल अग्रवाल भुरकुंडा, अशोक अग्रवाल भुरकुंडा, सेना से सेवानिवृत फौजी एवं किसान अमित साहु भुरकुंडा, अवधेश शर्मा पत्रकार दैनिक भास्कर भुरकुंडा, डॉ. रामबली प्रसाद सौंदा डी, आकांक्षा मित्तल बैंकर्स सहित स्व. जगदीश प्रसाद वर्णवाल, स्व. गुलाब चंद्र अग्रवाल एवं स्व. भुनेश्वर साव शामिल हैं। मौके पर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वैश्य मोर्चा ने अपने संघर्षों के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आज अगर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला सरकार और विपक्ष के लिए मुद्दा बना हुआ है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान वैश्य मोर्चा के कार्यकर्ताओं का है।

### फरार अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल



**भुरकुंडा ( रामगढ़)।** रंगदारी मांगने के आरोप में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भुरकुंडा पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा है। भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी सतीश ठाकुर को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से पकड़ा गया है। सतीश ठाकुर 2019 से फरार चल रहा था।

### हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर भूमिपूजन

**कुजू।** कुंदरियाबांध कुजू में नवनिर्मित हनुमान मंदिर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भूमि पूजन व ध्वजारोहण हुआ। यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय, सह आचार्य भूप नारायण पांडेय, चंदन पांडेय ,गौतम पांडेय, प्रकाश पांडेय के द्वारा सपत्नीक को प्रधान यजमान महेंद्र प्रसाद मेहता, यजमान चिंतामणि महतो, लखन साव, मनोज साव, बबलू गुप्ता को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराया गया। इसके बाद गाजे बाजे के साथ महावीरी झंडा लेकर कुजू अलंकार सिनेमा, डटमा मोड़ बजरंगबली मंदिर, देवी मंडप, वैष्णो मंदिर कुजू बस्ती होते प्राचीन शिव मंदिर कुजू और कुजू बस्ती बजरंगबली मंदिर में देवी देवताओं का आह्वान करते हुए वापस यज्ञ स्थल पर पहुंच कर मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण किया गया। सदस्यों ने बताया कि कुंदरियाबांध में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 24 जून से 28 जून तक श्री श्री 1008 हनुमत साथ रुद्र महायज्ञ होगा। मौके पर कमेटी के कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा, कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार पंकज गुप्त, पप्पू गुप्ता, शिवा मेहता आदि मौजूद थे।

# बरही टाउन हॉल में लगा रोजगार मेला



**बरही।** बेरोजगार युवक व युवतियों के लिए प्रशिक्षण व रोजगार को लेकर प्रखंड परिसर स्थित टाउन हॉल में रोजगार मेला लगा। रोजगार मेला में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, गोविंद चंद्रवंशी, प्रोजेक्ट हेड जयंत सिंह, जिला मोब्लाइजर अजय दास, प्रखंड मोबलाइजर बिनोद कुमार दास, नरेश तुरी, सेंटर हेड प्रिया कुमारी, काउंसलर रुपैया कुमारी शामिल हुए। टीएसएस अध्यक्ष अरूण साहू ने सबका आभार व्यक्त किया और कहा कि झारखंड कौशल विकास योजना पूरे राज्य में बेरोजगार युवक-युवतियों के रोजगार के लिए बेहतर कार्य कर रहा है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं को नौकरियां भी मिलती हैं, जिससे ये अपने पैरों पर खड़ा हो पाने और एक अच्छा जीवन जीने की और अग्रसर होते हैं।

झारखंड कौशल विकास के प्रबंध निदेशक ने बताया कि तीन महीनों के प्रशिक्षण देने के बाद युवाओं को दूसरे राज्यों में रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क दिया जाता हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को आवासीय सुविधा, भोजन, कपड़ा के अलावा सामग्री उपलब्ध कराया जाता है। अभ्यर्थियों को आने जाने का भाड़े का वहन भी कौशल विकास केंद्र करती है। समय-समय पर जिला कौशल कमेटी के माध्यम से इसकी मॉनिटरिंग भी की जाती है और सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि अभ्यर्थियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षित किया जाए।

# युवा को एकजुट कर होगा आंदोलन : संजय मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** समान विचारधारा रखते हुए संजय मेहता एवं भुनेश्वर यादव के नेतृत्व में चलाई जा रही जन संवाद यात्रा को प्रखर और तेज करने के लिए प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम पार्क में स्थानीय युवाओं के साथ बैठक हुई। बैठक में आंदोलन को आगे ले जाने को लेकर नियोजन नीति के तहत कमिटी बनायी गयी।

कमिटी में संरक्षक संजय मेहता को मनोनीत करते हुए आंदोलन को क्षेत्र में जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। युवाओं ने आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि बरही अनुमंडल क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थाओं, निजी विद्यालय संघ, कोचिंग संस्थान, शिक्षक, छात्र, छात्रा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा, इंटर, स्नातक के छात्र समेत बुद्धिजीवियों, पंचायती राज के प्रतिनिधियों को आंदोलन से जोड़ा जाएगा। साथ ही 10 और 11 जून को झारखंड बंद का समर्थन किया गया। बैठक में उपस्थित झारखंडी नौजवानों ने एक स्वर में कहा कि झारखंड की नियोजन नीति झारखंडी भावनाओं के अनुरूप होनी चाहिए।

बैठक में नियोजन नीति नहीं होने से हो रहे नुकसान पर चर्चा की गयी। संजय मेहता ने कहा कि पिछली सरकार से पहले नियुक्तियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। लेकिन इसमें ईडब्ल्यूएस के तहत सवर्णों का आरक्षण जुड़ जाने के बाद यह 60 प्रतिशत हो गया। ऐसे में 60 प्रतिशत सीटों पर नियुक्तियां झारखंड के आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की होंगी। वहीं 40 प्रतिशत सीटें 'ओपन टू ऑल' है। अर्थात कोई भी आवेदन कर सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि केवल 60 प्रतिशत आरक्षित सीटें ही ऐसी हैं, जिन पर झारखंड के ही अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी है। बाकी के 40 प्रतिशत सीटों पर किसी भी राज्य के युवा झारखंड में रोजगार पा सकते हैं। परंतु यहाँ एक पेंच यह भी है कि झारखंड में झारखंडी होने की परिभाषा ही तय नहीं है। ऐसे में कहने को यह नीति 60 और 40 की नीति है। गहनता से अध्ययन करने पर स्थिति और भयावह नजर आती है। झारखंड का हाल जिस तरीके और जिस रूप में है यही कारण है कि झारखंडी लोगों के साथ छल होता आया है। ऐसे में सौ प्रतिशत सीटों पर इस तरह बाहरी लोग कब्जा कर लेंगे। जिससे झारखंड के लोगों का हक मारा जाता रहेगा। आंदोलन के माध्यम से 60-40 आधारित नियोजन नीति का विरोध कर रहे लोगों की मांग यह है कि झारखंड में भी बिहार की तरह नियोजन नीति लागू हो।

**बरही में नियोजन नीति को लेकर बनी रणनीति**

## एक नजर में

### गर्मी में नहीं मिला नल से जल, कार्य अधूरा



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के लगभग 10 हजार से अत्यधिक लोगों लोगों के घरों को शुद्ध पीने के पानी देने कि सरकार कि कवायद ढाक के तीन पात साबित हो रहा है। प्रखंड में लगभग 8 कंपनियां काम कर रही हैं। कार्य कर रहें ठेकेदारों की बैठक उपायुक्त संग हुई थी,कार्य में देर का कारण कंपनिययों द्वारा पंचायत के मुखिया द्वारा कार्य रही कंपनियों को हाईजैक होने कि बात बतायी गई थी। कई पंचायतों में ठेकेदारों द्वारा जरूरत से अधिक बोरिंग कर छोड़ दिया गया है। तो कई गांव में पूरा सिस्टम तैयार होने के बावजूद पानी की समस्या है। कई जगहों में गड्ढे तो कई जगहों पर प्लींथ बना कर छोड़ दिया गया है।

### सफाई को लेकर मजदूर बढ़ाये निगम : संवेदक

**हजारीबाग।** शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मार्केट में कम सफाई कर्मी काम होने के कारण ठीक ढंग से पूरी डेली मार्केट की सफाई नहीं हो रही है जिसके कारण तकरीबन 10 दिनों से ठेकेदार विनोद कुमार सिंह को दुकानदार लोग शिकायत कर रहे थे, जिसके बाद त्वरित संज्ञान लेते हुए ठेकेदार विनोद कुमार के द्वारा लिखित आवेदन नगर निगम को दी गई। मगर इस मामले में कुछ नहीं हुआ। ठेकेदार विनोद सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सिर्फ दो लेबर पूरी मार्केट की सफाई नहीं कर सकता है। ठेकेदार ने नगर निगम से मांग की है की सफाई कर्मी को बढ़ाया जाए और दुकानदारों के द्वारा बढ़ाए गए अतिक्रमण पर रोक लगाया जाए। साथ ही डेली मार्केट के दुकानदारों के द्वारा पांचों दरवाजों पर गेट लगाए जाने की बात भी कही जा रही है।

### बरकट्ठा : बिना शिलान्यास किए लौटे विधायक

**बरकट्ठा ।** नलजल योजना के शिलान्यास को लेकर ठेकेदार ने विधायक को गच्चा दे गया। बगैर शिलान्यास किए ही विधायक अमित कुमार यादव वापस लौट गए। प्रखंड के चेचकपी और बेलकपी पंचायत के बंडासिंघा में नलजल योजना के शिलान्यास को लेकर तारीख और समय दो दिन पहले से मुकर्रर था। शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव को करना था। गुरुवार को समय 10 बजे पूर्वाह्न में उक्त योजना का शिलान्यास करने विधायक चेचकपी पहुंचे। उन्होंने शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों को भी बुलाया। समय पर सभी पहुंचे। लेकिन ठेकेदार पहुंचा ही नहीं और न शिलान्यास की तैयारी ही की थी। शिलान्यास को लेकर विधायक चेचकपी में ठेकेदार के इंतजार में एक घंटे तक बैठे। अंततः विधायक गुस्से से शिलान्यास स्थल से वापस लौट गए। इसके बाद वहां मौजूद लोग भी अपने घर लौट गए। इस तरह से चेचकपी और बेलकपी में नलजल योजना का शिलान्यास नहीं हो पाया।

### मुनगा बगीचा में एक वाहन में लगी आग

हजारीबाग। शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉल ईश्वर बाबू कॉलोनी मुनगा बगीचा के समीप उमेश केसरी पिता सरयू केसरी के खड़ी वाहन में रात्रि के 1 बजे के आस पास आग लग गयी। इस मामले पर वाहन मालिक ने कहा की कुछ लोगो के द्वारा वाहन में आग लगा दिया गया। बताया की उसने मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को वाहन जलने के बाद भागते हुए देखा।बताया की कुछ दिनों पहले घर के सामने वाले मैदान में नशा का सेवन दो लोगो को उन्होंने वहा नशा करने से मना किया था तो उनलोगो ने उन्हें जान से मारने की धमकी और गाड़ी में आग लगा देने की बात भी कही थी। भुक्तभोगी के द्वारा बोला गया कि तकरीबन कुछ महीने पहले मेरी पिकअप वाहन से बैटरी खोली गई थी पूर्व में किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं हुई थी जिसको लेकर इन आरोपियों का मन बढ़ा हुआ है । बताया की मुझे शक है कि नशेड़ी युवकों के द्वारा ही मेरी वाहन में आग लगाई गई है। वही भुक्तभोगी ने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

### इचाक बरकट्ठा इचाक पथ पर मिला शव

बरकट्ठा। गोरहर थाना क्षेत्र के इचाक बरकट्ठा पथ पर चामुदोहर के निकट सड़क किनारे एक किशोर का शव बरामद हुआ है। शव की शिनाख्त श्यामसुंदर मरांडी पिता चरका मरांडी ग्राम बनवारी टोला महुआटांड़ निवासी के रूप में हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत में मृतक के परिजनों ने थाने में सड़क हादसे में उसकी मौत होने की आशंका जाहिर करते हुए मामला दर्ज कराया है। बताया है कि मृतक को बुधवार के रात्रि करीब नौ दस बजे उसके तीन दोस्त बाइक से एक शादी समारोह में बरकट्ठा थाना क्षेत्र के डुमरडीहा गांव गए। इसके बाद सुबह में शव मिला। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थानाप्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि उसके सभी तीन दोस्तों को थाने में लाकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में पता चला कि दो दोस्त बाइक से लौट गए। जबकि एक दोस्त और मृतक वहीं रुक गया। इसके बाद देर रात्रि को वह शादी समारोह से अकेले पैदल घर निकल गया। प्रथम दृष्टया उसकी मौत सड़क हादसे में होने का प्रतीत होता है। मृतक के पिता चरका मरांडी ने बताया कि उसके सिर में घर चोट देखा गया है। मृतक तीन भाई बहन में सबसे बड़ा था। घटना के बाद आदिवासी समाज में रोष है।

### सदर विधायक के सौजन्य से मिला लहंगा

कटकमसाडी। सदर विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा निरंतर भाई यानी सदर विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से ग्राम पंचायत लुपुंग निवासी स्व अशोक मेहता की पुत्री प्रीति कुमारी पंचायत डाँड़ निवासी अशोक राम की पुत्री चंदू कुमारी पिचरी निवासी सरजू पासवान की पुत्री तारा कुमारी को अपने स्थानीय विधायक माननीय श्री मनीष जयसवाल के माध्यम से विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा के कहने पर कटकमसांडी पूर्वी भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक मेहता एवं पश्चिमी अध्यक्ष सुमन रॉय ने आपने टीम श्याम मेहता रिंकू मेहता अरुण मेहता दयन्दन रॉय एवं प्रतिनिधियो के साथ उनके घर जाकर लहंगा भेंट देकर सुखमय दांम्पत्य जीवन के कामना की।

### दारू में मन का मिलन पखवाड़ा आयोजित

दारू। दारू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह मन का मिलन पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ जिले से आये मुख्य अतिथि अधिवक्ता गौरव सहाय और अधिवक्ता अमन कुमार चौधरी को पेड़ देकर स्वागत किया गया । मुख्य अतिथि गौरव सहाय ने कहा है कि विधिक सेवा सह मन का मिलन पखवाड़ा दिवस 29 मई से 14 जुलाई तक पूरे जिला में मनाया जा रहा है जिसके तहत हर प्रखंड में शिविर लगा कर लोगो को विधिक सेवा प्राधिकार के तहत गरीब , असहाय जो अदालत का खर्च नही उठा पाते है वैसे लोग निशुल्क विधिक सेवा के माध्यम से अपने केस का निष्पादन कर सकते है ।न्यायालयों में मुकदमो की संख्या अधिक होने के सीघ्र और सस्ता न्याय मिलना कठिन हो गया है ।वैसे में विधिक सेवा के द्वारा सरकारी खर्च पर वकील, कोर्ट फीस का खर्च , अभिलेख तैयार करने का खर्च जैसे अन्य खर्च से प्रदान करती है ।विधिक सेवा प्राधिकार आपको हर तरह के अधिकार की जानकारी देती है जैसे बाल विवाह कानून, पोक्सो एक्ट, निशुल्क अनिवार्य शिक्षा, साथ मे सिविल कोर्ट का मामला, आपसी जमीनी विवाद मामला, छोटे मोटे मार पीट का मामला और अन्य मामलों को आसानी से निष्पादन विधिक सेवा के द्वारा कम समय मे किया जाता है ।कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के कई लाभुकों को जॉब कार्ड , दो लाभुकों को बाबा साहेब अंबेडकर आवास, केसीसी ऋण, जेएसएल पीएस के द्वारा कई सखी मंडल के बीच 96 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों में प्रमुख कुमारी स्वेता, उपप्रमुख कौशल्या देवी, मुखिया अनिल देव , सुनील कुमार , महेंद्र मुर्मू,पिंकी देवी, फरजाना खातून, शांति देवी] रामरतन प्रसाद, आशीष कुमार, ललिता कुमारी, संजय दुबे अंजली कुमारी, सुपरवाइजर मनीषा रानी सहित प्रखंड और अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे ।

## स्पीड न्यूज़

### दुष्कर्म के दोषी को दस साल कठोर कारावास व 50 हजार जुमार्ना की सजा

**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपी घाघरा थाना क्षेत्र के डुको पीपर टोली गांव निवासी राजेंद्र उरांव को दस साल कठोर कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही 50 हजार रुपया जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त कठोर कारावास का प्रावधान किया गया है। इस मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक मो. जावेद हुसैन ने पैरवी की। साथ ही सात गवाहों ने गवाही दी। घटना 8 अप्रैल 2017 की है। पीड़िता ने तब घाघरा थाना को लिखित आवेदन देकर कहा था कि घटना के दिन वह परिवार के साथ एक शादी में गई थी। जहां आरोपी राजेंद्र ने उसके साथ जबरन बलात्कार किया था। साथ ही घटना की जानकारी किसी को नहीं देने अन्यथा जान से मारने की धमकी दी थी। इस धमकी के बाद वह डर से पीड़िता खामोश थी। इसी बीच आरोपी इसका फायदा उठाकर शादी का झांसा देते हुए लगातार उसका शारीरिक शोषण करता है। इस बीच वह जब भी शादी के लिए उसे कहती थी तो वह टालमटोल करता था। साथ ही वह दूसरी शादी करने की तैयारी में था। 18 अप्रैल को उसकी शादी थी। तभी शादी की तिथि की जानकारी होने के बाद उसने थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपी के ऊपर कार्रवाई की मांग की थी।

### पत्नी से विवाद होने पर पति ने कीटनाशक खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**गुमला।** पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद होने पर बुधवार की रात चैनपुर थाना क्षेत्र के लुपुंग पाठ निवासी 38 वर्षीय हाबिल असुर ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे रात में ही परिजनों ने चैनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। कीटनाशक खाने के बाद हाबिल घंटो बेहोशी रहा। गुमला सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में गुरूवार को उसको होश आया। मिली जानकारी के अनुसार हाबिल असुर व उसकी पत्नी सुमारी असुर के बीच किसी बात को लेकर रात में विवाद हो गया। पति ने घर में रखे कीटनाशक को खा लिया। जिसके बाद पत्नी अपने कपड़े बांधकर घर से निकल गई। इधर हाबिल की स्थिति खराब होने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

### अवैध बालू उठाव के खिलाफ डुमरी पुलिस ने चलाया अभियान, चार ट्रैक्टर जब्त

**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने अवैध बालू उठाव के खिलाफ अभियान चलाते हुए गुरुवार को चार ट्रैक्टरों को जब्त किया है। थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय ने बताया कि प्रखंड के नदी क्षेत्र से लगातार अवैध तरीके से बालू की उठाव की सूचना मिली रही थी। जिसके आलोक में गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी की गई। जिसमें बासा नदी से अवैध रूप से बालू उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर, डुमरडांड नदी से एक ट्रैकटर व टांगीनाथ मोड़ के पास से एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। वहीं पुलिस को देखकर वाहन चालक वाहन छोड़कर भाग गये। डुमरी पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी गुमला को पत्राचार किया है।

### जशपुर रोड टेंपो स्टैंड में ड्राइवरों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार गुमला जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें उपस्थित सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा सभी ड्राइवरों को टेंपो के दस्तावेजों जैसे फिटनेस टैक्स, पॉल्यूशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया बिना इन सभी वैद्य कागजातों के अनुपस्थिति में इंश्योरेंस की राशि इंश्योरेंस कंपनी द्वारा काट दी जाती है। फलस्वरूप पूरी क्षतिपूर्ति की जवाबदेही गाड़ी के मालिकों की हो जाती है। इसलिए सभी को अपने वाहनों के दस्तावेजों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने की बात कही गई। टेंपो स्टैंड से ही पैसेंजर को लेकर परिचालन करने की हिदायत भी दी गयी। गुमला जिला में ऑटो और बस पडाव का चयन कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य स्थानों से पैसेंजर ले जाने या छोड़ने की स्थिति मे जुमार्ना किया जा सकता है। पिछले एक जून से नियमित यह अभियान चालू है और सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से 52 वैसे लोगों जिन्होंने गुमला जिले में सड़क पर गाड़ी खड़ी कर आदेश अवहेलना की है को ऑनलाइन चालान निर्गत किया गया है।

### रागी मिशन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता गुरूवार को रागी मिशन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रागी के उत्पादन के साथ साथ उसके मार्केटिंग स्टारटर्जी से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस डीपीएम को मार्केट एनालिसिस के आधार पर उत्पाद के गुणवत्ता पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने उत्पाद बढ़ाने के साथ साथ मार्केटिंग स्ट्रेटजी तैयार करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मार्केटिंग टीम के गठन करने का निर्देशित किया। रागी से निर्मित सभी उत्पाद पौष्टिकता के गुणों के साथ साथ स्वाद से भरपूर है। जानकारी के अभाव में लोग रागी निर्मित वस्तुओं की खरीद नहीं कर पाते जिसके लिए हर एक मुख्य चौक चौराहे पर उक्त संबंधित होडिंग एवं पोस्टर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मिलेट कैफे के सुंदरीकरण एवं उसके क्षमता वृद्धि करने का निर्देश दिया। उन्होंने ओडिशा एवं साउथ इंडिया विजिट करते हुए रागी निर्मित उत्पादों के गुणवत्ता एवं उसके मार्केटिंग स्टारटर्जी को समझने की बात कही। उपायुक्त के निर्देश पर अब रागी के गिफ्ट हैंपर्स भी तैयार किए जाएंगे एवं होम डिलीवरी की भी सुविधा जल्द हो प्रारंभ किया जाएगा ।

### बीडीओ ने प्रखंड में चल रहे सरकारी योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

**घाघरा।** घाघरा बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने गुरुवार को प्रखण्ड क्षेत्र में चल रहे सरकारी योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में टोटाम्बी उच्च विद्यालय और गम्हरिया प्राथमिक विद्यालय के बने चारदीवारी की जांच की। वहीं कुगाव में भूमि संरक्षण विभाग से चल रहे तालाब जीर्णोद्धार के कार्य का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आदर पंचायत में लंबित आवास के लाभुकों से मिलकर 30 जून तक आवास का कार्य पूरा करने का निर्देश भी दिया। इस मौके पर कनीय अभियंता सतीश बंसल,आवास कॉर्डिनेटर अशोक कुमार सहित कई कर्मी व लोग उपस्थित थे।

# राज मार्ग पर अवैध शराब की बिक्री पर ढाबा होगा सील

## जिला स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न बोलें उपायुक्त

### जिले के युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने हेतु चलाया जाएगा अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिले के सर्वांगीण सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान राज्य से प्राप्त सूचना के आधार पर आगामी 09 एवं 10 जून को जिले में संभावी हड़ताल की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के मेजिस्ट्रेटिव टीम को सजग रहने का निर्देश दिया। मुख्य स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की बात कही एवं सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी को चौकन्ना रहने का निर्देश दिया। जिला स्तरीय सुरक्षा समिति के बैठक में जिले के सुरक्षा से संबंधित भी कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के युवाओं के नशीले पदार्थों के प्रति खिंचाव पर चिंता व्यक्त की। भावी पीढ़ी को नशे के गिरफ्त से बाहर रखने हेतु कई योजनाओं पर चर्चा करते हुआ उन्होंने आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही सार्वजनिक स्थानों के सुन सान होते ही वहां गुट बना कर नशीले पदार्थों के सेवन करने वाले पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पेट्रोलिंग बढ़ाने की भी बात कही। वहीं उन्होंने हाईवे में संचालित ढाबों का भी नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। अवैध रूप से ढाबों में शराब व अन्य नशीले पदार्थों के बिक्री होने पर उक्त ढाबा को अविलंब सीज करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा की दृष्टिकोण से उपायुक्त ने एक्सीडेंटल स्थानों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का निर्देश दिया। आवश्यक स्थानों पर पुलिस कर्मियों के लिए शेड बनाने हेतु प्रस्ताव की मांग की। वहीं कुछ चिन्हित स्थानों पर सोलर लाइट भी लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान होम गार्ड नियुक्ति के संबंध में नवंबर माह में नियुक्ति प्रक्रिया किए जाने पर उपायुक्त ने सूचना दी। इसके अलावा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिव, अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता , एसडीओ सदर रवि जैन, एसडीओ बसिया संजय पीएम कुजूर, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, डीएसपी प्राण रंजन, विशेष शाखा पदाधिकारी सहित सामन्या शाखा पदाधिकारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।



बैठक में शामिल डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी

## अल्पसंख्यक विद्यालय से सेवानिवृत शिक्षकों की समस्या पर चर्चा

### समाधान के लिए पेंशन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष से किया जाएगा वार्ता, चार फीसदी बढ़ें महंगाई भत्ता को यूकों बैंक नहीं कर रहा भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक वरिष्ठ पेंशनर भागी नाग की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई। बैठक में अल्पसंख्यक विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं के पर चर्चा किया गया और उनके त्वरित निदान के लिए पेंशनर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार सिंह से शीघ्र वार्ता करने का निर्णय लिया गया। पेंशधारियों के मंहगाई भत्ता में जनवरी 2023 से चार फीसदी वृद्धि किया गया है। इस आशय की अधिसूचना भी झारखंड सरकार के वित्त विभाग द्वारा निर्गत कर दिया गया है। लेकिन अभी तक यूको बैंक की शाखा द्वारा इस राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण बैठक में उपस्थित सदस्यों ने रोष व्यक्त किया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए बैठक में पेंशनर समाज के जिला उपाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता द्वारा समाज के कार्यालय में ठंडा पेयजल का जार और डिसपेंशर अधिष्ठापित किया गया। उनकी इस सह्दयता पर सभी सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया। अंत में उडीसा के बालासोर में घटित भीषण रेल दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन धारण कर कालकवलित यात्रियों के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। बैठक में महावीर प्रसाद मिश्र, सिद्धेश्वर प्रसाद,रामानुज शर्मा,अमरनाथ साहू, भागी नाग, प्रभाकर दास, अगस्तुस एक्का, मेझरेन मिंज, तारामणि एक्का तथा प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन उपस्थित थे।

## रोगाडीह जंगल के समीप पुलिस ने दो सौ गोवंशीय पशुओं को किया जब्त

### 10 तस्कर गिरफतार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के रोगाडीह जंगल के समीप पुलिस ने दो सौ गोवंशीय पशुओं को जब्त किया है। वहीं मौके पर पुलिस ने 10 तस्करो को भी गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कुरुमगढ़ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रोगाडीह जंगल के समीप से कुछ लोग अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं को मारते पीटते हुए तस्करी के लिए ले जा रहे हैं। जिसके बाद कुरुमगढ़ थाना थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने एक छापामारी दाल का गठन किया और दल बल के साथ सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए लगभग दो सौ गोवंशीय पशु तथा 10 तस्करों को खदेड़ कर पकड़ा और उन्हें थाना लेकर आये। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध गोवंशीय पशु तस्करी के खिलाफ लगातार कारवाई जारी रहेगी। वहीं जब्त किये गये सभी पशुओं को वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर जरूरतमंद किसानों के बीच जिम्मेनामा लिखाकर सौंप दिया जाएगा।



कुरूमगढ़ पुलिस के द्वारा जब्त किया गया पशु

## डायन बिसाही की घटनाएं चिंता का विषय : पार्थ

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा फोरी में डायन बिसाही उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला प्रखंड के फोरी पंचायत भवन में गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वधान में डायन बिसाही उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री पार्थ सारथी घोष ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गुमला जिला में डायन बिसाही को लेकर बराबर घटनाएं हो रही है जो चिंता का विषय है। डायन प्रथा उन्मूलन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के द्वारा लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। श्री घोष ने कहा कि ग्रामीण जनता डायन बिसाही का भ्रम नहीं पालें क्योंकि डायन बिसाही नाम का कोई भी चीज नहीं होता है। यदि आपके घर पर कोई भी व्यक्ति कोई भी बच्चा बीमार पड़ता है तो ओझा गुणी झाड़-फूंक के चक्कर में रहकर बीमारी को नहीं बढावें। सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज होता है आप बीमार होते हैं तो शीघ्र वहां जाएं और अपना इलाज करायें। यदि किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता, कानूनी सहायता की आवश्यकता होती है तो आपके पंचायत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लीगल एड क्लीनिक खोला गया है। वहां आप अपना आवेदन दे सकते हैं। डायन कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए झालसा के द्वारा लीगल एड क्लीनिक का संचालन जिला की 13 पंचायतों में किया जा रहा है तथा फोरी पंचायत में भी क्लीनिक चल रहा है। जहां पीएलबी जोसेफ किंडो को नियुक्त किया गया है। ग्रामीणों को किसी भी तरह की कोई भी दिक्कत होने पर तुरंत ही पीएलबी जोसेफ किंडो से संपर्क कर उसकी जानकारी दें ताकि हमको उसकी जानकारी मिल सकेगी और हम उसका समाधान करेंगे। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के जितेंद्र सिंह ने भी डायन बिसाही अधिनियम पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में मुखिया सुदामा उरांव ,सेविका सरस्वती देवी, सहायिका, पंचायत सेवक तथा ग्रामीणों में केशव चंद्र साय ,गंभीर बख्श, मगन उरांव, जिमा बीबी, गनदूर बड़ाईक तथा अन्य ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।



कार्यशाला में शामिल डालसा सचिव व अन्य

## बीडीओ ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** डुमरी प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं का गुरूवार को बीडीओ एकता वर्मा ने निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में प्रखंड के करनी पंचायत के लतापानी तालाब एवं बिरसा आवास का निरीक्षण बीडीओ ने किया। तालाब निर्माण कार्य का बीडीओ ने फीता से मापी भी करायी। वहीं जल जीवन मिशन से बन रहे जलमीनर का निरीक्षण बीडीओ ने किया। वहीं आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों को दिये गये बिरसा आवास योजना का भी बीडीओ ने निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि लाभुक आवास निर्माण का कार्य नहीं कर रहे हैं। कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिरसा आवास योजना निर्माण कार्य के लिए एक महीने का दिया गया अल्टीमेट भी खत्म हो गया और अभी भी कई ऐसे लोग हैं जिनके घरों की नींव भी नहीं रखी गई। जिसपर बीडीओ ने लोगों से बातचीत कर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात कही। वहीं ग्रामीणों को प्रखंड से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ बाईक से इन गांवों का दौरा किया। क्योंकि इन दुरस्त गांवों तक पहुंचने के लिए सड़क भी नहीं है। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक गुप्ता, रोजगार सेवक अमित जयसवाल, प्रखंड कर्मी सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण करती बीडीओ

## अरमई गांव के ग्रामीणों ने की आम सभा, पेयजल का मुद्दा छाया रहा

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला सदर प्रखंड के अरमई गांव में लोगों के द्वारा ग्रामीणों की आम बैठक गुरूवार को हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव को आमंत्रित किया गया था। ग्रामीणों ने अपने गांव के मूलभूत समस्याओं से कांग्रेस जिलाध्यक्ष को अवगत कराते हुए बताया गया कि गांव में पेयजल की गंभीर समस्या है। गांव में कुल पांच चापाकल है। परंतु चार चापाकल खराब पड़ा है। महज एक चापाकल पर पूरे गांव के लोग आश्रित हैं। उन्होंने मांग किया की पेयजल की गंभीर समस्या से निजात दिलाने हेतु पहल की जाए। सभी खराब चापाकल को मरम्मत कराने की जरूरत है। साथ ही गांव में ग्रामीण नल जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की कांग्रेसी जिलाध्यक्ष से अपील की। इस संबंध में ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए तत्काल जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं स्थानीय मुखिया को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पहल करने की अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में गांव में आवागमन की काफी समस्या होती है। पूरे रास्ते पर कीचड़ भरा जाता है और आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने गांव में पीसीसी पथ निर्माण की मांग की। इस संबंध में जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण अपना आवेदन दें मैं संबंधित विभाग को पत्राचार कर निर्माण की मांग करूंगा। गांव के लोगों ने बताया गया कि गांव में कई ऐसे योग्य बुजुर्ग हैं जिनका पेंशन नहीं मिलता है। पेंशन की मांग की गई। साथ ही कई दिव्यांग एवं विधवा को पेंशन आदि नहीं मिलता है।

### विश्व योग दिवस पर योग परिवार करेगा कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में गुरूवार को योग परिवार की बैठक अध्यक्ष श्री अशोक जयसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 21 जून को विश्व योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने एवम लोगों के बीच जनजागरण चलाकर योग को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन श्री राजू कच्छप को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर योगा परिवार के अध्यक्ष अशोक जयसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य भारत का निर्माण तभी हो सकते है जब सभी लोग स्वस्थ रहेंगे। बैठक में योग टीचर संजय साहू , शकर लाल जाजोदिया विशाल कुमार, संतोष झा, शिव कुमार लाल, सुरेन्द्र त्रिपाठी, ओमप्रकाश साहू, बैजनाथ प्रसाद, योगेंद्र साहू, जयकांत राय, राकेश कुमार, संजय सिंह, सुदामा बड़ाइक, सुदन सिंह, कृष्णा सोनी, रविन्द्र कौर शशि किरण जयसवाल, सरिता देवी, कांति देवी, जयश्री बड़ाइक, राजश्री बड़ाईक आदि उपस्थिति थी।

## लेवी के लिए भट्ठा मालिक के घर पर गोली चलाने तीन आरोपी गिरफ्तार

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा। सदर** थाना क्षेत्र के निंगनी गांव में विगत 8 मई को एक ईंट भट्ठा मालिक के घर पर लेवी की मांग को लेकर टीपीसी नक्सली नाम का पोस्टर चिपका कर गोली चलाया गया था। पोस्टर में ईट भट्ठा व्यवसाई उपेंद्र साहू से लेवी की मांग की गई थी ।इस मामले में गुरुवार को सदर थाना पुलिस ने कांड दर्ज करते हुए अनुसंधान कर तीन अपराध कर्मी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा रवि साहू गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के पौढा गांव का रहने वाला है वहीं शिवराज साहू और नवल साहू सदर थाना क्षेत्र के निंगनी गांव का ही रहने वाला है। लोहरदगा पुलिस ने रवि साहू के घर से एक देसी कट्टा सहित अन्य दोनो से 3 मोबाइल, एक पैड और एक स्कूटी बरामद किया है। गुरुवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी आर रामकुमार ने बताया कि सिसई निवासी रवि साहू के ऊपर गुमला में एक मामला दर्ज है। तीनों अपराधकर्मी पैसा कमाने के लिए टीपीसी नक्सली का पोस्टर चिपका कर व्यवसाई के घर में गोली चलाया था। इस घटना के बाद अभियान एसपी दीपक पाण्डेय के अगुवाई में जांच टीम का गठन किया गया ।जिसने इन तीनों अपराधियो को धर दबोचा।



गिरफ्तार अपराधियो के साथ एसपी व अन्य

## ऐतिहासिक नौ दिवसीय रथयात्रा मेला की तैयारी शुरू

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा ।** प्रखंड में नौ दिवसीय ऐतिहासिक रथयात्रा मेला की तैयारी शुरू कर दी गई। है। आगामी 20 जून को लगने वाले ऐतिहासिक रथयात्रा को लेकर रथ का निर्माण कार्य करने समेत अन्य जरूरी काम शुरू हो गया है। भंडरा ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर में रथ का निर्माण का कार्य जोर शोर से चल रहा है। भंडरा में ऐतिहासिक रथ मेला को लेकर अभी से ही दूर-दराज से झूला, सर्कस, मौत का कुआं के टेंट लगाना शुरू हो गया है। इसके अलावे भंडरा के मिठाई दुकानदार अभी से ही रथयात्रा मेला को लेकर मिठाई बनाने में जुट गए है। ऐतिहासिक रथ मेले मे देश के विभिन्न राज्यों से दुकानदार व श्रद्धालु पहुचे है ।क्षेत्र के हजारों मजदूर जो कमाने के लिए दूसरे प्रदेश पलायन किये थे वे मेला देखने के लिए मेले से पूर्व आते है । रथयात्रा मेला आयोजन समिति के किशोरी मोहन शर्मा ने बताया कि रथयात्रा मेला का भव्य आयोजन की तैयारी किया जा रहा है। ऐतिहासिक रथयात्रा मेला को लेकर आयोजन समिति द्वारा स्वयं सेवी दल का भी गठन किया जा रहा है, ताकि मेला में शांति व्यवस्था कायम रहे। उन्होंने कहा कि 20 जून को सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगनाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा को रथ में आरुढ़ कर अखिलेश्वर धाम स्थित मौसी बाड़ी लेकर जाएंगे। जहां पर नौ दिन तक भगवान के अलग-अलग रूपों का श्रद्धालु भक्त दर्शन करेंगे। साथ ही भंडारा का भी प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनेंगे।



मेले के तैयारी शुरू

## एक नजर में

### राज्यपाल का उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया स्वागत

**लोहरदगा।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का गुरूवार को लोहरदगा जिला की सीमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। राज्यपाल गुरुवार को लातेहार, पलामू एवं गढ़वा जिला के दो दिवसीय दौरे पर रांची-लोहरदगा होते हुए सड़क मार्ग से उपरोक्त तीनों जिलों के लिए रवाना हुए। जहां जिले के डीसी ,एसपी ने उनका स्वागत किया ।इस अवसर पर जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### मवेशी से लदा ट्रक जब्त संलिप्त आरोपी पर होगी कारवाई

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग पर जय माता दी होटल के समीप पुलिस वाहन से ट्रक चालक को ओवर टेक करने के दौरान सेन्हा थाना पुलिस द्वारा ट्रक को रोक पूछताछ किया गया तभी चालक ने बताया की वाहन में मवेशी लोड है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा ट्रक को जब्त कर सेन्हा थाना में लाकर सभी जानवर को ट्रक से उतार कर सुरक्षित रखा गया। बताया जाता है की ट्रक नंबर जे एच 01ई एन 2014 में 24 जानवर को छतीसगढ़ राज्य के रायगढ़ से लोहरदगा लाया जा रहा था। तभी ट्रक चालक पुलीस वाहन को ओवर टेक कर रफ्तार से पार किया जिसपर थाना प्रभारी को संदेह हुआ की इस में कुछ अवैध रूप से किसी चीज का तस्करी हो रहा है। जिस पर पुलिस कारवाई में वाहन में 24 मवेशी लदा मिला। सभी मवेशी का पैर बांध कर ट्रक से ले जाया जा रहा था। थाना प्रभारी अभिनव ने कहा की ट्रक में 24 मवेशी लदा पकड़ा गया है। पशु पालन चिकित्सक पदाधिकारी को सूचना दिया गया है। मवेशीयो का जांच के उपरांत ट्रक चालक,मालिक एव पशु तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी करवाई किया जाएगा।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो कोयल नदी से इन दिनों लगतार अवैध बालू उठाव कर परिवहन का मामला प्रकाश में आते ही गुप्त सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से एक ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करते हुए जब्त कर थाना लाया गया। जब्त वाहन के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत सख्त कारवाई किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बता दें कि सीठीयो कोयल नदी से अवैध बालू उठाव की सूचना अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं थाना प्रभारी अभिनव कुमार को प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में तत्काल छापेमारी टीम गठित कर क्षेत्र में गुप्त रूप से छापेमारी किया गया। उसी दौरान अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को धर दबोचने में पुलिस को कामयाबी मिली बताया जाता है कि पकड़े गए ट्रैक्टर में स्वराज ट्रैक्टर रजिस्टेशन नम्बर अंकित नही है। ट्रैक्टर को सेरेंगहातु लोहरदगा पथ से जब्त किया गया है।

स्पीड न्यूज

## दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**डंडई।** डंडई पुलिस ने गुरुवार को थाना कांड संख्या 23/2023 के नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अभियुक्तों में ग्राम रारो निवासी जितेंद्र यादव पिता तुलसी यादव तथा बसंत यादव पिता किशन यादव का नाम शामिल है। थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी ने बताया कि बीते पांच मई को थाना क्षेत्र के पथलाही टोला में डायन-बिसाही को लेकर मारपीट हुई थी। मारपीट के घटना के बाद पीड़ित की ओर से थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसके कांड संख्या 23/2023 के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त जितेंद्र यादव तथा बसंत यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत गढ़वा जेल भेज दिया गया।

## बहु ने सास को किया घायल

भवनाथपुर। खरौंधी थाना क्षेत्र के गटियरवा गांव में पुतोह ने सास को दांत से काट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में सास फुलेश्वरी देवी ने बताया घर में गाय बांधने को लेकर उपजे विवाद में मेरी पुतोहु कविता देवी पति उमेश मेहता ने मुझे बाल पकड़कर पटक दिया एवं मेरे पति को भी मारा। जिसके बाद गुस्से में आकर उसने मुझे दांत से काटकर लहूलुहान कर दिया। घायल अवस्था में फुलेश्वरी देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंची। वहां पर मौजूद चिकित्सक नीतीश भारती ने उक्त महिला का इलाज किया।

## नल जल योजना बना ठेकेदारों का लूट-खसोट का अड्डा

**सिमरिया।** प्रखंड में इन दिनों कई गांवों में धड़ल्ले से नल जल योजना का कार्य चल रहा है। जिसमें ठेकेदारों के द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। मालूम हो की बानासाडी पंचायत अंतर्गत काशियाडीह गांव में होम डिलीवरी पाइप लगाने का कार्य चल रहा है जिसमें पाइप लगाने हेतु गढ़ा 12 से 18 इंच करनी थी लेकिन संवेदक के द्वारा मात्र 2 से 3 इंच गढ़ा की जा रही है और पाइप लगा दी गई है जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है।

## प्रतिबंधित वन क्षेत्र में हो रहे केंदू पत्ता की खरीदारी, राजस्व का नुकसान

**सिमरिया।** प्रखंड के प्रतिबंधित वन क्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर अवैध रूप से केंदुपता तोड़ा जा रहा है। जिससे सरकार की लाखों रुपए की राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस अवैध कारोबार में सिमरिया और चतरा प्रखंड के कई लोग लगे हुए है। मालूम हो की सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के सिंद्रीबार, चोरबोरा, चौब्याही के जंगल से केंदुपता तोड़ा जा रहा है और खलिहान बनाकर भंडारण किया जा रहा है। तथा पत्ते को बाहर भेजा जा रहा है। जानकारी के बावजूद भी वन विभाग चुपी साधे हुए हैं। विभाग के द्वारा कोई कारवाई नही होने से तस्करों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

## आज सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली रहेगी बंद

**कोडरमा।** जिले में शुक्रवार को डीवीसी में मेंटेनेंस कार्य को लेकर जेएसईबी का एक एवं दो सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी। जिसमें कोडरमा शहर, कोडरमा ग्रामीण, मेघातरी, जयनगर प्रखंड, डोमचांच प्रखंड, मरकच्चो प्रखंड, सतगावां प्रखंड एवं सपही क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उक्त आशय की जानकारी विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियन्ता मनोज कुमार सिंह ने दी।

## हाथी ने मचाया उत्पात

डोमचांच (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत बंगाखलार पंचायत के नावाडीह गांव में बीती रात हाथी ने एक बार फिर उत्पात मचाकर दो घरों को ध्वस्त कर दिया। वहीं घरों में रखे अनाज को भी खा गया। हाथी ने बंगाखलार पंचायत समिति सदस्य रनिया देवी व राजेश हांसदा का घर को ध्वस्त किया। हाथी ने ज्यादा नुकसान पंसस रनिया देवी का किया। हांथी ने घर के दीवार तोड़ते हुए आंगन में पहुंचकर मोटरसाइकिल व साइकिल को तोड़ दिया और घर में रखे अनाज को खा गया। साथ ही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नावाडीह जंगल का गेट तोड़कर चावल खा गया।

### कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

## भारत सरकार की योजना सभी लोगों तक पहुंचाना लक्ष्य : अन्नपूर्णा



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल डंडाडीह में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी एवं जन संघ कार्यकर्ता सम्मेलन बरकट्ठा विधानसभा अंतर्गत जयनगर मंडल सह परसाबाद मंडल संयुक्त कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी एवं रामदेव मोदी ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद अन्नपूर्णा देवी ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सांसद को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने उपलब्धियां गिनायी और कहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लिए नल जल योजना लाई और लाभुकों को इसका लाभ मिल रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को लगभग चार करोड़ आवास एवं शौचालय बन चुके हैं, वृद्धा पेंशन आदि कई उपलब्धियों को गिनायीं। वहीं विधायक अमित कुमार यादव, नितेश चंद्रवंशी, अनूप जोशी, राजकुमार यादव आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर वीरेंद्र सोनी, मंटू पंडित, उर्मिला देवी, गीता देवी, राजेंद्र राम, महावीर यादव, हीरामन मिस्त्री, राजू साव, किशन प्रसाद यादव, रामलखन यादव, कुंदन यादव, महेंद्र राणा, टूकलाल नायक, अर्जुन नायक, विजेंदर मेहता, इंद्रदेव यादव, लोकनाथ राणा, भोला प्रसाद, अनिल आजाद व काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

# आर्थिक तंगी से जूझ रहा था आरोपी, चाकू से किया था हत्या

### शंकर साव के हत्या मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस ने नवलशाही थाना क्षेत्र के रायडीह में बीते 3 जून को घूम घूम कर अनाज का व्यवसाय करने वाले नवादा, नवलशाही निवासी शंकर कु साव पिता लालो साव की हत्या का खुलासा करते हुए, हत्याकांड में शामिल आरोपी ग्राम बिगहा, थाना नवलशाही निवासी को गिरफ्तार किया है, साथ ही हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी प्रवीण पुष्कर ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हत्याकांड को अंजाम देने वाला आरोपी पप्पू कुमार मेहता पिता जयनारायण मेहता ऑटो चलाने का काम करता था और कुछ दिनों से आर्थिक तंगी में था, आरोपी को पता था कि मृतक शंकर कुमार साव घूम घूम कर लोगों से विभिन्न प्रकार के अनाज को खरीदने और फिर उसको बेचने का व्यवसाय करता था और जब भी वह अनाज खरीदने निकलता था तो उस समय उसके पास बहुत पैसे रहता था।

घटना के दिन जब शंकर साव अनाज खरीदने निकला तो पहले से ही रेकी कर रहे पप्पू मेहता ने उसे मसनोडीह में लोहा खरीदवाने का ऑफर दिया और उसे मसनोडिह ले गया, रायडीह पहुंचने पर मृतक पेशाब करने के लिए रुका, इसी दौरान मौका देख पप्पू मेहता पीछे से उस पर चाकू से पांच बार हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गयी, हालांकि इसी दौरान मोटरसाइकिल आता देख आरोपी बिना पैसे लिए फरार हो गया। एएसपी ने बताया कि घटना के बाद मृतक के भाई के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 38/23 में मामला दर्ज करते हुए, कांड के उद्भेदन के लिए एएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, एसआई कुमार शिवम, डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, एएसआइ नीरज कुमार व तकनीकी सेल को शामिल किया गया।

एएसपी ने बताया कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी दिल्ली फरार हो गया था, अनुसंधान के क्रम में आरोपी की संलिप्तता पाए जाने के बाद पुलिस के दबाव में आकर आरोपी बीते बुधवार को दिल्ली से लौटा था, इसकी जानकारी मिलते ही, टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी छापामारी कर, आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रेसवार्ता में एएसपी के अलावे पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह, नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, एसआई कुमार शिवम आदि मौजूद थे।

### एक नजर में

## बस और ट्रक की टक्कर, आधा दर्जन से अधिक घायल


**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य मार्ग पर रोहिनिया गांव के समीप तीखे मोड़ पर गुरुवार की सुबह शिवोत्तम नामक बस और एलपी ट्रक के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में आधा दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से चोटिल हो गए। गनीमत रही कि इतनी भीषण दुर्घटना के बाद भी कोई हताहत नहीं हुई। घायलों में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी बिनोद राम और उसके पुत्र उत्पल कुमार, यस कुमार, करीवाडीह के हुसरु निवासी रामनाथ उरांव को इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया है, शेष घायलो का खरौंधी के निजी अस्पतालो में किया जा रहा है।

## फरियादियों की समस्याएं से अवगत हुए उपायुक्त

कोडरमा। उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्य से अवगत हुए एवं जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुने एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन हड़पने, पेयजल आपूर्ति, पैतृक जमीन को हाथिया कर मकान निर्माण करने समेत कई मामलों में आवेदन प्राप्त हुए। इसपर उपायुक्त ने उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

## ग्राहक के खाता से फर्जी तरीके से निकासी का मामला प्रकाश में

खबर मन्त्र संवाददाता



आवेदन देने पहुंची गायत्री देवी

**भवनाथपुर।** पंजाब नैशनल बैंक के खाता से फर्जी तरीके से निकासी का मामला प्रकाश में आया है। ग्राहक गायत्री देवी ने शाखा प्रबंधक को आवेदन देकर पैसा वापस कराने की मांग की है। केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह निवासी अजय गुप्ता की पत्नी गायत्री देवी ने पंजाब नैशनल बैंक सिंघीताली शाखा में आवेदन कर कहा है कि मेरा खाता संख्या 2653001700401735 से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अगल-अलग 12 किश्तों में एक लाख नौ हजार पांच सौ की निकासी कर ली गई है। 12 अप्रैल को 15 हजार, 13 अप्रैल को 10 हजार, 14 अप्रैल को 10 हजार, 15 अप्रैल को 10 हजार, 16 अप्रैल को 5 हजार, 1 मई को 10 हजार, 2 मई को 19 हजार 5 सौ, 3 मई को 10 हजार, 4 मई को 10 हजार, 2 जून को 10 हजार रुपये निकासी किया गया है। जबकि मैंने 12 अप्रैल से 2 जून के बीच मैंने न तो अंगूठा लगा कर निकाला है और न ही कही अंगूठा लगाए हैं फिर भी मेरा पैसा निकासी हो गया है। जो पैसे का निकासी की है उसे गंभीरता से लेकर जांच कर पैसे वापस कराया जाए।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**जयनगर (कोडरमा)।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को जन अधिकार संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल व युवा नेता उमेश यादव के नेतृत्व में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस पर मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

# थाना प्रभारी पर जातिसूचक शब्द प्रयोग करने का आरोप, एसपी को आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रूपयाडीह निवासी राजकुमार पासवान ने जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा पर जाति सूचक शब्द प्रयोग करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने गुरुवार को एसपी कुमार गौरव को आवेदन देकर कार्यवाई की मांग की है। आवेदन में राजकुमार पासवान ने बताया कि गुरुवार की सुबह लगभग 10:30 बजे मैं एक मामले की जानकारी लेने के लिए थाना पहुंचा, जिसके बाद थाना प्रभारी मुझे देखकर आग बबूला हो गए और यह कहने लगे कि तुम थाना आने का हिम्मत कैसे किये। तुम साले दुसाध मेरे रहते हुए थाना में नजर नहीं आना, मेरा विरोध करता है, तुमको मार कर फाड़ देंगे और तुमको बर्बाद कर देंगे एवं तुम्हारा क्या औकात है कि राजनीति करेगा। इसपर फिर मैंने पूछा कि मैंने क्या किया है जो आप इस तरह का अपशब्द बोल रहे हैं, तो थाना प्रभारी के द्वारा कहा गया कि साले तुम हिम्मत कैसे किया मेरे विरोध करने का।जयनगर थाना प्रभारी के रवैया से मैं काफी दहशत में हूं अगर थाना प्रभारी के ऊपर 48 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो पुलिस अधीक्षक कोडरमा के सामने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठूंगा।

## अलग-अलग कांड में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के नवलशाही थाना कांड संख्या 30/23 धारा 379/411/34 भादवी. एवं 13 झारखंड अवैध खनन परिवहन एवं भंडारन नियमावली 2017 एवं 54 जेएमसी नियम 2004 के प्राथमिकी अभियुक्त 55 वर्षीय छोटेलाल साव पिता स्व. अमीर नायक उर्फ स्व. अमीर साव साकिन नावाडीह थाना मरकच्चो व 50 वर्षीय विनोद यादव पिता केदार यादव ग्राम गादी थाना मरकच्चो निवासी को नवलशाही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## भाजयुमो मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल कार्यसमिति की बैठक बृहस्पतिवार को बलबल बागेश्वरी मंदिर परिसर सामुदायिक भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बबलु कुमार साव व संचालन महामंत्री मिथलेश सिंह ने किया। बैठक में आगामी 12 एवं 13जुन को विधानसभा स्तरीय सभी मोर्चों का संयुक्त रुप से होने वाले सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन,बाईक रैली समेत कई कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला प्रभारी बिंदेश्वरी यादव, सरयु पांडेय समेत कई शामिल थे।

## आवास निर्माण में लापरवाही बरतने वाले पर कार्रवाई का निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी, प्रखंड समन्वयक एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से कटिया एवं रुपयाडीह पंचायत में आवास निर्माण में लापरवाही बरतने वाले लाभुकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया एवं सभी लाभुकों की समस्या को सुना गया और उसमे त्वरित करवाई करते हुए बॉन्ड पेपर भरवाया गया और हिदायत दी गई कि लाभुक ससमय आवास पूर्ण नहीं करेंगे तो उनका पैसा रिकवर कर लिया जाएगा। मौके पर मुखिया, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, बीएफटी एवं ग्रामीण मौजूद थे। पी-6

## संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से राजमिस्त्री की मौत

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराही में बुधवार देर रात एक व्यक्ति अपने ही घर में आग की चपेट में आ गया। वहीं व्यक्ति की पत्नी और बच्चों के द्वारा हो हल्ला करने के बाद आसपास के लोग जुटे और आग पर काबू पाने के बाद गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी पहचान 34 वर्षीय सुरेंद्र सिंह पिता बालकी सिंह ग्राम पिपराही निवासी के रूप में की गई। वहीं इलाज के दौरान गुरुवार को सदर अस्पताल में मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के परिजन आग लगने के स्पष्ट कारणों को बताने से बच रहें हैं। वहीं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र सिंह राजमिस्त्री का काम करता था।

## नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति जनहित में हमेशा तत्पर : श्री सहाय



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति के पदाधिकारी गुरूवार को झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्र के मड़ुआटांड़ वार्ड नंबर 28 निवासी असहाय विधवा मालती देवी के घर पर उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि मालती देवी के पति संजय कुमार चन्द्रवंशी जो तिलैया के एक होटल में रात्रि प्रहरी के रूप में कार्यरत थे, उनकी विगत माह एक विक्षिप्त द्वारा हत्या कर दी गई थी। जबकि स्व. संजय के दो बेटी एवं दो बेटा थे और वह अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। मालती देवी की दयनीय स्थिति एवं कुपोषित बच्चों का समाचार नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति के महासचिव मनोज सहाय पिंकू को प्राप्त होने पर उनके साथ समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव, संजय शर्मा, समाजसेवी अवनिंद्र सिंह, पिंटू मजूमदार, शशिकांत सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, रणधीश कर्ण ने गुरूवार को पीड़ित मालती देवी के परिवार को समिति के सहयोग से भरपूर खाद्य सामग्री एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया।

## फरार वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

डोमचांच (कोडरमा)। थाना संख्या जीआर 1259/17 ठइह के वारंटी लक्ष्मण यादव उम्र 48 वर्ष पिता स्व. मिटा महतो ग्राम बिरजामू थाना डोमचांच जिला कोडरमा निवासी एवं रळ संख्या 102/14 एवं कोडरमा थाना कांड संख्या 230/13 धारा 414 आईपीसी एवं 3 /4 /5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के वारंटी रंजीर कुमार मेहता नावाडीह डोमचांच निवासी को डोमचांच पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने उड़ीसा ट्रेन हादसे में घायल पति से पत्नी को मिलवाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उड़ीसा ट्रेन हादसे में घायल चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत हुमाजांग निवासी को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राकेश सिंह के दिशा निर्देशन में सचिव प्रज्ञा बाजपेई के पहल पर पत्नी से मिलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडीजे के पास 4 जून 2023 देर रात्रि राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा फोन से सूचना मिली की ग्राम हुमाजांग, थाना प्रतापपुर, जिला चतरा का एक व्यक्ति उड़ीसा रेल हादसा में घायल है और वहां के अस्पताल में इलाजरत है। जिसे उड़ीसा हेल्पलाइन नंबर से संपर्क कर उसके परिवार से मिलाया जय। उसके बाद पीडीजे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सचिव श्रीमती बाजपेई को सूचित किया और सचिव ने तत्काल 4जून को ही प्रतापुर थाना प्रभारी लव कुमार से संपर्क कर घायल के परिवार से मिलकर उड़ीसा हेल्पलाइन नंबर से संपर्क कराने को कहा। जिसपर थाना प्रभारी ने उसी रात उसके परिजनों से मिलकर उड़ीसा हेल्पलाइन नंबर से घायल के पत्नी की बात कराई और 5 जून 2023 को उसकी पत्नी अपने पति से मिलकर काफी खुश हुई। महिला ने जिला विधिक सेवा प्राधिकर तथा प्रतापुर थाना प्रभारी का इस पहल के लिए सभी का अभार व्यक्त किया। इस कार्य में प्रतापपुर के पीएलभी गोविन्द ठाकुर ने भी पहल की।

# लक्ष्य के अनुरूप बच्चों में दक्षता विकास का कार्य किया जायः उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** राजकीय संपोषित +2 उच्च विद्यालय चतरा में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में मूलभूत भाषा गणित की दक्षता विकास हेतु शिक्षकों को साक्षरता एवं संख्याज्ञान कार्यक्रम की बुनियादी आवश्यकताओं पर व उसके क्रियान्वयन हेतु विकसित अधिगम सामग्री पर प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला की शुरूआत उपायुक्त द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया।

जिसके उपरांत कार्यशाला के बारे में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निपुण भारत के साथ बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों को निपुण करने हेतु भारत व राज्य सरकारों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन सतत रूप से किया जा रहा है। इसी कड़ी में झारखंड सरकार द्वारा अपने प्रदेश के शिक्षकों को उक्त कार्यक्रम हेतु प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उपायुक्त अबु इमरान ने शिक्षा की महत्ता बताते हुए कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान बच्चों की विकास प्रक्रिया के महत्वपूर्ण आधार है और इसके क्रियान्वयन में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों का भी बहुत योगदान होता है।

उन्होंने कहा कि विश्वस्तर पर शिक्षा पद्वति के उथान के लिए काफी प्रेरणादायक काम किया जा रहा है ऐसे में हमें अपनी बुनियादी व्यवस्था को और ज्यादा परिपूर्ण बनाने की जरूरत है। कार्यशाला में मौजूद शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान को सुदृढ़ किया जाए। उक्त कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।।

## क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) सहित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने क्रमवार जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) की प्रगति पर बिंदूवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन फेज टू अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा चापाकल मरम्मती हेतु मरम्मत वाहन चलाया जाये। आंगनबाड़ी में खराब पड़े चापानलों की सम्पूर्ण सूची प्राप्त कर तत्परता से उनको सुचारू करने का निर्देश दिया। लोगों को पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए विभाग द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अविक अंबाला समेत अन्य संबंधित मौजूद थे।



# ग्रामीणों के लिए हमेशा खुला है राजभवन का दरवाजा : सीपी राधाकृष्णन

## राज्यपाल ने लातेहार के उदयपुरा व मतनाग में ग्रामीणों से किया संवाद, कहा- भारत का विकास करना है, तो गांव से करनी होगी शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता


गार्ड ऑफ ऑनर लेते राज्यपाल।


ग्रामीणों के साथ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।


धनबाद हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजन को लाभ प्रदान करते राज्यपाल।

**लातेहार।** पलामू के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का गुरुवार को लातेहार में भव्य स्वागत हुआ। लातेहार जिला आगमन पर उपायुक्त भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन की अगुवाई में जिला प्रशासन द्वारा चंदवा के अमझरिया घाटी से काफिल की अगुवाई की गयी। लातेहार पहुंचने के बाद राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद राज्यपाल ने परिसदन भवन में आयोजित कार्यक्रम में बीते दिनों धनबाद में रेलवे निर्माण कार्य के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से जान गंवाने वाले दिनेश भुईयां व संजय भुईयां के परिजनो को मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया।

इसके पूर्व पलामू डीआइजी राजकुमार लकड़ा, डीसी भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन, डीएफओ रौशन कुमार, लातेहार एसडीओ शेखर कुमार, लातेहार झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, जिला सचिव शमशुल होदा व अन्य ने महामहिम को पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।

इससे पहले निर्धारित कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड के उदयपुरा गांव के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पहुंचे, जहां ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। उदयपुरा पहुंचने के बाद ग्रामीणों द्वारा राज्यपाल का झारखंडी रीति-रिवाज में परंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत उन्होंने ग्रामीणो के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारे लिए बहुत बड़ा दिन है कि आपके छोटे से गांव उदयपुरा में आने का मौका मिला है। मैं भी तमिलनाडु के एक छोटे से गांव से आता हूं, मैं समझ सकता हूं कि गांव के बारे में। आज मैं आप सभी ग्रामवासियों के बीच आप लोगों से संवाद करने आया हूं। यहां उदयपुरा गांव विकास की ओर आगे बढ़ता जा रहा है। अपनी विभिन्नताओं के बावजूद हम सभी किसी न किसी रूप से जुड़े हुए हैं। हमें अपनी जरूरत के विषयों में एक साथ होकर के कार्य करना चाहिए। जब कार्य एक साथ मिलकर करेंगे, तभी हम अपने गांव का विकास कर सकते हैं। हम सभी को एक आवाज में प्रशासन के समक्ष अपनी बात को रखना चाहिए। जैसा कि आप देख रहे हैं, उदयपुरा के छोटे से गांव में सभी लोग एक साथ मिलकर बैठे हैं। इससे पता चलता है कि कैसे भारत में सभी लोग एक समान हैं।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा, जब मैंने शपथ लिया था, तभी सोच लिया था कि लोगों को राजभवन नहीं जाना पड़े, बल्कि राजभवन लोगों के पास पहुंचे। आप सभी के लिए राजभवन का दरवाजा हमेशा खुला है। आप राजभवन आ सकते हैं। किसी प्रकार की कोई रुकावट नहीं है। आप अपनी बात आजादी के साथ रख सकते हैं। आज मुझे बहुत खुशी हुई कि मैं आपके गांव आया हूं। यदि भारत का विकास करना है, तो हम लोगों को गांव से शुरुआत करनी होगी, जैसे उदयपूरा गांव। यदि उदयपुरा जैसे छोटे-छोटे गांव विकसित होंगे, तो पूरा प्रखंड और प्रखंड के बाद राज्य और फिर पूरा देश विकास होगा।

उन्होंने कहा, जैसा कि हम सभी लोग जानते हैं कि हमारा भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में पांचवें स्थान में आता है। और, इस चीज का लाभ तभी पता चलेगा, जब गरीब से गरीब व्यक्ति अपने जीविका में सुधार महसूस कर पायेगा। इन सभी का लाभ सबसे निचले स्तर के व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा कर्तव्य है।

राज्यपाल ने कहा, 1998 तक हमलोगों को भुखमरी देखने को मिली थी। तभी हमारे महान नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने सपना देखा था, कि भविष्य में कोई व्यक्ति भूखा ना मर सके। 1998 से लेकर अब तक भारत में किसी प्रकार की भुखमरी नहीं है। कोविड महामारी के दौरान बहुत सारे देशों में भुखमरी की स्थिति रही। लेकिन, अत्यधिक जनसंख्या होने के बावजूद भी हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी वर्ग के सभी लोगों के बीच राशन वितरण करवाया और महामारी में भी किसी भी व्यक्ति को भुखमरी का शिकार नहीं होने दिया।

उन्होंने आगे कहा कि सौभाग्य से आप सभी को अच्छा जिला प्रशासन मिला हुआ है। आप अपनी सभी आवश्यकताओं के लिए जा सकते हैं और अपनी जरूरतों के हिसाब से बात कर सकते हैं। अपनी योजनाओं को बताकर संचालित विकास योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।


टॉपर को सम्मानित करते राज्यपाल।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा, माताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार की दो योजना है। इनमें नल जल योजना मिशन के तहत सभी घरों में पीने का पानी पहुंचाया जाना है। नल जल योजना के तहत 87 परसेंट घरों तक पानी पहुंचाया जा चुका है। जिन घरों में अभी तक पानी नहीं पहुंचा है, वहां बहुत जल्द पानी पहुंचाया जायेगा। इससे माताओं व बहनों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा। दूसरी योजना में उज्ज्वला योजना के तहत सभी माताओं को गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, जिससे कि माताओं को धुएं से राहत मिल सके। एक जमाना था जब शहरों में ही गैस सिलेंडर देखने को मिलता था, लेकिन आज हर घर में उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर देखने को मिलता है। सिलेंडर मिलने से माताओं को समय बच रहा है और वह पूरी तरह से अपने बच्चों पर ध्यान दे रही हैं।

इस दौरान राज्यपाल ने ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति विशेष जोर देने की बात कही। उन्होने कहा कि गांव समाज शिक्षित होगा, तभी समाज का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक मात्र ऐसे शस्त्र है, जो समाज को सही राह दिखाता है।

## नीलांबर-पीतांबर का राष्ट्र के प्रति समर्पण अविस्मरणीय : राज्यपाल

खबर मन्त्र संवाददाता


नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान राज्यपाल।


मतनाग में पौधरोपण करते राज्यपाल।

**लातेहार।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने लातेहार के मतनाग में कहा कि यह वीर नीलांबर-पीतांबर की भूमि है, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत से देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया था। वीर नीलांबर-पीतांबर का साहस व राष्ट्र के प्रति समर्पण अविस्मरणीय है। उन जैसी विभूतियों का संघर्ष का ही प्रतिफल है कि आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था से आगे है।

उन्होंने कहा कि देश की इस अर्थव्यवस्था का ही परिणाम है कि गांव में विकास की किरणें पहुंच रही हैं। गांव-गांव में निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। इस अर्थव्यवस्था का ही परिणाम है कि प्रधानमंत्री जी द्वारा किसानों को हर वर्ष उनके खाते में 6,000 की राशि सीधे दी जा रही है। लोगों को विभिन्न योजनांतर्गत पेंशन मिल रही है, चिकित्सा सुविधा के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजना संचालित हैं। आने वाले वर्षों में हर किसी की अपनी छत होगी। राज्य में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय के साथ एकलव्य विद्यालय आदि मौजूद हैं। झारखंड में 68 एकलव्य विद्यालय स्वीकृत किये गये हैं, जो पूरे देश में किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक है। राज्यपाल ने कहा कि हम लोग विभिन्न क्षेत्र के हो सकते हैं, विभिन्न भाषा के हो सकते हैं लेकिन बात ग्राम के विकास की हो तो सबको एक होना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें। उन्हें उच्च शिक्षा हासिल कराने के लिए आपको प्रयत्नशील रहना चाहिए। इसके पूर्व राज्यपाल ने लातेहार-पलामू मार्ग अवस्थित नीलांबर-पीतांबर तोरण द्वार में शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर के स्मारक स्थल में पूजा-अर्चना की एवं वहां अवस्थित नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये व अपने हाथों से पौधे लगाये।

## राज्यपाल को लातेहार की जनता की समस्याओं से कराया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता


राज्यपाल को समस्याओं से अवगत कराते ग्रामीण।

**लातेहार।** लातेहार की पावन धरती पर गुरुवार को राज्यपाल का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए लातेहार के नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा द्वारा जनता की समस्याओं को अपने आवेदन के माध्यम से राज्यपाल के समझ रखा। इसमें कहा गया है कि नगर पंचायत अंतर्गत रहने वाले लोगों को सुविधा के नाम पर भारी भरकम टैक्स की वसूली की जा रही है जो बहुत ज्यादा है। मेसो क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए होल्डिंग टैक्स कम किया जाये।

आवेदन में कहा गया है कि बेसहारा घर से परित्यक्त एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त जीवन-यापन एवं अन्य सुविधाए उपलब्ध कराने हेतू शेल्टर हाउस की व्यवस्था कराई जाए अथवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासिय व्यवस्था एवं देख-रेख तत्काल उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही अपने आवेदन के माध्यम से कहा की अंचल कार्यालय, लातेहार, आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त है जिस से संबंधित देखा जाय तो अंचल कार्यायल, लातेहार द्वारा अवैध रूप से ग्राम डुरुवा के खाता में 7.33 एकड़ जमीन की बंदोवस्ती अनाधिकृत व्यक्ति के नाम से की गई बाद उसके उक्त जमीन की 198 एकड़ की जमाबंदी प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी रखी गयी हैं और जांच कराये जाने की मांग की गयी है।

### जागरूकता लाने की जरूरत : राज्यपाल

लातेहार। परिसदन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड एक धनी राज्य है, लेकिन यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। खनिज पर आधारित उद्योग धंधों का अभी तक विकास नहीं हो पाया है। नक्सलवाद पहले से कम हुई है लेकिन इस क्षेत्र मे अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि वे झारखंड भ्रमण पर हैं। अधिकांश जगहों पर भूमि विवाद का मामला सामने आ रहा है। लोगों में जागरूकता लाने की दरकार है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिले, इसके लिए सामूहिक प्रयास किया जाना चाहिए।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने आरक्षण की मांग को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता


राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते ओबीसी मोर्चा के लोग।

**लातेहार।** लातेहार के मतनाग में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के शिष्टमंडल ने महामहिम से मुलाकात की। इस दौरान शिष्टमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर लातेहार जिले में ओसीबी आरक्षण शून्य होने के कारण ओबीसी समाज के युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय से अवगत कराया।

ओबीसी मोर्चा के सत्येंद्र कुमार यादव ने खुले मंच से राज्यपाल से लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण नहीं होने के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला बनने से पूर्व पलामू जिला में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता था। 2001 में लातेहार जिला बनने के पश्चात लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया गया, जबकि यहां पर ओबीसी की आबादी लगभग 50% है यहां के ओबीसी वर्ग के साथ घोर अन्याय है। झारखंड के 13 मेसो क्षेत्र जिले में से 6 जिले में ओबीसी आरक्षण दे दिया गया है फिर लातेहार जिला के ओबीसी के साथ यह अन्याय क्यों?

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में है और मैं इस मामले को उच्च स्तर पर रखकर बात करूंगा। निश्चित रूप से ओबीसी,एससी व एसटी को उनके जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए इस पर मैं निश्चित रूप से काम करूंगा। उसके पश्चात महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, ,सत्येंद्र कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, प्रमोद कुमार यादव, कन्हाई यादव, नेपाल यादव, विकेश कुमार यादव, अख्तर अंसारी, रामप्यारी यादव, सूरज यादव, अरविंद यादव, राजेंद्र यादव, निर्मल यादव, सत्येंद्र यादव, बालदेव यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### डीडीटी का किया गया छिड़काव



**बारियातू।** बदलते मौषम से बढ़ते मच्छर के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार डीडीटी का छिड़काव कराया गया। प्रखंड क्षेत्र के शिबला, मकरा, भाटचतरा, कुश्माहा, झिरमतकोम, सहित अन्य गांवों में बढ़ रहे मच्छर के प्रकोप को कम करने के उद्देश्य से घर-घर जाकर डीडीटी दावा का छिड़काव करवाया गया। जहां स्वास्थ्य उपकेंद्र मकरा के सहिया किरंती देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि डीडीटी दावा छिड़काव मक्खी, मच्छर, कीड़े मकोड़े, शलभ तथा कृषि पिड़को को मारने के लिए किया जाता है। यह मुख्यता: मलेरिया फैलाने वाले ऐनोफिलीज मच्छर तथा टाइफस वाहक जुओं को समाप्त करने में प्रभावकारी हैं। छिड़काव कर्मी भुनेश्वर राम, कार्तिक कुमार, महेंद्र गंझू, राजेश गंझु, रोहन कुमार रवि, गणेश यादव डीडीटी दावा छिड़काव करने मे मुख्य रूप से भूमिका निभा रहे है।

### बिजली विल ऋणमाफी योजना को लेकर चकला में शिविर आज

**चंदवा।** प्रखंड के चकला सचिवालय में शुक्रवार को सुबह 10 :00 बजे बिजली ऋण माफी योजना के तहत चकला पंचायत सचिवालय भवन में ऋण माफी योजना के तहत बिजली बिल जमा करने का शिविर लगाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुये पंचायत की मुखिया रंजीता एक्का ने ग्रामीणो से आग्रह किया है कि जिनका भी बिजली बिल बाकी है, इस शिविर में उपस्थित होकर अपना बकाया बिल जमा करेंगे। अगर किन्ही को बिजली से संबंधित कोई समस्या होगी तो बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो उनकी समस्याओं को निराकरण भी निकालेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित टमटमटोला पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रमेश साहू 40 वर्ष पिता शिवनारायण साव ग्राम हेसला थाना बारियातु निवासी अपने घर से बालूमाथ की ओर आ रहा था इसी दौरान टमटमटोला स्तिथ पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया और फरार हो गया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डॉ सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। उसके बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बसिया ग्राम के समीप साइड लेने के क्रम में ट्रक के चकमे से एक बाइक सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शमशेर अंसारी 45 वर्ष पिता ऐनुल अंसारी ढूरुवा लातेहार से तेतरियाखाड़ कोलियरी जा रहा था। तभी बसिया ग्राम के पास एक ट्रक के चकमे से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद अरबिंद कुमार बालूमाथ निवासी ने घायल युवक युवक की मदद करते हुए उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। डॉ सुरेश राम की देखरेख में घायल का प्राथमिक उपचार किया गया।

### बाइक से गिर कर दो जख्मी

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर गुरुवार को बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बाशुदेव यादव 21वर्ष पिता स्व०नारद यादव पांकी निवासीऔर रंजीत यादव 25वर्ष पिता रामकिशुन यादव ग्राम डबरा लेस्लीगंज निवासी दोनो एक बाइक में सवार होकर चंदवा स्तिथ नगर मंदिर जा रहे थे । इसी दौरान सिकिद,लावागड़ा ग्राम के पास तीखे मोड में अनियंत्रित होकर गिर पड़े। और गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार किया गया।

## साल्वे पंचायत में बीडीओ सह सीओ की मौजूदगी में मना कार्य दिवस


कार्यदिवस पर मौजूद अधिकारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** उप विकास आयुक्त सह कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद लातेहार के निर्देश पर गुरुवार को बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में साल्वे पंचायत सचिवालय परिसर में मुखिया राजीव भगत की अध्यक्षता में कार्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित रोजगार सेवक नईम खांन, जल सहिया ममता देवी, सुनिता देवी, माया देवी, मेनका देवी, आशा देवी, संजु देवी, व पीएम आवास लाभुक एंव ग्रामीणों को पंचायत सेवक रामदेव नगेशिया ने कहा कि पंचायत मे अब भी 22 पीएम आवास का कार्य अर्द्धनिर्मित है। लाभुकों से मिल कर निर्माण कार्य मे हो रही परेशानी को देखते हुए मदद कर एक सप्ताह मे पूर्ण कराने की सहमति बनाई गई। वही मुखिया श्री भगत ने कहा कि आवास निर्माण मे सीमेंट, छड़, सहित अन्य सामग्री की परेशानी हो रही है तो इसकी जानकारी दें हर संभव मदद की जाएगी। मौके पर समाज सेवी मुकेश गंझु, मो शमीम, सहित कई लाभुक मौजूद रहे।

## भाजपा नेता गणेश मिश्र पहुंचे लातेहार, संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा, कहा

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिले

खबर मन्त्र संवाददाता


लातेहार में भाजपाइयों से मिलते गणेश मिश्र।

**लातेहार।** भाजपा नेता गणेश मिश्र गुरुवार को लातेहार पहुंचे। वरिष्ठ भाजपा नेता मोती प्रसाद सोनी के आवास पर श्री मिश्र ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किए।

मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोती प्रसाद सोनी ने उन्हें बताया कि भाजपा कार्यकर्ता आगामी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र पर भाजपा प्रत्याशी की रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत होगी। वहीं विधानसभा चुनाव में लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की जीत तय है।

मौके पर गणेश मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिले, इसके लिए सभी नेता और कार्यकर्ता तत्पर रहें। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र प्रसाद समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## हिसीम और खुदीबेड़ा में लाभुक का चयन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत हिसीम पंचायत के ग्राम खुदीबेड़ा एवं हिसीम में 15वे वित्त आयोग के तहत स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु स्थानीय मुखिया बबीता देवी की अध्यक्षता में लाभूक समिति का गठन किया गया। ग्राम हिसीम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मैं शौचालय निर्माण हेतु सरोज कुमार महतो एवं खुदीबेड़ा गांव में आंगनवाड़ी भवन की मरम्मत हेतु सीमा कुमारी को लाभुक समिति के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चयन किया गया। मौके पर पंचायत सचिव भगतु तूरी, रोजगार सेवक अखिलेश्वर रजवार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दुकान की छप्पर तोड़ कर नकद और मोबाइल की चोरी

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र स्थित लालचौक के दुकानदार चोरी की घटना से दहशत में हैंए पिछले एक माह के दौरान 8 दुकानों के छत का चदरा उखाड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। 06 जून की रात अपराधियों ने लालचौक स्थित आनंद शर्मा की इलेक्ट्रॉनिक दुकान के पीछे का चदरा उखाड़कर लगभग एक लाख कीमत की मोबाइल सहित अन्य समानों की चोरी कर लीए 07 जून की सुबह जब आनंद शर्मा दुकान खोलने पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना पर बोकारो थर्मल थाना के पुअनि अमित कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और जांच कीए इधरए थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहान ने कहा कि एक टीम का गठन कर संभावित जगहों पर छापामारी की जा रही है।

## प्रवासी मजदूर की मौत परिजनों ने लगायी न्याय की गुहार

**बेरमो/कथारा।** कथारा क्षेत्र के बांध पंचायत एमहली बांध निवासी कुलदीप कर्मा सिंह पिता रामेश्वर सिंह उर्फ घोचा सिंह का पुत्र रोजगार के वास्ते बेंगलुरु जा रहा था। उसी क्रम में तमिलनाडु के जोलार पेंट रेलवे जंक्शन में ट्रेन हादसा मे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसा 7 जून को दिन के करीबन 10 से 11 बजे का बताया जा रहा है। यह मृतक किसी ठिकेदार के यहां सरिया शटरिंग का काम करता था ठेकेदार का नाम सहदेव राणा जो बनासो हजारीबाग के रहने वाला है। ठेकेदार ने चार हजार भाड़ा के तौर पर दिया था आने जाने के लिए। मृतक के परिवार का कहना है कि मेरे बेटे का डेड बॉडी को घर पहुंचा दिया जाए, जिससे हमलोग उसका अंतिम संसकार कर सकें। साक्ष्य के तौर पर मृतक का आधार कार्ड, रेलवे टिकट आदि साथ मे उपलब्ध है।

## गोमिया चौक पर दुकान और आवासों की हुई मापी

**बेरमो।** गोमिया सीओ संदीप अनुराग टोपनो के निर्देश पर 07 जून को अंचल कार्यालय के कर्मचारियों ने गोमिया मोड़ पर अतिक्रमण की नापी की गई। इस दौरान गोमिया- कथारा रोड में बनी दुकानों व आवासों की नापी कर चिन्हित किया गया। अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी कैलाश यादव ने बताया कि अंचलाधिकारी के निर्देश पर अतिक्रमण की नापी की जा रही हैए गोमिया. तेनुघाट-कथारा रोड पर अतिक्रमण के कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और इसी को लेकर अंचल कार्यालय द्वारा नापी की जा रही है। मौके पर अंचल अमीन शिवाजी सिल्वेस्टर मुर्मू सहायक अमीन धीरेंद्र कुमार अंचल गार्ड नरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल की कक्षा नौ का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**बेरमो।** जारंगडीह स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के वर्ग 08 से 50 और वर्ग 09 से 25 परीक्षार्थी जैक बोर्ड द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2023 में सम्मिलित हुए। वर्ग आठ से 92ः और वर्ग नवम से 100ः परीक्षार्थियों ने सफलता प्राप्त कर अपने स्कूलए शिक्षक और माता पिता का नाम रौशन किया है।

# धनबाद : बाइक चोर गिरोह के तीन धराये

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि धनबाद जिले में बढ़ती मोटरसाइकिल चोरी की घटना को लेकर धनबाद पुलिस लगातार नजर बनाये रख रही है ।इसी कड़ी में एक गिरोह का उद्भेदन किया गया है ।छापामारी में तीन अपराधी को गिरफ्तार किया गया है ।जिसमें (1)मन्नू पासवान लोयाबाद, (2) कृष्णा कुमार न्यू कॉलोनी सुदामडीह, (3) रोहित भूईया लोयाबाद को गिरफ्तार किया गया ।छापामारी में चोरी के 8 मोटरसाइकिल, 3 एंड्राइड मोबाइल भी बरामद हुआ है ।एसएसपी ने बताया मोटरसाइकिल चोर गिरोह को लेकर धनबाद पुलिस का अनुसंधान अभी भी जारी है इसमें अन्य अपराधियों को भी पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।



### छापामारी में थे शामिल

इस छापेमारी में संजीव कुमार तिवारी पुलिस निरीक्षक केंदुआडीह अंचल, सुरेंद्र सिंह केंदुआडीह थाना प्रभारी, दीपक कुमार जोगत्ता थाना प्रभारी, विकास कुमार लोयाबाद थाना प्रभारी, जितेंद्र कुमार भौरा ओपी प्रभारी, नंदू कुमार पाल बरोड़ा थाना प्रभारी, हिमांशु कुमार सुदामडीह थाना, महेंद्र कुमार अलकदीहा थाना प्रभारी तथा अन्य लोग शामिल थे।

एसएसपी ने आगे बताया मोटरसाइकिल चोर गिरोह धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी कर जामताड़ा जिले में खपाने का कार्य करते हैं जबकि इस गिरोह में धनबाद जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिले के भी अपराध कर्मियों की संलिप्ता है ।एसएसपी ने बताया जोगता थाना अंतर्गत एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना घटित हुई थी। जिसमें आवेदक द्वारा समर्पित आवेदन के आधार पर जोगत्ता थाना कांड संख्या 18/23 धारा 379 भा द वि अंकित किया गया था ।कांड अनुसंधान के क्रम में गठित टीम के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी के दौरान उक्त अपराधियों की गिरफ्तारी की गई।

## आउटसोर्सिंग संचालक और मजदूरों में मारपीट, कई घायल



**कुमारधुबी/मुगमा।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत कापसारा आउटसोर्सिंग गुरुवार की सुबह रणक्षेत्र में बदल गया। आउटसोर्सिंग संचालक हरिशंकर पांडेय एवं मजदूरों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। मामला बढ़ता देख आउटसोर्सिंग संचालक निरसा पुलिस को सूचित किये। जिसके बाद निरसा पुलिस, गलफरबाड़ी पुलिस एवं सीआईएसएफ की टीम मौके ओआर पहुंचकर मामले को शांत करवाया तथा दोनों पक्ष को थाने में शिकायत करने की बात कही। घटना किले संबंध में जानकारी देते हुए आउटसोर्सिंग प्रबंधक हरिशंकर पांडे ने बताया कि कोयला चोरी को रोकने के लिए उनका अंगरक्षक सुबह में माइंस आया था। क्योंकि माइंस के अंदर से लगातार चोरी की सूचना मिलती रहती है। इसे लेकर मैंने तीन कर्मी जो कि आउटसोर्सिंग में कार्यरत हैं को कोयला चोरी में संलिप्तता लेकर आगाह किया जाता रहा है। फिर भी वे लोग नही माने। आज रंगे हाथ पकड़े गए। जब मेरा स्टाफ उन्हें लेकर ऑफिस की ओर जा रहे थे। इस दौरान उनलोगों ने विरोध करने पर उसे एक दो थप्पड़ मारा होगा। उस चीज का मुद्दा कंपनी के सारे मजदूर एक साथ इकट्ठा होकर हम लोगों पर हमला कर दिया।

## बीआइटी सिंदरी निदेशक को जेयूटी कुलपति बनने पर किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआइटी सिंदरी निदेशक के झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेटीयू) के कुलपति बनने पर निदेशक कार्यालय में गुरुवार को संस्थान के प्रोफेसर समूह ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। उनसे मिलने वाले लोगों का लगातार तांता बना हुआ है। प्रोफेसर समूह में उपस्थित सदस्यों ने बताया कि जेयूटी के कुलपति के रूप में उनकी नियुक्ति उनके अटूट समर्पण, अथक प्रयासों और अकादमिक समुदाय के पोषण और आकार देने में अनुकरणीय दृष्टि का प्रमाण है। प्रोफेसर समूह में प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद, टीओपी हेड प्रोफेसर घनश्याम, डॉ इम्तियाज अहमद, डॉ अरविंद कुमार, डॉ प्रवीण कुमार साहू, प्रोफेसर गुंजन गांधी, प्रोफेसर जगवीर सिंह वर्मा, प्रोफेसर मीनू मंजरी, प्रोफेसर आरके वर्मा, प्रोफेसर जे एन महतो, प्रोफेसर एस सी दत्ता, प्रोफेसर मो अकरम खान, प्रोफेसर पंकज राय, प्रोफेसर जीतू कुजुर, प्रोफेसर स्वाति तोमर, प्रोफेसर आर के नायक, प्रोफेसर डी के तांती, प्रोफेसर बी डी यादव शामिल रहे।

# मध्यस्थता के लिए पहुंचे आठ आवेदन

### मन का मिलन पखवाड़ा

### 14 जून तक चलेगा पखवाड़ा



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद श्री राम शर्मा के निदेशानुसार चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा में गुरुवार को 8 आवेदन प्राप्त हुए। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा में प्राप्त सभी 8 आवेदनों को रिसीव कर मध्यस्था के लिए मीडिएटर के पास भेजा गया। वहीं एक दंपत्ति के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में मध्यस्था कर उनके वाद का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा इसके माध्यम से मध्यस्थता केंद्र में वादी और प्रतिवादी पक्षों को एक सौहार्दपूर्ण वातावरण मुहैया कराकर दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता के आधार पर त्वरित न्याय दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। इससे वादी और प्रतिवादी दोनों ही पक्षों का समय और धन की बचत एवं आपसी संबंध मैत्रीपूर्ण रहता है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में स्थित विधिक सहायता केंद्रों पर कार्यरत पैरा वैधानिक स्वयंसेवकों के द्वारा डोर टू डोर एवं डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से सुदूर ग्रामीण इलाकों में आम जनता तक मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर का जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मन का मिलन पखवाड़ा 14 जून 2023 तक चलेगा।

## धनबाद : बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गुरुवार को जिला स्कूल धनबाद में निपुण भारत मिशन, झारखंड के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री भूतनाथ रजवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री बी एन रजवार ने कहा की आज की कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आप शिक्षकों के सहयोग से हमारे छात्र-छात्राओं में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को रूचिकर तरीकों से विकसित करते हुए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। छात्र छात्राओं के प्रारंभिक कक्षाओं से ही यदि हम उनमें सीखने की प्रवृत्ति विकसित कर देते हैं तो उनकी आगे की शिक्षा सुगम हो जायेगी। कार्यशाला में राज्य प्रतिनिधि, श्री अरको ने पीपीटी के माध्यम से एफ एल एन के लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में निरसा प्रखंड के रामशंकर तिवारी, धनबाद प्रखंड के हरेंद्र सिंह, टुण्डी से अनंत शक्ति, बाघमारा प्रखंड से राजीव कुमार, तोपचाची के बृजकिशोर चौबे एवं बलियापुर प्रखंड के हरिवंश सिंह ने छात्र-छात्राओं में बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों की प्रस्तुति दी। क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारीने कहा कि प्रत्येक विद्यालय के संदर्भ मे एक एफ एल एन योजना के बनाई जानी चाहिए।

## बीएसएल में आरसीसी पथ का उद्घाटन

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के धमन भट्टी के पीछे चार्जिंग रोड को सिविल अभियंत्रण विभाग द्वारा लगभग एक किलोमीटर आर सी सी पथ का निर्माण किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ईडी संकार्य बी के तिवारी ने किया। मौके पर सीजीएम (सेवा) अनिल कुमार सीजीएम धमन भट्टी एम पी सिंहए सीजीएम सीईडी शालिग्राम सिंह एवं सीजीएम ;सिंटर प्लांटद्ध बी के बेहरा उपस्थित थे। सीजीएम शालिग्राम सिंह ने इस निर्मित आरसीसी पथ के लिये एजीएम पी मिंज एवं उनके टीम की सराहना की। इस अवसर पर सीईडी के जीएम आरके पात्रोए एजीएम बीभी चंद्राए मो काशिफए राहुल रंजन सहित सीईडी के अन्य कर्मी व संविदा कर्मी उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### केरल में मानूसन...

और सामान्यतः एक जून से करीब सात दिन पहले या बाद में यह पहुंचता है। **150 साल से अपनी तारीख बदल रहा है मानसून :** आइएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 वर्षों में केरल में मॉनसून की शरुआत की तारीख भिन्न रही है। वर्ष 1918 में केरल में मानसून समय से काफी पहले 11 मई को और 1972 में सबसे देरी से 18 जून को आया था। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून पिछले साल 2022 को 29 मई, 2021 में तीन जून, 2020 में एक जून, 2019 में आठ जून और 2018 में 29 मई को केरल पहुंचा था।

**खेती के लिए सामान्य वर्षा जरूरी :** भारत के कृषि परिदृश्य के लिए सामान्य वर्षा का होना बेहद जरूरी है। कुल कृषि क्षेत्र का 52 फीसदी वर्षा पर निर्भर है ।यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी अहम है। देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में वर्षा आधारित कृषि का लगभग 40 फीसदी योगदान है, जो इसे भारत की खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

### अमित अग्रवाल व दिलीप ...

क्या है मामला : दरअसल फर्जी जमीन मालिक बनकर प्रदीप बागची ने जिस कंपनी के मालिक दिलीप घोष को जमीन बेची थी, उस कंपनी के अघोषित और अप्रत्यक्ष रूप से अमित अग्रवाल का गहरा संबंध है। प्रदीप बागची ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर सेना की जमीन का फर्जी कागजात बनाया था और उस जमीन का खुद को रैयती बताकर दिलीप घोष और अमित अग्रवाल को बेच दिया था। अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने भी महंगी जमीन को कम कीमत में मिलते देखें गलत तरीके से खरीदने का काम किया।

**अबतक की गिरफ्तारी :** सेना की जमीन अवैध तरीके से खरीद बिक्री करने के मामले में रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आइएएस छवि रंजन, बरगायी अंचल के सीआइ, प्रदीप बागची,अफसर अली, इम्तियाज खान, ताल्हा खान, मोहम्मद सद्दाम गोपी की टीम ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन सभी आरोपियों से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर इडी ने बुधवार को अन्य दो आरोपी दिलीप और अमित अग्रवाल को भी अरेस्ट कर जेल भेज दिया है।

### लिव इन पार्टनर...

मनोज ने महिला की हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं किया है। नया नगर पुलिस ने कहा कि सरस्वती वैद्य 36 साल की थी। वह 56 साल के मनोज सहनी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी। दोनों गीता नगर, फेज 7 स्थित गीता आकाशदीप बिल्डिंग के फ्लैट नंबर 704 में किराए पर रहते थे। दोनों तीन साल पहले यहां रहने आये थे।

**सिर्फ पैर के मिले टुकड़े :** पड़ोशियों की शिकायत के बाद जब पुलिस फ्लैट में दाखिल हुई तो वहां एक महिला के पैर मिले। पुलिस ने पूरे घर की तलाशी ली लेकिन पैरों के अलावा कुछ नहीं मिला। पुलिस ने मनोज से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह सरस्वती की पैर है और उसने हत्या करके उसके टुकड़े कर दिये हैं। उसने बताया कि वह बीते तीन दिनों से शव के टुकड़े करके ठिकाने लगा रहा था। मनोज ने सरस्वती का गला दबाकर उसकी हत्या की और फिर आरी से उसके टकड़े किये। निवासियों ने पुलिस को बताया कि साने को पिछले दो से तीन दिनों में इलाके में आवारा कुत्तों को खाना खिलाते देखा गया। पुलिस को किचन में गंदा बदबूदार कुकर भी मिला। जब इसके बारे में मनोज ने दबाया तो पुलिसवालों के भी रोंगटे खड़े हो गए। वह उन टुकड़ों को इसी कुकर में उबालता था। इस बीच पुलिस ने शव को काटने में प्रयुक्त आरी को जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वैद्य 2014 से फ्लैट में मनोज सहनी के साथ रह रही थी। मनोज साहनी राशन की दुकान पर काम करता है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि मनोज और सरस्वति के बीच में अक्सर झगड़ा होता रहता था। पुलिस उपायुक्त जयंत बजबाले ने कहा कि प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि 3 और 4 जून की दरमियानी रात को हत्या को अंजाम दिया गया। आरोपी ने सरस्वती के शव को काटने के लिए बिजली के कटर सहित दो औजारों का इस्तेमाल किया।

### आरबीआइ ने दी ...

रेपो रेट का इएमआइ पर ऐसे पड़ता है असर

रेपो रेट वह दर है जिस पर आरबीआई कामर्शियल बैंको को लोन देती है, फिर उसी हिसाब से कामर्शियल बैंक आम लोगों के लोन और डिपॉजिट पर इंटरेस्ट रेट तय करती हैं। अगर रेपो रेट बढ़ता है तो बैंकों के लिए पूंजी की लागत बढ़ जाती है। ऐसे में बैंक लोन पर इंटरेस्ट बढ़ाने लगता हैं। सरल शब्दों में कहे तो आरबीआइ मंहगाई पर काबू पाने के लिए रेपो रेट को एक टूल की तरह इस्तेमाल करती है। आरबीआइ ने नीतिगत दर को यथावत रखा है, इसके चलते रेपो रेट से जुड़ी बाहरी बेंचमार्क उधार दरें (इबीएलआर) भी नहीं बढ़ेंगी। इससे कर्जदारों को कुछ राहत मिलेगी क्योंकि उनकी इएमआइ नहीं बढ़ेंगी। साथ ही बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की दरें भी नहीं बढ़ायेंगे, क्योंकि बैंकों में लिक्वीडिटी की हालत अच्छी है। ऐसा 2000 रुपये के नोट चालू खाते और बचत खाते में जमा करने के कारण हुआ है।

## पीएम आवास व जल संरक्षण को लेकर बैठक

**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिवलीबाड़ी दक्षिण पंचायत भवन में गुरुवार की सुबह पीएम आवास, जल संरक्षण अन्य विषयों को लेकर बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार के साथ मुखिया वार्ड सदस्य जलसहिया सहित अन्य लोगों के साथ बैठक किया गया। इस दौरान बीडीओ ने जल समरक्षण जल बचाव को लेकर सभी को शपथ दिलाई। वही बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि पानी की कितनी समस्या आ रही है,जिसे देखते हुए ही सभी के प्रयास से ही निजात पाया जा सकता है। पानी को बहने ना दे व जितनी हो सके पानी की बचाव की कोशिश करें। ताकि घर पर ही जल संरक्षण कर सकें। वही आने वाले कुछ वर्षों में इस समस्या से हम लोगों को निजात मिल सके।

# जेइइ एडवांस में 600 तक अंक लाने वाले छात्रों को निःशुल्क बीटेक की शिक्षा देगा आइआइटी धनबाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद आइआइटी आइएसएम प्रबंधन ने इस वर्ष बीटेक कोर्स में नामांकन के लिए टॉपर छात्रों को आकर्षित करने के लिए पहल शुरू की है। संस्थान की ओर से जेइइ एडवांस में 600 तक रैंक लाने वाले छात्रों को निःशुल्क बीटेक कराया जायेगा। छात्रों से ट्यूशन फीस, वार्षिक शुल्क, सेमेस्टर फीस, होस्टल व मेस शुल्क भी नहीं लिया जायेगा। इन छात्रों की पढ़ाई संस्थान अपने आइआरडी फंड से करायेगा। हालांकि नामांकन लेने वाले छात्रों को कुछ अहताएं पूरी करनी होगी। हर सेमेस्टर की परीक्षा में नौ सीजीपीए से अधिक ग्रेड प्वाइंट लाना होगा। अगर छात्र किसी सेमेस्टर की परीक्षा में इससे कम अंक प्राप्त करते हैं, तो अगले सेमेस्टर में छात्रों को सभी शुल्क देना होगा। अगर ऐसे छात्रों पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई होती तो अगले सेमेस्टर में उनसे सभी शुल्क लिया जायेगा। इस वर्ष आइआइटी आइएसएम में 14 बीटेक प्रोग्राम के लिए 1125 सीट है।

### 2021 में मिली थी 1000 रैंक से नीचे की ओपनिंग

आइआइटी में अब तक की सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग 2021 में मिली थी। इस वर्ष संस्थान को कंप्यूटर साइंस में जेइइ एडवांस में 907 रैंक से ओपनिंग मिली थी। पिछले वर्ष 2022 में संस्थान की ओपनिंग रैंक 1389 थी। अपने ओपनिंग रैंक को बेहतर बनाने के लिए संस्थान ने छात्रों को यह ऑफर दिया है।

### 19 जून से शुरू हो जायेगी काउंसलिंग

इस वर्ष जेइइ एडवांस का परीक्षा परिणाम 18 जून को जारी की जायेगी। इसके अगले दिन (19 जून) से सभी आइआइटी, एनआइटी, आइआइआइटी के लिए जोसा काउंसलिंग (ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी) 2023 की विंडो खुल जायेगी। जोसा द्वारा बुधवार को शेड्यूल जारी कर दिया गया है ।जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया 19 जून से 31 जुलाई के मध्य छह राउंड में होगी। विद्यार्थी 19 जून से जोसा काउंसलिंग वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन एवं कॉलेज च्वाइस फिलिंग कर सकेंगे। अंतिम तिथि 28 जून को शाम पांच बजे तक है। छह राउंड में ऑनलाइन होगी।

### ऑनलाइन होगी काउंसलिंग

30 जून को पहले राउंड का सीट आवंटन होगा। जिन विद्यार्थियों को पहले राउंड में सीट का आवंटन होगा, उन्हें ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान सीट एक्सेप्टेंस फीस जमा कर डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर अपनी सीट कंफर्म करनी होगी। दूसरे राउंड की सीट का आवंटन छह जुलाई, तीसरे का 12 जुलाई, चौथे का 16 जुलाई, पांचवें का 21 जुलाई को होगा। अंतिम यानी छठे राउंड का सीट आवंटन 26 जुलाई को होगा। इस तरह से काउंसलिंग प्रक्रिया छह राउंड में संपन्न होगी। इसकी फाइनल रिपोर्टिंग 28 जुलाई तक करनी होगी।

## जरीडीह- कसमार से महुआ जागरूकता रथ रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** प्रदान संस्थाए तेजस्विनी महिला संघ एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वाधान में जरीडीह प्रखंड में संचालित जरीडीह तेजस एफपीसी एवं कसमार प्रखंड में संचालित ग्रामीण हरित क्रांति एफपीसी के द्वारा दोनों ही प्रखंडों में अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत श्मडुआ अनाज जागरूकता सप्ताहष की शुरूआत की गई। इस दौरान जरीडीह बीडीओ उज्जवल सोरेन एवं कसमार बीडीओ विजय कुमार ने अपने प्रखंडों से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर प्रचार के लिए रवाना किया। इस दौरान प्रदान संस्था के टीम को-ऑर्डिनेटर जुबा प्रतिम गोगोई ने कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना.सेंट्रल सेक्टर स्कीम के तहत 10 हजार एफपीओ का गठन करने की योजना है। इसी के तहत दोनों ही प्रखंडों में एफपीसी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि मडुआ मधुमेह एवं एनीमिया के रोगियों के लिए काफी फायदेमंद अनाज है। मौके पर तेजस्विनी महिला संघ की अध्यक्ष गायत्री देवी, बिंदिया सिंह, एफपीसी की अध्यक्ष मीना कुमारी, एफपीसी सीईओ अमित कुमार एवं एफपीसी अध्यक्ष सुनीता टुडू, सचिव उर्मिला देवी, कोषाध्यक्ष विभा कुमारी, एफपीसी सीईओ सूरज कुमार, लाल किशोर और प्रदान संस्था से पुष्कर आर्या, अंकित पाण्डेय, पंचानन महतो, राम कुमार, शैलेन्द्र, शोभा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## ऐलान : 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ धनबाद बंद 10-11 को

**धनबाद।** आज धनबाद के प्रेस क्लब में छात्र नेता कुस महतो द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखा गया जिसमें 60 40 हक मार नियोजन नीति को वापस कर खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति लागू करने को लेकर 9 जून को मशाल जुलूस एवं 10 जून और 11 जून को धनबाद बंदी का ऐलान किया। राज्य के वर्तमान 60-40 हकमार नियोजन नीति को लेकर छात्रों में भारी नाराजगी है! छात्रों के द्वारा 60-40 नाय चलतो पूर्व घोषित तीसरा चरण जिसका 9जून दिन शुक्रवार को समय 5 बजे मशाल जुलुस धनबाद श्रमिक चोक रंगाताड से होते हुए रणधीर वर्मा तक होना हैं एवम 10-11 को पूर्ण रुप से धनबाद बंदी रहेगा जिसका ऐलान छात्र नेता कुश महतो ने किया । कुश महतो ने बताया कि इसबार आंदोलन में सैकड़ों छात्र भाग लेंगे ।इस दौरान छात्र नेता कुश महतो, मिठू महतो , सिराज अंसारी , कृष्णा महतो , तापस महतो , देवेंद्र महतो दिनेश महतो आदि सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# कर्नाटक से पैदल चलकर धनबाद पहुंचे कृष्णा

### योग और पर्यावरण संरक्षण का अलख जगाना है उद्देश्य

### 28 राज्यों की पैदल यात्रा का है संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कर्नाटक के मैसूर जिले से योग शिक्षक श्री कृष्णा नायक 9 राज्य का पैदल यात्रा कर आज धनबाद पहुंचे। धनबाद पहुंच कर श्री कृष्णा नायक ने उपायुक्त श्री संदीप सिंह से मुलाकात की। कृष्णा ने उपायुक्त को बताया कि उसने 16 अक्टूबर 2022 को कर्नाटक के मैसूर से पदयात्रा शुरू किया है। 2024 के अंत तक सभी 28 राज्य की यात्रा कर वापस कर्नाटक लौटने का संकल्प है। उन्होंने बताया कि वह एक योगा शिक्षक हैं। अभी सम्पूर्ण भारत में योगा के प्रति लोगों (खास कर युवाओं को) जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान वे कई स्कूलों और कॉलेजों में अपने उद्देश्य को लेकर कई कार्यक्रम भी कर रहे हैं। अभी तक 9 राज्यों की यात्रा वो कर चुके हैं। 2024 तक वो देश के सभी 28 राज्य की यात्रा करने का उनका लक्ष्य है। यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने उपायुक्त से बताया कि वह दिन भर पैदल चलते हैं और रात्रि में विश्राम करते हैं। रात्रि के वक्त वह अक्सर पुलिस स्टेशन, मंदिर, पेट्रोल पंप आदि स्थानों पर रुक कर विश्राम करते हैं। कृष्णा नायक के योगा के प्रति जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य और आगे के सफर के लिए उपायुक्त ने जिला प्रशासन और जिले वासियों की ओर से उनको शुभकामनाएं दी।

# चीन ने ताइवान में की घुसपैठ, छह घंटे में घुसे 37 लड़ाकू विमान

**कुछ लंबी दूरी के टोही प्रशिक्षण विमान पश्चिमी प्रशांत की ओर बढ़ गये और वहीं रहे : ताइवान**

एजेंसी

**ताइपे।** ताइवान को लेकर चीन का जबर्दस्ती वाला रुख एक बार फिर सामने आया है। दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच चीन ने ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ की है। छह घंटे के भीतर चीन के तीस से ज्यादा लड़ाकू विमानों ने ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया है। चीन और ताइवान के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चीन का दावा है कि स्वशासित ताइवान उसका इलाका है और जरूरत पड़ने पर चीन वहां एक दिन में काबिज हो जाएगा। चीनी सेना की घुसपैठ भी तेजी से बढ़ रही है। चीन ने ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र के तौर पर चिह्नित इलाके में घुसपैठ तेज की है, जो पिछले कुछ वर्षों की तुलना में दोगुनी से अधिक हो चुकी है। गुरुवार को चीन ने एक साथ कई बार ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ की। ताइवान के रक्षा मंत्री चिउ कुओ चेंग ने बताया कि छह घंटे के भीतर ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में 37 चीनी लड़ाकू विमानों ने प्रवेश किया है। ताइवान के रक्षा मंत्री के प्रवक्ता सन ली फांग ने गुरुवार को बताया कि स्थानीय समय के हिसाब से सुबह पांच बजे से 11 बजे के बीच चीन के 37 सैन्य विमान ताइवान के दक्षिण पश्चिमी सीमा में प्रवेश कर गए थे। उनमें से कुछ लंबी दूरी के टोही प्रशिक्षण के लिए पश्चिमी प्रशांत की ओर बढ़ गए और वहीं रहे। इससे पहले नौ अप्रैल को करीब 45 चीनी लड़ाकू विमानों ने ताइवानी क्षेत्र में प्रवेश किया था, किन्तु गुरुवार को हुई घुसपैठ बहुत जल्दी हुई। ताइवान की सेना इस पर पैनी निगाह बनाए हुए है। इसके जवाब में गश्ती विमान, नौसैनिक जहाज व भूमि आधारित मिसाइल प्रणालियों को भेजा गया है।




# ममता बनर्जी के भतीजे की पत्नी से इडी ने की पूछताछ

**बंगाल के चर्चित कोयला तस्करी मामले में रुजिरा की बढ़ी मुश्किलें**

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चर्चित कोयला तस्करी मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक की पत्नी रूजीरा से पूछताछ की है। दोपहर 12:30 बजे के करीब वह सीजीओ कंपलेक्स स्थित केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर में पहुंची। उन्हें सुबह 11:00 बजे बुलाया गया था। शाम पांच बजे तक उनसे पूछताछ हुई है। ईडी दफ्तर के बाहर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। सूत्रों ने बताया है कि रूजीरा के पहुंचने के बाद अधिकारी उन्हें अंदर ले गए थे और कई सवालों का जवाब लिए हैं। वह दुबई क्यों जाना चाह रही थीं और विदेश जाने से पहले उन्होंने सारी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की थी या नहीं इस बारे में पूछताछ हुई है। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को अपने दो बच्चों को साथ लेकर रूजीरा दुबई जा रही थीं लेकिन ईडी के नोटिस को आधार बनाकर इमीग्रेशन डिपार्टमेंट ने उन्हें रोक लिया था। उसके बाद एयरपोर्ट पर पहुंचे ईडी अधिकारियों ने उन्हें नोटिस देकर गुरुवार को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा था।



## शिक्षक नियुक्ति मामले में अभिषेक को समन

**कोलकाता।** बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को भी नोटिस भेजा गया है। उन्हें आगामी मंगलवार 13 तारीख को उन्हें बुलाया गया है। ईडी द्वारा बुलाए जाने पर अभिषेक को कार्यक्रम रद्द करना होगा और कोलकाता लौटना होगा। हालांकि अभिषेक नोटिस के बाद क्या करेंगे और कब लौटेंगे इस बारे में उन्होंने कुछ नहीं बताया। ईडी ने हाल ही में भर्ती भ्रष्टाचार मामले में कालीघाट वाले काकू' उर्फ सुजयकृष्ण भद्र को भी गिरफ्तार किया है जो कभी अभिषेक के एक ऑफिस में काम करते थे। उनकी हिरासत 14 जून को समाप्त होने वाली है।

# भारतीयों को बी1-बी2 वीजा का मामला अमेरिकी संसद में उठा

**सीनेटर बॉब मेनेंडेज और इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष माइकल वाल्ट्ज ने 450 से 600 दिनों तक प्रतीक्षा करने की सवाल उठाये**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारतीयों को अमेरिकी वीजा के लिए लंबे समय तक इंतजार का मामला अमेरिकी संसद में उठा है। अमेरिकी सांसदों ने इस सवाल के साथ भारत को अमेरिका का सबसे अहम सहयोगी बताकर इस समस्या के जल्द समाधान की मांग की है। अमेरिकी संसद की फॉरेन रिलेशन कमेटी के चेयरमैन सीनेटर बॉब मेनेन्डेज और इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष माइकल वाल्ट्ज ने संसद में भारतीयों को अमेरिकी वीजा मिलने में होने वाली देरी पर सवाल उठाया। इस दौरान मेनेनडेज ने कहा कि अमेरिकी लोगों के भारतीयों के साथ अच्छे संबंध हैं। भारत अब क्वाड का हिस्सा है और अमेरिका लगातार भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत कर रहा है। इसके बावजूद भारत में अमेरिकी वीजा के लिए लगने वाला समय सबसे ज्यादा है। यह दुनियाभर में अमेरिकी वीजा के लिए लगने वाले औसत समय से भी ज्यादा है। उन्होंने बी1-बी2 वीजा के लिए आवेदन करने वाले भारतीयों को 450-600 दिनों तक प्रतीक्षा करने की मजबूरी पर सवाल उठाए। अमेरिकी सीनेटर माइकल वाल्ट्ज ने कहा कि 21वीं सदी में अमेरिका के भारत के साथ आर्थिक, कूटनीतिक और रक्षा संबंध सबसे अहम हैं। इसके बावजूद भारतीयों को वीजा के लिए इतना लंबा इंतजार कराना तकलीफदेह है।



उन्होंने कहा कि मुंबई में औसत प्रतीक्षा काल 587 दिन हैं जबकि दोनों देशों के बीच 150 बिलियन डॉलर से ज्यादा का व्यापार होता है। वाल्ट्ज ने सवाल उठाया कि अमेरिका इस मसले पर भारत के लिए कोई विशेष नीति बनाने पर विचार कर रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि सिर्फ फ्लोरिडा में भारतीयों को मिलने वाले वीजा में देरी की वजह से करीब 8 बिलियन डॉलर के व्यापार का नुकसान हुआ है और 250,000 नौकरियां प्रभावित हुई हैं।

# दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा : मरांडी

**देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने को समर्पित रहे पीएम नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष**

**सीधी/भोपाल।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विगत नौ वर्षों में जनता के कल्याण और देश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेकों कार्यक्रम, योजनाएं लागू की हैं तथा अद्भुत और अकल्पनीय कार्य किए हैं जिनसे सारी दुनिया में देश का गौरव बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 09 वर्ष का कार्यकाल भारत को महाशक्ति बनाने को समर्पित रहा है। बाबूलाल मरांडी गुरुवार को सीधी में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कोरोना काल में प्रधानमंत्री मोदी ने सूझबूझ के साथ देश का सफल नेतृत्व किया। इसी की बदौलत देश इस वैश्विक महामारी से निपटने में सक्षम रहा। एक तरफ जहां पूरी दुनिया ने कोरोना महामारी के सामने घुटने टेक दिए थे, वहीं भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक नहीं, बल्कि दो-दो स्वदेशी वैक्सीन बनाकर जनता को निशुल्क उपलब्ध करवाई। इतना ही नहीं, बल्कि ये वैक्सीन दुनिया के कई देशों को भी उपलब्ध कराई। कोई व्यक्ति भूखा न रहे, इस ध्येय को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने यूरोप की आबादी से अधिक 80 करोड़ लोगों को निशुल्क अनाज उपलब्ध कराया। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इन नौ वर्षों में दुनिया में भारत की साख बढ़ी है।




# बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का परीक्षण सफल

**सभी मानकों पर खरी उतरी मिसाइल**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने नयी पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का गुरूवार को ओडिशा तट के एक द्वीप से सफल परीक्षण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तट से अग्नि प्राइम का परीक्षण किया और इस दौरान, यह मिसाइल सभी मानकों पर खरी उतरी। अधिकारियों के मुताबिक, विकास चरण में अग्नि प्राइम के तीन सफल परीक्षण के बाद यह मिसाइल को सशस्त्र बलों में शामिल किए जाने से पूर्व इसका पहला रात्रि परीक्षण था, जिसने इसकी सटीकता और विश्वसनीयता पर मुहर लगाई।



उन्होंने बताया कि अलग-अलग जगहों पर क्षैतिज दूरी नापने वाले उपकरण, जैसे कि राडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम सहित दो जहाज तैनात किए गए थे, ताकि मिसाइल के पूरे सफर के आंकड़े एकत्रित किए जा सकें। अधिकारियों के अनुसार, डीआरडीओ और रणनीतिक बल कमान के शीर्ष अधिकारी अग्नि प्राइम के सफल परीक्षण के गवाह बने, जिसने इन मिसाइल को सशस्त्र बलों में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त किया।

## हवा रॉकेट परीक्षण सुविधा पर जल्द की जायेगी घोषणा : इसरो

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि हाइपरसोनिक एयर ब्रीदिंग यान हवा के संबंध में अंतरिक्ष एजेंसी की परीक्षण सुविधा के बारे में जल्द ही एक घोषणा होगी। अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने हालांकि इस बात पर जोर दिया कि इसरो का ध्यान ह्यएयर ब्रीदिंगह्व तकनीक पर नहीं था क्योंकि वह अंतरिक्ष को लेकर ज्यादा काम करना चाहता है। एयर ब्रीदिंग इंजन वे होते हैं जो ईंधन जलाने के लिए आसपास के परिवेश से हवा लेते हैं, जैसे जेट इंजन। इसलिए यह अंतरिक्ष यात्रा के लिए उपयुक्त नहीं है क्योंकि अंतरिक्ष में कोई हवा/वायुमंडल नहीं है।

# भारतीय मूल के वरिष्ठ मंत्री थर्मन सिंगापुर में लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक वरिष्ठ मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम ने इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में लड़ने की गुरुवार को घोषणा की। थर्मन ने 22 साल बाद सक्रिय राजनीति से अलग हटने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वह सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) से इस्तीफा देना चाहते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री ली ह्सियन लूंग को सक्रिय राजनीति से दूर होने और सरकार में अपने सभी पदों को छोड़ने और राष्ट्रपति चुनाव में लड़ने के बारे में सूचित किया। सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव 13 सितंबर तक कराया जाना अनिवार्य है। थर्मन पहली बार 2001 में जुरोंग ग्रुप रिप्रेजेंटेटिव कांस्टीट्यूएंसी (जुरोंग जीआरसी) में संसद सदस्य चुने गए थे।

# अब रेपो दर में कटौती का चक्र शुरू होगा

**उद्योग जगत ने कहा- नीतिगत दर को यथावत रखने से आगे दरों में कटौती का रास्ता खुलेगा**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उद्योग जगत ने उम्मीद जताई है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने के फैसले से आगे दरों में कटौती का रास्ता खुलेगा। मुद्रास्फीति नरम पड़ने के बीच आरबीआई ने गुरुवार को मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है। मई, 2022 के बाद से लगातार छह बार में नीतिगत दर में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि करने के बाद अप्रैल में केंद्रीय बैंक ने इस सिलसिले को रोक दिया था। पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष साकेत डालमिया ने कहा कि इस विराम से वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। हम आर्थिक वृद्धि बनाए रखने और मुद्रास्फीति के दबाव को दूर करने के लिए सरकार और आरबीआई के निरंतर सहयोग की उम्मीद करते हैं।

उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष सुभ्रकांत पांडा ने कहा कि नीतिगत दरों को यथावत रखने की पहले से ही उम्मीद थी। दरों में बदलाव नहीं करके आरबीआई वृद्धि को बढ़ावा देते हुए महंगाई पर लगातार नजर रखे हुए है। एक



अन्य उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि जब मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने पर ध्यान है, तो हमें विश्वास है कि आरबीआई यह सुनिश्चित करेगा कि बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त तरलता बनी रहे और ऋण वृद्धि मजबूत रहे ह्व एसोचैम ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए प्रीपेड रुपे विदेशी मुद्रा कार्ड जारी करने की अनुमति देना, विदेशी मुद्रा बाजार में अधिकृत व्यक्ति के लिए फेमा के अंतर्गत दिशानिर्देशों का सरलीकरण करना और भारत बिल भुगतान प्रणाली को सरल बनाने जैसे अन्य कदमों की भी सराहना की। हाउसिंग.कॉम समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा कि नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला विशेष रूप से रियल एस्टेट क्षेत्र की दृष्टि से अच्छा है। एचबिट्स के संस्थापक शिव पारेख ने कहा कि आरबीआई के फैसले के तत्कालिक प्रभाव उतने नहीं होंगे, लेकिन इससे रियल एस्टेट क्षेत्र में स्थिरता की स्थिति आएगी।

## देश के 43 शहरों में महंगे हुए मकान

**नयी दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष (2022-23) की चौथी तिमाही में 43 शहरों में संपत्ति की कीमतों में वृद्धि हुई है। एनएचबी की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अहमदाबाद में संपत्ति कीमतों में सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत, बेंगलुरु में 9.4 प्रतिशत, चेन्नई में 6.8 प्रतिशत, दिल्ली में 1.7 प्रतिशत, हैदराबाद में 7.9 प्रतिशत, कोलकाता में 11 प्रतिशत, मुंबई 3.1 प्रतिशत और पुणे 8.2 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इन शहरों का एचपीआई बैंकों और आवास ऋण कंपनियों से प्राप्त मूल्यांकन के आंकड़ों पर आधारित है। इसमें चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत वृद्धि हुई।






# ओम राउत-कृति सेनन के किस पर बढ़ा विवाद

**मुंबई।** डायरेक्टर ओम राउत इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म आदिपुरुष को लेकर सुर्खियों में हैं। साउथ के सुपरस्टार प्रभास इस बहुचर्चित फिल्म में श्रीराम की भूमिका निभाएंगे और अभिनेत्री कृति सनोन सीता की भूमिका निभाएंगी। फिल्म आदिपुरुष के फाइनल ट्रेलर के लिए तिरुपति में एक भव्य आयोजन किया गया। इस बार फिल्म की पूरी टीम मौजूद थी, लेकिन वायरल फोटो को लेकर एक नया विवाद शुरू हो गया है। तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में देवदर्शन करने के बाद निर्देशक ओम राउत ने एक-दूसरे को अलविदा कहने के बाद कृति सेनन को किस किया। दोनों उस समय मंदिर परिसर में इस तरह के व्यवहार को लेकर ट्रोल हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश के बीजेपी नेता रमेश नायडू नागोथू ने आपत्ति जताई। इसके बाद अब तेलंगाना के चिलकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी ने भी इस घटना को निंदनीय करार दिया है। चिलकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी ने कहा कि यह बहुत ही घिनौना कृत्य है। यहां तक कि पति-पत्नी भी वहां मंदिर में एक साथ नहीं जाते। आप होटल के कमरे में जा सकते हैं और जो चाहें कर सकते हैं। मंदिर परिसर में इस तरह का व्यवहार रामायण और देवी सीता का अपमान करने के समान है। भाजपा नेता रमेश नायडू नागोथु ने ओम राउत और कृति के वायरल वीडियो पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इतने पवित्र स्थान पर ऐसा व्यवहार कितना उचित है? वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में इस तरह गले मिलना और चूमना अपमानजनक है। यह ट्वीट किया गया था। यह बात भी सामने आई कि कुछ देर बाद ही उन्होंने ट्वीट डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक उनके ट्वीट के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके थे।



## भारत करेगा मिस वर्ल्ड की मेजबानी

**नयी दिल्ली।** भारत 71वें मिस वर्ल्ड 2023 की मेजबानी करेगा। मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। इस अवसर पर मिस वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन की चेयरपर्सन और सीईओ जूलिया मोर्ले ने कहा कि भारत में यह आयोजन कराने का फैसला इसकी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, विविधता को बढ़ावा देने के लिए इसकी प्रतिबद्धता और महिला सशक्तिकरण के लिए इसके जुनून को देखकर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 71वीं मिस वर्ल्ड 2023 में 130 से ज्यादा देशों की प्रतियोगी जुटेंगी। नवंबर एवं दिसंबर 2023 में निर्धारित ग्रैण्ड फिनाले से पहले प्रतियोगियों की छंटनी करने वाले कई राउंड होंगे, जो एक महीने तक चलेंगे।


बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस


## स्पीड न्यूज

### बंगाल में पंचायत चुनाव 8 जुलाई को

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजीव सिन्हा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ग्राम सभाओं के लिए चुनाव एक ही दिन में होंगे और नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 जून होगी। सिन्हा ने बताया कि पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 जून है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 20 जून है। मतों की गिनती 11 जुलाई को होगी। त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति व जिला परिषद शामिल हैं।

### इंडोनेशिया में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी प्रांत पूर्वी जावा में गुरुवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.0 दर्ज की गई। यह जानकारी इंडोनेशिया मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने दी। एजेंसी ने कहा इससे घबराने की कोई बात नहीं है। साथ ही सुनामी का भी खतरा भी नहीं है। स्थानीय समयानुसार भूकंप सुबह चार बजे आया। इसका केंद्र पैकिटान जिले से 117 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और समुद्र तल के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में था।

### भारतीय मूल की प्रोफेसर जोइता होंगी सम्मानित

लंदन। भारतीय मूल की प्रोफेसर जोइता गुप्ता उन दो वैज्ञानिकों में शामिल हैं, जिन्हें प्रतिष्ठित स्पिनोजा पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। इस पुरस्कार को डच नोबेल पुरस्कार के नाम से भी जाना जाता है। नीदरलैंड अनुसंधान परिषद ने बुधवार को इन पुरस्कारों की घोषणा की। जोइता गुप्ता एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय में सतत और पर्यावरण एवं विकास की संकाय प्राध्यापक हैं। उन्हें अपने उत्कृष्ट, अग्रणी और प्रेरक वैज्ञानिक कार्य के लिए पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। अपने शोध में वह न्यायपूर्ण और स्थाई दुनिया पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

### महिला से दुष्कर्म करने वाला बाबा गिरफ्तार

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती में 'बाबा' होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति को इलाज कराने आई एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) गुरुनाथ नायडू ने बताया कि आरोपी की पहचान जिले के दरियापुर इलाके के कुक्सा गांव के संतोष बावने के रूप में हुई है।

### पाक में जीडीपी वृद्धि दर 0.29 प्रतिशत

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मुश्किल दौर से गुजर रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर सिर्फ 0.29 प्रतिशत रहने और मुद्रास्फीति के लगभग 29 प्रतिशत पहुंच जाने का अनुमान सरकार ने जताया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2022-23 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश करते हुए यह संभावना जताई। इस सर्वेक्षण में 30 जून को खत्म हो रहे वित्त वर्ष में राजनीतिक अस्थिरता और अभूतपूर्व बाढ़ के बीच सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा पेश किया गया है।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में 24 की मौत


**सरी पुल।** अफगानिस्तान में उत्तरी सरी पुल प्रांत के सयाद जिले में बुधवार की शाम मिनी बस के खड्ड में गिर जाने से 24 यात्रियों की मौत हो गयी। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता दिन मोहम्मद नजारी ने गुरुवार कोबताया कि लापरवाही से वाहन चलाने के कारण घटित दुर्घटना में 24 लोग अपनी जान गंवा बैठे।

# होटल से लेकर एयरोस्पेस तक फैला है माही का कारोबार !



# बल्ला ही नहीं बिजनेस के मास्टर भी है धौनी

**कुबेर सिंह की विशेष रिपोर्ट**



**महेंद्र** सिंह धोनी उर्फ माही उर्फ रांची के राजकुमार की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स रिकॉर्ड पांचवीं बार इंडियन प्रीमियर लीग की चैंपियन बनी। रोमांचक फाइनल में सीएसके ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराया। हालांकि यह कहा जा रहा था कि धोनी इस सीजन के बाद आइपीएल से संन्यास का ऐलान कर देंगे, लेकिन उनके एक सीजन खेलने के फैसले ने उनके फैंस में जान फूंक दी है। धोनी इस लीग में कुल 250 मैचों में 5082 रन बना चुके हैं। वहीं आइपीएल के 16वें सीजन की बात करें तो उन्होंने 200 से भी अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। धोनी ने बेशक आइपीएल में खेलते रहने का फैसला किया है लेकिन उन्होंने साल 2020 में 15 अगस्त के दिए इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। क्रिकेट के मैदान पर धोनी अपने खेल में कितने माहिर हैं, यह तो हर कोई जानता है लेकिन मैदान से बाहर भी वह कई चीजों के मास्टर हैं। खास तौर से बिजनेस के। यही कारण है कि धोनी भारत के सबसे अमीर स्पोर्ट्समैन में से एक माने जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक धोनी का कुल नेटवर्थ 1 हजार करोड़ से भी अधिक का है।

क्रिकेट से कमाई के अलावा धोनी के कई बड़े बिजनेस भी हैं। वहीं उन्होंने कई बड़े स्टार्ट अप में अपना निवेश भी किया है, जिसमें कपड़े से लेकर होटल और स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की कंपनी शामिल है।

**किन-किन बिजनेस में है धोनी का निवेश और कहां-कहां से होती है कमाई**

## रीति स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कंपनी

महेंद्र सिंह धोनी का रीति स्पोर्ट्स के नाम एक मैनेजमेंट कंपनी में हिस्सेदारी है। इस स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कंपनी के द्वारा के दुनिया के कई बड़े और दिग्गज खिलाड़ियों का मैनेजमेंट का काम संभालती है। साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की अगुवाई करने वाले फाफ डुप्लेसी, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और भुवनेश्वर कुमार रीति स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के क्लाइंट हैं।

## धोनी का फुटवियर ब्रांड

स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कंपनी के अलावा धोनी ने साल 2016 में अपने कपड़े और फुटवियर ब्रांड सेवन को लॉन्च किया था। इस कंपनी में धोनी का पूरा मालिकाना हक है। सिर्फ फुटवियर ही नहीं, धोनी ने फूड एंड बेवरेज में भी निवेश किया है। धोनी ने खाद्य और पेय स्टार्ट अप 7 में भी निवेश किया है। इसके अलावा उन्होंने कॉप्टर 7 के नाम से एक चॉकलेट ब्रांड को भी लॉन्च किया है। यह ब्रांड उनके हेलीकॉप्टर शॉट से प्रेरित है।

## धोनी की फिटनेस कंपनी

धोनी की पहचान दुनियाभर में एक फिट क्रिकेटर के तौर रही है। यही कारण है उन्होंने फिटनेस को बढावा देने के लिए एक चेन की शुरूआत की जिसका नाम धोनी स्पोर्ट्सफिट भी है। देश भर कुल 200 से भी अधिक फिटनेस चेन खुला हुआ है।

## हॉकी टीम के मालिक हैं धोनी

धोनी के सभी फैन को पता है कि वह क्रिकेट से पहले फुटबॉल में गोलकीपिंग करते थे। क्रिकेट के अलावा भी उन्हें अन्य बांकी खेलों में भी खूब रूची रही है। यही कारण है कि उन्होंने हॉकी और फुटबॉल की टीम में अपना निवेश किया है। धोनी इंडियन सुपर लीग के चेन्नईयिन एफसी में फुटबॉल टीम के मालिक हैं। सिर्फ इतना ही नहीं वह हॉकी टीम रांची रेज के सह-मालिक भी हैं।

## धोनी का इंटरनेशनल स्कूल

महेंद्र सिंह धोनी ने बेंगलुरु में एक स्कूल की शुरूआत की है। धोनी के स्कूल का नाम 'एमएस धोनी ग्लोबल स्कूल इंग्लिश मीडियम है'। धोनी के स्कूल के साथ दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने किया है हुआ है जिसमें प्रोग्रामिंग जैसे सिलेबस को पढाया जाता है।

## धोनी का प्रोडक्शन हाउस

धोनी ने फिल्म उद्योग में भी अपना हाथ आजमाया है। धोनी ने एक प्रोडक्शन हाउस की शुरूआत की है जिसका नाम धोनी एंटरटेनमेंट है। उनके प्रोडक्शन के लेट्स गेट मैरिज में पैसा लगाया है। यह के एक तमिल फिल्म है। हाल ही में इस मूवी के पोस्टर को लॉन्च किया गया था।

## फूड कंपनी में किया है निवेश

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शाका हैरी नाम के एक स्टार्टअप में निवेश किया है। यह कंपनी प्लांट बेस्ड प्रोटीन बनाने का काम करती है। शाका हैरी नाम के इस स्टार्टअप में धोनी के अलावा मनु चंद्रा जैसे निवेशक हैं।

## ड्रोन कंपनी में धोनी का निवेश

धोनी ने एक टेक्नॉलॉजी कंपनी में भी निवेश किया है। इस कंपनी का नाम गरुड़ एयरोस्पेस है। इस कंपनी में धोनी के इंवेस्टमेंट के बारे में कोई जानकारी नहीं है। धोनी इस कंपनी में ब्रांड एंबेसडर भी। इस कंपनी का मुख्य काम ड्रोन बनाने का है

## धोनी का क्रिकेट करियर

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी से बड़े खिताब दिलाए हैं। वह भारत के लिए साल 2004 में अपना डेब्यू किया था। इसके बाद वह अपने 16 साल के करियर में कुल 90 टेस्ट, 350



वनडे और 98 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 4876 रन बनाए हैं जिसमें उन्होंने 6 शतक और 33 अर्धशतक लगाए हैं।वहीं वनडे क्रिकेट में उन्होंने 10733 रन बनाए हैं। वनडे क्रिकेट में धोनी ने 10 शतक और 73 अर्धशतक भी जड़ चुके हैं। टी-20 इंटरनेशनल में उनके नाम 1617 रन दर्ज है।

**महेंद्र सिंह धोनी को वर्ष 2007 के सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल-रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।**

**5 अप्रैल 2005 को महेन्द्र सिंह धोनी को पाकिस्तान के विरुद्ध 148 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया ।**

**पाकिस्तान के विरुद्ध 148 रन बनाने पर धोनी भारत के किसी विकेट कीपर द्वारा बनाए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए।**

**31 अक्टूबर 2005 को जयपुर के सवाई मानसिहं स्टेडियम में श्रीलंका के विरुद्ध धोनी ने अविजित 183 रन बनाए जो विश्व के किसी विकेट कीपर द्वारा बनाया गया सर्वाधिक स्कोर था । अतः उन्होंने विश्व कीर्तिमान स्थापित किया और वह मैन ऑफ द मैच चुने गए।**

**19 अप्रैल 2006 को आई.सी.सी. रैंकिंग में (एक दिवसीय मैच में) धोनी को एक नम्बर रैकिंग मिली ।**

**धोनी एक दिवसीय मैचों में एक मैच में 10 छक्के लगाने वाले प्रथम भारतीय खिलाड़ी है।**

**एक दिवसीय मैच में 15 चौके तथा 10 छक्के लगाकर धोनी ने 120 रन बनाने का कीर्तिमान बनाया है**

**एक दिवसीय मैचों की आई.सी.सी. रैकिंग में प्रथम स्थान पर पहुंचने वाले धोनी प्रथम भारतीय क्रिकेटर हैं ।**

**एन.डी.टी.वी. ने उन्हें 2006 के लिए यूथ आइकॉन नामांकित किया ।**

**2007 में बीस ओवर्स की मैच श्रंखला में भारत की टीम महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेली और फाइनल मैच में पाकिस्तान को हराकर विश्व-चैंपियन घोषित हुई ।**

## हजार करोड़ है धोनी की नेटवर्थ

**लगभग** 10 से भी अधिक बिजनेस और स्टार्टअप में निवेश करने वाले धोनी की कुल नेटवर्थ 1030 करोड़ के करीब है। धोनी मौजूदा समय में चेन्नई सुपर किंग्स के सदस्य हैं। इस फ्रेंचाइजी से उन्हें अभी सालाना 12 करोड़ की रकम मिलती है। इसके अलावा एंडोर्समेंट और प्राइज मनी अलग है। वहीं धोनी एक टीवी एड के लिए 3.5 करोड़ से 6 करोड़ तक चार्ज करते हैं। वहीं सब मिलाकर कुल 54 अलग-अलग कंपनियों की एड करते हैं। धोनी ने साल 2011




में उत्तराखंड में एक शानदार घर भी खरीदा था जिसकी कीमत करीब 18 करोड़ है। वहीं उनके पास कई स्पोर्ट्स कार और शानदार बाइक का भी कलेक्शन है। यही कारण है वह नेटवर्थ के मामले में कई भारतीय क्रिकेटरों से काफी आगे हैं।

शुरू में धोनी अपनी फूटबाल टीम के गोलकीपर थे और अपने कोच की सलाह पर वे क्रिकेट में आ गए। अपनी शानदार विकेटकीपिंग के जरिये उन्हें एक लोकल क्रिकेट क्लब (कमांडो क्रिकेट क्लब) में खेलने का मौका मिला जहाँ वह 1995 से लेकर 1998 तक खेलते रहे। वीनू मांकड़ अंडर 16 चैंपियनशिप में उन्होंने शानदार खेल दिखाया. उनकी बैटिंग और विकेटकीपिंग दिन भर दिन बेहतर होता जा रहा था जल्द ही वे बिहार रणजी टीम का हिस्सा बन गए।

2001 में उन्होंने पश्चिम बंगाल के खड़गपुर रेलवे स्टेशन पर टिकेट कलेक्टर की सरकारी नौकरी की हालांकि उनका असली सपना क्रिकेट में जाना ही था। उन्हें सबसे बड़ी कामयाबी तब मिली जब 2003 में उन्हें कठऊकअ अ टीम में चुन लिया गया और वो त्रिकोणीय सीरीज खेलने केनिया गए जहाँ पाकिस्तान की टीम भी आई थी. इस सीरीज में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया. घरेलु क्रिकेट में भी वे शानदार प्रदर्शन करते रहे जिसके चलते 2004/05 में उन्हें बांग्लादेश जाने वाले टूर में शामिल कर लिया गया. अपने पहले ही मैच में वे दुर्भाग्य से शून्य पर रनआउट हो गए। सिंह धोनी के पिता का नाम पान सिंह है जो अल्मोड़ा जिले के तलासलाम गाँव में रहते थे।

उनका गांव अल्मोड़ा की सुंदर पहाडियों में बसा हुआ था जहा तक जाने के लिए कोई सडक नही हुआ करती थी और इसके लिए केवल दुर्गम पहाडियों से ही पैदल जाया जा सकता था। पान सिंह के माता-पिता खेती किया करते थे लेकिन उन्होंने पान सिंह को पढ़ाया था। पान सिंह थोड़े बहुत पढ़े होने के कारण नौकरी की तलाश में लखनऊ चले गये। उसके बाद कुछ समय बिहार रहकर रांची आ गये। शुरूवाती दिनों में उन्हें दिहाड़ी मजदूरी करनी पड़ी थी लेकिन बाद में पदोन्नति हो गयी। **पान सिंह का विवाह नैनीताल में रहने वाली देवकी देवी से 1969 में हुआ था ` महेंद्र सिंह धोनी का जन्म 7 जुलाई 1981 को हुआ था।** महेंद्र सिंह धोनी के एक बड़ा भाई नरेंद और एक छोटी बहन जयंती है। पहली बार कप्तानी करते हुए पहले टी-20 वर्ल्ड कप को जीतने में कामयाब रहे। जिसके इनाम के तौर पर बीसीसीआई ने उनके कांट्रैक्ट को बी से ए ग्रेड कर दिया और उन्हें ओडीआई टीम का कप्तान भी बना दिया, क्योंकि जब तक 2007 के 50-50 वर्ल्ड कप से खफा राहुल द्रविड़ कप्तानी छोड़ चुके थे। इसी तरह 2008 में अनिल कुंबले के टेस्ट से सन्यास के बाद उन्हें फूल टाइम कप्तान बना दिया। उन्होंने बेहतरीन कप्तानी निभाते हुए पहली बार इंडिया को टेस्ट रैंकिंग में नं. 1 बनाया।

## महेंद्र सिंह धोनी की खेल शैली :

उनके विकेटकीपर की अनोखी स्टाइल को कई क्रिकेट विद्वानों ने भी सराहा. और उन्होंने अपनी विकेट कीपिंग से कई विश्व रिकाड्र्स भी बनाये. धोनी एक आक्रमक दाये हात के बल्लेबाज और विकेटकीपर है. धोनी साधारणतः माध्यम वर्ग के बल्लेबाज है लेकिन मैच की दशा और दिशा देखकर वे अपने बेटिंग स्टाइल को बदलते रहते है। क्यू की एक कप्तान की तरह ये उनकी जवाबदारी है। वो एक शक्तिशाली हीटर और सबसे तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाजो में से एक है।



